मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.3 | 17.2 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 17.6 |
| डालटनगंज | 29.4 | 12.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

www.lagatar.in | गुरुवार 07 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 1, अंक : 319 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

## यहां होगी नियुक्ति

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत **बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313** एवं **भूगोल के 195** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक

नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर** और **55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर**

कृषि विभाग अंतर्गत **09 कनीय अभियंता**

## यहां होगी नियुक्ति

खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत **34 खान निरीक्षक**

विद्युत विभाग अंतर्गत **53 कनीय अभियंता**

पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **1,268 कनीय अभियंता** (सिविल)

झारखण्ड सरकार — GOVERNMENT OF JHARKHAND — सत्यमेव जयते

# 2,454

अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

दिनांक: **07 मार्च, 2024 (गुरुवार)**


समय: **12:00 बजे मध्याह्न**

स्थान: शहीद मैदान, धुर्वा, राँची

## श्री चम्पाई सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा



### विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

**झारखंड ब्यूरोक्रेसी का हाल :** कैडर मैनेजमेंट चरमराया, 40 प्रमोटी आईएएस नहीं पहुंच पाएंगे सचिव रैंक तक

# सचिव रैंक के पद पर विशेष सचिव की हुई पोस्टिंग

- *प्रमंडलीय आयुक्त का पद सचिव रैंक का, जिम्मेवारी विशेष सचिव रैंक के अफसर को सौंपी गयी*
- *16 साल की सेवा पूरी होने के बाद आईएएस अफसरों को मिलती है सचिव रैंक में प्रोन्नति*

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड ब्यूरोक्रेसी का कैडर मैनेजमेंट चरमरा सा गया है. जूनियर आईएएस को सीनियर पोस्ट की जिम्मेवारी सौंप दी गयी है. नियमतः प्रमंडलीय आयुक्त का पद सचिव रैंक का होता है, लेकिन इस पद पर विशेष सचिव रैंक के अफसर को पदस्थापित किया गया है. वह भी तीन प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त की जिम्मेवारी विशेष सचिव रैंक के अफसर को दी गई है. सरकार ने विशेष सचिव रैंक के अफसर हरि कुमार केसरी को कोल्हान प्रमंडल का प्रभारी कमिश्नर बनाया है. वहीं विशेष सचिव रैंक के अफसर बालकिशुन मुंडा को दक्षिणी छोटानागपुर का प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त के साथ पलामू प्रमंडल के आयुक्त की भी जिम्मेवारी सौंप दी है. इससे पहले भी विशेष सचिव रैंक के अफसर दशरथचंद्र दास को कमिश्नर की जिम्मेवारी सौंपी गयी थी. दास 29 फरवरी को रिटायर भी हो गए,

### 16 साल की सेवा के बाद सचिव रैंक में होता है प्रमोशन

किसी भी आईएएस की सेवा के 16 साल बाद सचिव रैंक में प्रोन्नति होती है. विशेष सचिव का वेतनमान 1,18,500 से 2,14,100 है. जबकि सचिव रैंक के अफसरों का वेतनमान 1,44,200 से 2,18,200 रुपये होता है. खास कर राज्य सेवा से आईएएस संवर्ग में प्रमोट हुए 29 अफसर अब तक विशेष सचिव रैंक के हैं, जबकि राज्य सेवा से आईएएस संवर्ग में प्रोन्नति पाए सिर्फ दो अफसर ब्रजमोहन कुमार और मनोज कुमार झा ही सचिव रैंक के हैं.

### इन अफसरों का सचिव रैंक तक पहुंचना मुश्किल

| नाम | बैच | रिटायरमेंट की तिथि | नाम | बैच | रिटायरमेंट की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| आलोक त्रिवेदी | 2010 | 31.08.2024 | मनमोहन प्रसाद | 2012 | 31.07.2025 |
| संजय सिन्हा | 2010 | 31.05.2024 | शशि भूषण मेहरा | 2012 | 31.07.2025 |
| हरि कुमार केसरी | 2010 | 30.04.2025 | प्रदीप तिग्गा | 2012 | 31.01.2025 |
| सुमन कैथरिन किस्पोट्टा | 2010 | 30.05.2025 | पूनम प्रभा तिर्की | 2012 | 31.05.2025 |
| बालकिशुन मुंडा | 2010 | 31.01.2025 | कुमुद सहाय | 2012 | 31.12.2026 |
| लालचंद दादेल | 2010 | 31.10.2025 | मनोहर मरांडी | 2012 | 30.04.2026 |
| गायत्री कुमारी | 2010 | 31.03.2024 | ज्ञानेंद्र कुमार | 2013 | 31.08.2025 |
| नेलशन बागे | 2011 | 31.11.2025 | अजय कुमार सिंह | 2013 | 31.07.2025 |
| शशि प्रकाश झा | 2011 | 31.11.2025 | अमल कृष्ण सत्यजीत | 2013 | 30.06.2028 |
| अंजनी मिश्रा | 2011 | 31.12.2025 | अभय नंदन अंबष्ठ | 2013 | 30.06.2026 |
| अंजनी दूबे | 2011 | 30.04.2024 | विधानचंद्र चौधरी | 2013 | 30.09.2026 |
| अमित प्रकाश | 2011 | 31.12.2024 | शैलेंद्र कुमार लाल | 2013 | 30.09.2027 |
| गोपालजी तिवारी | 2011 | 31.11.2026 | राजीव रंजन | 2013 | 31.12.2028 |
| शेखर जमुआर | 2011 | 31.12.2025 | सुनील कुमार | 2013 | 30.04.2026 |
| संजय कुमार | 2011 | 31.07.2026 | सुनील सिंह | 2013 | 31.07.2026 |
| अरविंद कुमार | 2011 | 29.02.2024 | विजय कुमार गुप्ता | 2013 | 31.01.2027 |
| राजू रंजन राय | 2011 | 31.12.2024 | कृष्णा कुमार सिंह | 2014 | 29.02.2026 |
| पवन कुमार | 2011 | 31.12.2025 | सत्येंद्र कुमार | 2014 | 31.11.2026 |
| अनिल कुमार | 2011 | 30.06.2024 | रंजीत कुमार लाल | 2014 | 31.03.2029 |
| अक्षय कुमार सिंह | 2012 | 31.08.2025 | मनोज कुमार रंजन | 2014 | 31.10.2028 |

**44 प्रमोटी आईएएस में से सिर्फ दो ही सेक्रेटरी रैंक में**

वर्तमान में 44 प्रमोटी आईएएस में से सिर्फ दो अफसर ही सचिव रैंक में पहुंच पाए हैं. इनमें 2007 बैच के मनोज कुमार और 2008 बैच के चंद्रकिशोर उरांव शामिल हैं. मनोज कुमार 31 अगस्त 2026 को और चंद्रकिशोर उरांव 31 मई 2024 को रिटायर हो जाएंगे.

**सिर्फ 3 अफसर ही पहुंच सकते हैं रैंक तक**

प्रमोटी आईएएस में से सिर्फ तीन अफसर ही सचिव रैंक तक पहुंच सकते हैं. इनमें 2012 बैच के अफसर अजयनाथ झा, 2011 बैच के प्रभात कुमार और 2012 बैच के ही रवि रंजन कुमार शामिल हैं. इसकी वजह यह है कि अजय नाथ झा की सेवानिवृत्ति की तिथि 31 जनवरी 2029 है. रवि 30 जून 2028 को रिटायर होंगे, वहीं प्रभात का रिटायरमेंट 30 सितंबर 2029 है.

## मेरा तबादला अन्यायपूर्ण हुआ इस्तीफा दे दूंगा : साजिद जफर

**संवाददाता। रांची**



सरकार ने बुधवार को 151 डीएसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला किया. इस लिस्ट में डीएसपी खोरी महुआ के पद पर पदस्थापित डीएसपी साजिद जफर को एसआईएसएफ डीएसपी बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया. इसके बाद उन्होंने सोशल साइट फेसबुक पर एक पोस्ट लिखा है कि स्थानांतरण के अन्यायपूर्ण निर्णय को देखकर मैंने नौकरी से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है. जिंदगी नौकरी से बड़ी है. न्याय अवश्य मिलना चाहिए. जय हिंद.

**पहले भी ट्रांसफर पोस्टिंग पर उठा चुके हैं सवाल :** डीएसपी साजिद जफर ने इससे पहले भी 23 मार्च 2022 को सोशल साइट फेसबुक पर सरकार से पोस्टिंग की गुहार लगायी थी. उन्होंने कहा कि 4 साल से नन फील्ड में हूं. फील्ड में काम करने का मौका दें. डीएसपी के पोस्ट पर कई लोगों ने प्रतिक्रियाएं भी दी थी. उस वक्त सोशल मीडिया पर डीएसपी साजिद जफर ने लिखा था कि 27 अगस्त, 2018 से रेल डीएसपी के रूप में यहां पदस्थापित हूं. यह नन फील्ड पोस्टिंग है. मैं इंतजार कर रहा हूं, एसडीपीओ (फील्ड पोस्टिंग) के रूप में काम करने का मौका मिले, ताकि मेरी ताकत और मेरी कमजोरी का पता चल सके. आशा है कि झारखंड की वर्तमान सरकार अपने कार्यकाल में मुझे जिम्मेदारी निभाने का मौका देगी. जय हिंद..

**खास बातें**

- डीएसपी साजिद जफर ने पोस्टिंग पर सोशल मीडिया पर उठाया सवाल
- कहा- जिंदगी नौकरी से बड़ी है. न्याय अवश्य मिलना चाहिए




## झारखंड के 151 डीएसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला

**रांची।** झारखंड सरकार ने 151 डीएसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला किया है. इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा बुधवार को जारी कर दी गई. जारी आदेश के मुताबिक इनमें से कई ऐसे डीएसपी हैं, जो इंस्पेक्टर से डीएसपी रैंक में प्रोन्नत होने के बाद उन्हें पोस्टिंग नहीं मिली थी. इसके अलावा कई ऐसे भी डीएसपी हैं जो लंबे समय से पोस्टिंग का इंतजार कर रहे थे. इन सभी डीएसपी रैंक के अधिकारियों को पोस्टिंग दी गई है.

### जानें, कौन कहां गए

1. राजभल्लव पासवान : एसआईएसएफ बोकारो
2. लक्ष्मण प्रसाद : सीसीआर देवघर
3. अरुणा मिश्रा : जैप 6
4. प्रमोद सिंह : आईआरबी 1
5. अशोक पासवान : जैप 9
6. अनिल एक्का : एसीबी रांची
7. अटल सांडिल : एसीबी रांची
8. किशोर तिर्की : आईआरबी 9
9. गोवर्धन उरांव : आईआरबी 6
10. अजीत अरुण एक्का : एसीबी रांची
11. सुधीर सुरीन : स्पेशल ब्रांच रांची.
12. मुनू टुडू : एसीबी रांची
13. नलिन कुमार मरांडी : जेएपीटीसी पदमा.
14. अर्जुन पूर्ति : स्पेशल ब्रांच रांची.
15. रफायल मुर्मू : स्पेशल ब्रांच रांची.
16. चंद्रमोहन हांसदा : सीआईडी रांची.
17. रामजी महतो : स्पेशल ब्रांच रांची.
18. अलबिनुस इंदवार : एसीबी रांची.
19. प्रकाश टोप्पो : स्पेशल ब्रांच रांची.
20. अनूप बी पी केरकेट्टा : आईआरबी 9
21. संतोष कुमार : एसटीएफ रांची
22. दीपाली नायक : जैप 10
23. मनोज कुमार सिंह : सीसीआर हजारीबाग.
24. सतीश सिन्हा : सीआईडी रांची.
25. श्रीनिवास सिंह : स्पेशल ब्रांच रांची.
26. जय गोविंद गुप्ता : स्पेशल ब्रांच रांची.
27. रमाकांत तिवारी : सीआईडी रांची.
28. शैलेश चौहान : एसटीएफ रांची.
29. संजय कुमार 2 : झारखंड पुलिस अकादमी.
30. मुन्ना प्रसाद गुप्ता : एसटीएफ
31. रमेश कुमार : स्पेशल ब्रांच रांची.
32. संजय कुमार 3 : जैप 1
33. श्रीनिवास : डीआईजी ऑफिस रांची.
34. राजीव रंजन लाल : स्पेशल ब्रांच रांची.
35. सुनील चौधरी : एसीबी रांची
36. संजीव कुमार 1 : आईआरबी 9
37. रविंद्र सिंह : सीआइडी रांची.
38. विद्या शंकर : आईआरबी 2
39. राज कुमार यादव : सीआइडी रांची.
40. सुधीर चौधरी : स्पेशल ब्रांच
41. कृष्ण मुरारी : स्पेशल ब्रांच
42. आबिद खान :आईआरबी 9
43. शिव प्रकाश : ट्रैफिक डीएसपी रांची.
44. नीरज कुमार : स्पेशल ब्रांच रांची.
45. प्रभाष नाथ मिश्रा : आईआरबी 2
46. राम नारायण चौधरी : डीएसपी खेलारी
47. विजय रंजन कुमार : झारखंड पुलिस अकादमी.
48. मंजू कुमारी : जैप 6
49. सुमन कुमार सुमन : स्पेशल ब्रांच रांची.
50. यदु साव : अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, रांची
51. इंद्रदेव राय : एसीबी, रांची
52. कौशलेंद्र कुमार झा : टी.टी. एस., जमशेदपुर
53. मनोज कुमार ठाकुर : झा.सु.पु., जमशेदपुर
54. राजेश कुमार सिन्हा : एसीबी, रांची
55. भरत राम : सीआईडी, रांची
56. शिवपूजन बहेलिया : एसीबी, रांची
57. दीपक कुमार : विशेष शाखा, रांची
58. झानो हांसदा झा.सु.पु., जमशेदपुर
59. राधे श्याम दास : विशेष शाखा, रांची
60. राजेंद्र प्रसाद रजक : विशेष शाखा, रांची
61. बिनेश लाल : मुख्यालय, गोड्डा
62. राजेंद्र प्रसाद रजक : विशेष शाखा, रांची
63. विश्वनाथ सिंह : आईआरबी 01, जामताड़ा
64. सत्येंद्र प्रसाद : एसआईबी, विशेष शाखा, रांची
65. अशोक कुमार दास : आईआरबी 01, जामताड़ा
66. बनारसी प्रसाद : झा.सु.पु., जमशेदपुर
67. दयानंद आजाद : मुख्यालय लातेहार
68. सुजीत राय : सीटीसी, मुसबनी
69. धर्मदेव पासवान : झारखंड जगुआर, एसीएफ, रांची
70. बालकृष्ण भगत : झारखंड जगुआर, एसीएफ, रांची
71. नोएल भूषण मिंज : स्पेशल ब्रांच रांची.
72. बुधराम उरांव : एसटीएफ
73. नयन सुख दाडेल : जैप 3
74. जय प्रकाश टोप्पो : आईआरबी 2
75. सावना खड़िया : आईआरबी 4.
76. परमेश्वर लेयांगी : जेपीटीसी पदमा.
77. सुलेखा इसाबेला टुडू : जैप 10.
78. गंदरु भगत : स्पेशल ब्रांच रांची.
79. जय श्री कुजुर : रेल जमशेदपुर
80. सुमित सौरभ लकड़ा : डीएसपी मधुपुर
81. चंदन कुमार वत्स : रामगढ़ मुख्यालय
82. पूनम मिंज : जैप 10
83. कपिंद्र उरांव : जैप 5
84. पतरस बिरूवा : जैप 4
85. मजरुल होदा : जैप 8
86. मनीष कुमार : रेल चक्रधरपुर
87. आलोक टूटी : जैप 2
88. अंकिता राय : मुख्यालय 1 गिरिडीह.
89. जय प्रकाश नाग : जैप 2
90. तालो सोरेन : एसआईआरबी 1
91. शशिकांत सुधांशु कुजुर : स्पेशल ब्रांच.
92. अलबिनुस बाडा : जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट.
93. परवेज आलम : एसीबी रांची.
94. अरुण तिर्की : एसीबी
95. नोवेल कुजुर : एसटीएफ
96. प्रदीप पॉल कच्छप : एटीसी
97. अमित कच्छप : मुख्यालय देवघर
98. बेनेडिक्ट मरांडी : आईआरबी 10
99. महावीर शिलांद किंडो : आईजी रेल ऑफिस.
100. श्री राम समद : सीसीआर रांची :
101. अशोक कुमार सिंह : एटीएस.
102. शिवेंद्र : मुख्यालय चाईबासा.
103. विजय कुशवाहा : मुख्यालय साहेबगंज.
104. जितेंद्र कुमार : मुख्यालय पाकुड
105. संजय कुमार : एटीएस
106. समीर तिर्की : मुख्यालय लोहरदगा.
107. नीरज सिंह : खोरी महुआ गिरिडीह
108. आशीष महली : ट्रैफिक बोकारो
109. संजीव मिश्रा : डीएसपी साहेबगंज.
110. विमलेश त्रिपाठी : राजमहल
111. राजेंद्र दुबे : जैप 7
112. अनिल कुमार सिंह : आईजी ऑफिस रांची
113. अवध यादव : मुख्यालय सिमडेगा
114. दिलीप खलखो : पाकुड
115. प्रदीप उरांव : मुख्यालय सराइकेला.
116. नौशाद आलम : छतरपुर पलामू.
117. साजिद जफर : एसआईएसएफ बोकारो
118. नितिन खंडेलवाल : एटीएस
119. संतोष मिश्रा : सराइकेला.
120. अरविंद बिन्हा : एसटीएफ
121. राजा मित्रा : जैप 5
123. जयदीप लकड़ा : मनोहरपुर चाईबासा
124. ओम प्रकाश तिवारी : जैप 2
125. प्राण रंजन कुमार : जैप 8
126. मनीष चंद्र लाल : जैप 7
127. विकास आनंद लागुरी : एसडीपीओ जामताड़ा.
128. डेविड ए डोडराय : जैप 8
129. कुलदीप टोप्पो : जैप 10
130. अनिमेष गुप्ता : सीटीसी मुसाबनी.
131. सुरजीत कुमार : एसडीपीओ बरही.
132. अजय कुमार 2 : एसटीएफ
133. दिल्लू लोहार : आईआरबी 8
134. राजीब कुमार : एसटीएफ
135. अनुज उरांव : सीआइडी
136. किशोर रजक : एसआईआरबी 1
137. विरेंद्र चौधरी : डीआईजी ऑफिस हजारीबाग.
138. अविनाश कुमार : जैप 2
139. अशोक रविदास : डीआईजी ऑफिस कोल्हान
140. अमर पांडे : रांची मुख्यालय 1
141. निशा मुर्मू : एसीबी रांची
142. अभिषेक कुमार : एसआईबी रांची.
143. राजेश कुमार : एसटीएफ
144. नूर मुस्तफा अंसारी : जैप 1
145. नवनीत एंथोनी हेंब्रम : जैप 9
146. शिवशंकर तिवारी : जैप 7
147. आनंद ज्योति मिंज : डीएसपी बाघमारा.
148. मनोज झा : डीएसपी पांकी
149. पवन कुमार 2 : एसटीएफ
150. धीरेंद्र नारायण बंका : रेल धनबाद
151. सतीश चन्द्र झा : जैप 3

**उर्जा विभाग :** 28 लिपिक 3 साल या उससे अधिक समय से एक ही जगह हैं पदस्थापित

# 4 ईई, छह एसडीईओ, 17 जेई व 28 लिपिक सालों से एक ही जगह पर

**कौशल आनंद। रांची**

- *कई लिपिक तो 20-20 साल, 14-14 साल से एक ही जगह पदस्थापित हैं*

ऊर्जा विभाग में चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है. आयोग का निर्देश था कि तीन साल या उससे अधिक समय से कार्यरत या गृह जिला में पदस्थापित अफसरों व कर्मियों को हटाया जाए. सभी विभागों ने राज्य व जिला स्तर पर अफसरों और कर्मियों का तबादला कर दिया, लेकिन ऊर्जा विभाग में दो कार्यपालक, छह सहायक और 17 कनीय अभियंता और 28 लिपिक ऐसे हैं, जिनका तबादला नहीं किया गया, जबकि वे लंबे समय से एक ही जगह पर पदस्थापित हैं. कई लिपिक तो ऐसे हैं, जो 20-20 साल, 14-14 साल से एक ही जगह पर पदस्थापित हैं.

### अधिकारी जो लंबे समय से पदस्थापित हैं

| नाम | कार्यस्थल | कब से |
|---|---|---|
| सुप्रिया मिंज | रांची प्रमंडल | मार्च 2017 |
| सोमर उरांव | धनबाद प्रमंडल | जून 2019 |
| दीपक गाड़ी | रांची कार्य अंचल | मार्च 2017 |
| कमल मुंडा | चाईबासा प्रमंडल | जून 2019 |

### एसडीईओ, जो लंबे समय से पदस्थापित हैं

| नाम | कार्यस्थल | कब से |
|---|---|---|
| सुरेश तिर्की | कांके प्रमंडल | अक्टूबर 2018 |
| जयकांत प्रसाद | रांची चिकित्सालय | अक्टूबर 2018 |
| सुरेंद्र इंदवार | अवर प्रमंडल गिरडीह | अक्टूबर 2018 |
| नीरज कुमार | हजारीबाग प्रमंडल | अक्टूबर 2018 |
| प्रफुल गुप्ता | धनबाद प्रमंडल | मार्च 2017 |
| विजय उरांव | बरियातू प्रमंडल | अगस्त 2019 |

### जेई, जो लंबे समय से पदस्थापित हैं

| नाम | कार्यस्थल | कब से |
|---|---|---|
| जय प्रकाश उरांव | विद्युत प्रशाखा राजभवन | जून 2017 से |
| प्रेमचंद तिग्गा | विद्युत प्रशाखा रिम्स | 03 जून 2017 |
| अभिषेक कुमार | विद्युत प्रशाखा, चाईबासा | अगस्त 2018 |
| घनश्याम प्रसाद | विद्युत प्रशाखा जमशेदपुर | अगस्त 2018 |
| फनिंद्र सिंह | विद्युत प्रशाखा कांके | अगस्त 2019 |
| अमित कुमार | विद्युत प्रशाखा डोरंडा | अगस्त 2019 |
| कौशल किशोर | विद्युत प्रशाखा | अगस्त 2019 |
| धनजंय महतो | विद्युत प्रशाखा, हजारीबाग | जुलाई 2020 |
| शैलजानंद प्रकाश | विद्युत प्रशाखा, डालटनगंज | जुलाई 2020 |
| दीपक रजक | विद्युत निरीक्षणालय, रांची | जुलाई 2020 |
| मिथुन कुमार डे | विद्युत निरीक्षणालय, रांची | जुलाई 2020 |
| सत्यप्रकाश | विद्युत अंचल, रांची | जुलाई 2020 |
| मो इरशाद आलम | विद्युत अंचल, रांची | जुलाई 2020 |
| अजय कुमार सिंह | द्युत अवर प्रमंडल, दुमका | अगस्त 2019 |
| नवीन रंजन | विद्युत कार्य प्रमंडल, धनबाद | जुलाई 2019 |
| विनय कुमार | विद्युत कार्य प्रमंडल, धनबाद | अगस्त 2019 |
| प्रीतम कुमार महतो | विद्युत कार्य प्रमंडल, धनबाद | अगस्त 2020 |

## लोकपाल के आदेश को चुनौती दे सकते हैं शिबू

**रांची/ दिल्ली ।** झारखंड में राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन लोकपाल के उस आदेश को चुनौती दे सकते हैं, जिसमें लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया है. लोकपाल का आदेश आने के बाद कानूनी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है और जल्द ही इस आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल की जा सकती है.

**सीबीआई को छह माह के अंदर प्रारंभिक जांच करने का निर्देश :** दरअसल, सोमवार को लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर फैसला सुनाते हुए सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया था. लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले की प्रारंभिक जांच छह महीने के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया है. इस संबंध में बीजेपी सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी. डॉ निशिकांत दुबे ने राज्यसभा सांसद व झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है.

## हाईकोर्ट ने भू-राजस्व विभाग के सचिव से मांगा जवाब

**संवाददाता। रांची**

- स्वर्णरेखा परियोजना पर 6000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हो गये, प्रोजेक्ट रोका नहीं जाना चाहिए

झारखंड हाईकोर्ट में स्वर्णरेखा बहुद्देश्यीय परियोजना को बंद करने के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. बुधवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार और भू-राजस्व विभाग से मौखिक रूप से कहा कि इस प्रोजेक्ट में अब तक 6000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हो चुके हैं, इसलिए अब इस प्रोजेक्ट को रोका नहीं जाना चाहिए. अदालत ने सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद भू-राजस्व विभाग सचिव को भूमि अधिग्रहण में आ रही समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिया है. अब अदालत इस मामले में अगली सुनवाई 20 मार्च को करेगी. इस संबंध में संतोष कुमार सोनी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है. उनकी ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार व श्रेष्ठ गौतम ने पक्ष रखा.

**लोस चुनाव :** पुलिस मुख्यालय में आज होगी समीक्षा बैठक

## डीआईजी और एसपी करेंगे मंथन

**संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए झारखंड पुलिस द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. इस क्रम में गुरुवार 7 मार्च को सुरक्षा समेत अन्य मामलों को लेकर आईजी अभियान पुलिस मुख्यालय में राज्य के सभी रेंज के डीआईजी और एसएसपी/एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे. इस दौरान सभी जिलों के एसपी अपने-अपने जिले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी तैयारी की जानकारी देंगे.

**नोडल पदाधिकारी दे चुके हैं प्रशिक्षण**

बीते तीन मार्च को राज्य के सभी रेंज आईजी, डीआईजी, एसएसपी/एसपी और डीएसपी को लोस चुनाव को लेकर नोडल पदाधिकारी ने प्रशिक्षण दिया था. लोस चुनाव को लेकर पुलिस को कई तरह की तैयारियां करनी हैं. पुलिस पर सुरक्षा बलों की तैनाती, नक्सलियों पर नकेल के साथ-साथ पीएम की सुरक्षा की जिम्मेवारी है.

**चुनाव आयोग ने जारी किये हैं निर्देश**

लोकसभा चुनाव के दौरान लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति, खासकर नक्सली इलाकों में मतदान कैसे कराया जाये, पिछले दिनों चुनाव के दौरान किस तरह की गड़बड़ियों का सामना करना पड़ा है, किन इलाकों में कौन से नक्सली ग्रुप सक्रिय हैं और उनसे कैसे निपटना है, इस संबंध में चुनाव आयोग ने निर्देश दिये हैं.

### उग्रवादी निवेश कुमार के खिलाफ ईडी ने दाखिल की पीसी

**रांची ।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार के खिलाफ ईडी ने प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दाखिल कर दी है. अपनी पीसी में एजेंसी ने कोर्ट को जानकारी दी है कि निवेश ही दिनेश गोप का फंड मैनेज करता था और पीएलएफआई द्वारा लेवी के रूप में वसूली की गई राशि को अलग-अलग जगहों पर इन्वेस्ट करने में मदद करता था. ईडी की पीसी पर अब कोर्ट संज्ञान ले सकता है. बता दें कि रांची के धुर्वा के रहने वाले निवेश ने दिनेश गोप को खिलौने वाला हथियार दिखाकर उससे ठगी की थी. जांच में यह बात सामने आई थी कि धुर्वा के निवेश कुमार ने पएलएफआई को विदेशी हथियार दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिये. उसने वीडियो कॉल के माध्यम से दिनेश गोप को नकली विदेशी हथियारों की तस्वीर दिखाई थी और उसे यह कहकर पैसे ठगे थे कि उसके पास अत्याधुनिक हथियार है. फिलहाल निवेश न्यायिक हिरासत में है.

- ईडी की पीसी पर अब कोर्ट संज्ञान ले सकता है

**अगले सत्र से डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई हो जाएगी बंद**

## 2000 शिक्षक व 3000 कर्मचारियों पर बेरोजगारी की तलवार लटकी

**रजनीश प्रसाद। रांची**

डिग्री कॉलेज में इंटर पढ़ाने वाले लगभग 2000 शिक्षकों पर बेरोजगारी की तलवार लटकने लगी है. उनके साथ ही डिग्री कॉलेजों में कार्यरत 3000 कर्मचारी भी बेरोजगार हो जाएंगे. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई 2023 से बंद करने का प्रावधान है. इसी नियम के तहत झारखंड में भी डिग्री कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद कर दी गयी थी. शिक्षक और कर्मचारियों के विरोध के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्र 2023-25 में नामांकन कराने का निर्देश दिया था, लेकिन बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं की. इसके अलावा रांची विश्वविद्यालय के गुमला कॉलेज में भी इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं हुई. अनुबंध के आधार पर कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों की नौकरी तो एक सत्र के लिए तो बच गई, लेकिन 2025 से इनकी नौकरी चली जाएगी, ये सभी बेरोजगार हो जाएंगे. अनुबंध के आधार पर इंटर में पढ़ा रहे शिक्षक अवधेश ठाकुर ने बताया कि सरकार हमें समायोजित करे. इतने दिनों तक पढ़ाने के बाद हम कहा जाएंगे. हम शिक्षकों की संख्या 2000 और कर्मचारियों की संख्या 3000 है. इंटर के कर्मचारियों से डिग्री का भी काम लिया जाता है.

**कोई रोड मैप तैयार नहीं :** सत्र 2023-25 में नामांकन के लिए तो सरकार ने निर्देश जारी किया था. इस निर्देश के आधार पर एक विश्वविद्यालय बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद को छोड़ सभी ने नामांकन लिया भी. लेकिन बाद में सरकार या विभाग की ओर से इसके लिए कोई रोड मैप नहीं तैयार किया गया. इस कारण इन डिग्री कॉलेजों में इंटरमीडियट के छात्रों को पढ़ाने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों का भविष्य बेरोजगारी की जद में आ जाएगा.

| विश्वविद्यालय | कांस्टीट्यूएंट कॉलेज | एफिलिएटेड कॉलेज |
|---|---|---|
| बीबीएमकेयू | 16 | 23 |
| कोल्हान विश्वविद्यालय | 15 | 20 |
| नीलांबर पितांबर विवि | 17 | 07 |
| रांची विश्वविद्यालय | 17 | 22 |
| सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय | 16 | 22 |
| विनोभा भावे विश्वविद्यालय | 32 | 16 |

**दो विवि को एफिलिएशन देने का अधिकार नहीं**

झारखंड में 8 विवि हैं, जिनमें 6 विवि एफिलिएशन देनेवाले विवि हैं. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि और जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय को एफिलिएशन देने का अधिकार नहीं है. इसलिए दोनों विवि के अंदर कोई कॉलेज नहीं आते हैं.

## ट्रांसमिशन निगम के वरीय प्रबंधकों का तबादला हुआ

**संवाददाता। रांची**

झारखंड ट्रांसमिशन निगम के वरीय प्रबंधकों का तबादला किया गया है. निगम द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, वरीय प्रबंधक ट्रांसमिशन देवघर-2 को निगम मुख्यालय रांची में पदस्थापित किया गया है. वहीं ललमिटया के वरीय प्रबंधक राहुल कुमार को ट्रांसमिशन प्रमंडल रांची, ट्रांसमिशन प्रमंडल, रांची के अश्विनी कुमार को गुमला, गुमला ट्रांसमिशन प्रमंडल के गौरव कुमार सिंह को निगम मुख्यालय रांची, चतरा ट्रांसमिशन अनुमंडल के सुधीर कुमार को दुमका ग्रिड सबस्टेशन स्थानांतरित किया गया है.

CLASSIFIED












# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

गुरुवार 07 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 319

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





चुनावी समर

# दिग्गजों ने महिला सुरक्षा और आदिवासी सम्मान के मुद्दे उठाए

## लालू एंड फैमिली बिहार के बड़े गुनहगार : मोदी

भाषा। बेतिया (बिहार)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनका परिवार बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार है और उन पर एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राज्य में जंगल राज कायम करने का आरोप लगाया. पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के कुशासन के परिणामस्वरूप बिहार के युवा बड़ी संख्या में पलायन करने के लिए मजबूर हुए और एनडीए के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में चीजें बेहतर दिखने लगीं. जंगल राज के लिए जिम्मेदार परिवार...वे बिहार के सबसे बड़े गुनहगार हैं. उनके कुशासन ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल दिया. युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि केवल एक परिवार समृद्ध हुआ. - शेष पेज 11 पर




## मोदी सरकार में अंबानी-अडाणी की जय है : राहुल

एजेंसी। रतलाम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के रतलाम में एक रैली में पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला. भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान वे मध्यप्रदेश पहुंचे थे. एक रैली में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में अंबानी-अडाणी की ही जय हो रही है. किसी भी बड़ी कंपनी के मालिक आदिवासी नहीं हैं. राम मंदिर के उद्घाटन में आदिवासी राष्ट्रपति नहीं दिखीं, उन्होंने क्या गलती की थी? भाजपा के नेता आदिवासियों को वनवासी कहते हैं. वहीं बदनावर शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो उसकी प्राथमिकता जाति आधारित जनगणना कराने और फसलों के लिए एमएसपी को कानूनी गारंटी बनाने की होगी. जाति जनगणना हरित क्रांति और श्वेत क्रांति जितना बड़ा एक क्रांतिकारी कदम होगा. - शेष पेज 11 पर




## धैर्य-शिष्टाचार को कमजोरी नहीं समझा जाए : ममता

एजेंसी। कोलकाता

बंगाल के धैर्य और शिष्टाचार को उसकी कमजोरी नहीं है.पश्चिम बंगाल के धैर्य और शिष्टाचार को उसकी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए. ये बातें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कही है. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पीएम मोदी के दौरे को आड़े हाथ लिया. उन्होंने बंगाल की अस्मिता के मुद्दे को उठाते हुए लोगों से 10 मार्च को ब्रिगेड में सार्वजनिक बैठक में आने और शामिल होने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि बोहिरागोटो जोमिदारों यानी बाहरी लोगों को 10 मार्च को इसकी याद दिलानी चाहिए. बोहिरागोटो जोमिदारों यानी बाहरी लोगों को 10 मार्च को इसकी याद दिलानी चाहिए. बंगाल की सीएम ने लोगों से 10 मार्च को ब्रिगेड में सार्वजनिक बैठक में आने और शामिल होने का आग्रह किया. इस पोस्ट के जरिये ममता बनर्जी ने बंगाल की अस्मिता का मुद्दा उठाया.




## मैंने भाजपा और पार्टी ने मुझसे संपर्क किया : अभिजीत

भाषा। कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मैं 7 मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं. पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में किस सीट से भाजपा के उम्मीदवार होंगे, इस पर जस्टिस गंगोपाध्याय ने कहा कि मैं जिस सीट से भी लड़ूंगा, इसकी जानकारी आप सभी को जरूर दूंगा. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अच्छे इंसान के तौर पर सराहना भी की. यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने ही भाजपा से संपर्क किया था, उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने संपर्क किया. मैंने भी भाजपा से संपर्क किया, भाजपा ने भी मुझसे संपर्क किया. बता दें कि टीएमसी और कांग्रेस ने उनके भाजपा में शामिल होने पर सवाल उठाये हैं.




## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,900 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

## ब्रीफ खबरें

### शेयर बाजार में उछाल सेंसेक्स 74 हजार पार

**मुंबई।** शेयर बाजार में इस हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन उतार-चढ़ाव नजर आया. लेकिन आखिर में बाजार नई ऊंचाइयों पर बंद हुआ. बुधवार पहली बार सेंसेक्स 408.86 अंकों की बढ़त के साथ 74,085.99 के स्तर पर बंद हुआ. निफ्टी 117.75 अंक उछलकर 22,474.05 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ. रुपया डॉलर के मुकाबले 7 पैसे की मजबूती के साथ 82.83 रुपये (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया.

### पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना कांग्रेस में वापस

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए. यह जेना की पार्टी में वापसी है. उन्हें 2019 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था. जेना ने कहा, मैं शुरू से ही कांग्रेसी हूं. कुछ गलतफहमियां थीं, वो दूर हो गईं. मैंने कांग्रेस नेतृत्व के साथ बातचीत की और अब वापसी कर रहा हूं.

### किसान आंदोलन : 10 तक स्थिति साफ होगी

**नयी दिल्ली।** किसानों के विरोध-प्रदर्शन का बुधवार को 24वां दिन रहा. किसान एक बार फिर से दिल्ली कूच को तैयार हैं. इस बार देश के अलग-अलग हिस्सों से किसानों ने किसान आंदोलन के तहत दिल्ली की तरफ मार्च शुरू कर दिया है. हालांकि दूर दराज से आने वाले किसान दिल्ली नहीं पहुंच पाएं है, उनको दिल्ली आने में अभी भी लगभग दो दिन और लगेंगे. वहीं, किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा है कि 10 मार्च तक स्थिति साफ हो जाएगी.

### एनटीपीसी चट्टी बारियातू कोल माइंस के 30 मीटर की दूरी पर चल रहा है सरकारी स्कूल

# बिरहोर की बस्ती, 250 आबादी 40 बच्चे और 38 कदम पर माइंस

केरेडारी से लौटकर प्रवीण कुमार

*बस्ती का नाम : बिरहोर टोला (पगाड़ गांव)*
*परिवार की संख्या : करीब 45*
*बिरहोर की संख्या : करीब 250*
*माइंस से टोला की दूरी : 38 कदम (करीब 75 फीट)*

यह स्थिति है रांची से करीब 70-75 किमी दूर स्थित नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) की कोल माइंस चट्टी बारियातू की. हजारीबाग जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूरी पर यह कोल माइंस है. बिरहोर परिवार के टोला को पुनर्वासित किए बिना ही एनटीपीसी ने 25 अप्रैल 2022 कोयला खनन का काम शुरू कर दिया. इस बात का खयाल ही नहीं रखा गया कि 30 मीटर की दूरी पर सरकारी स्कूल है और 75 फीट की दूरी पर बिरहोरों की बस्ती. बस्ती और स्कूल कोल माइंस की उत्तरी सीमा पर है. माइंस में जब ब्लास्ट होता है, तो घर व स्कूल हिलने लगते हैं. हेवी ब्लास्टिंग की वजह से उड़ने वाले धूल-गर्दा पूरे गांव में फैल जाते हैं. कहने को तो धूल से बचाने के उपाय किये गए हैं. वह यह कि एनटीपीसी के एमडीओ ऋतिक कंपनी ने हरे रंग की करीब 25 फीट उंची और 200 मीटर लंबी जालीदार तिरपाल लगा दी है. बिरहोर मरें या बचें, इसकी चिंता न तो खनन करने वाली कंपनी को है और न ही जिला प्रशासन को. जबकि पांच किमी की दूरी पर अंचलाधिकारी बैठते हैं और करीब 45 किमी की दूरी पर जिला के डीसी-एसपी और अनुमंडल के एसडीओ. किसी स्तर पर रोक-टोक नहीं. कंपनी को सिर्फ कोयला चाहिए, किसी भी कीमत पर. सबकी जुबान बंद कराके भी. कंपनी ने अब तक वहां सीएसआर के तहत भी कोई काम नहीं कराया है.

## झारखंड में बिरहोर के हालात

**10, 726** बिरहोर ही महज बचे हैं झारखंड में

- बिरहोर बच्चे बताते हैं : हर दिन कई बार हिलती है जमीन
- लुप्तप्राय जनजाति है बिरहोर, सरकार को करना है संरक्षित

**03** साल से चल रही माइंस, स्थानीय विधायक और सांसद ने नहीं ली सुध



बिरहोर टोला के बच्चे जो धमाकों की आवाज से हमेशा डरे रहते हैं. प्रदूषण रोकने के लिए पीछे लगा हरा परदा.

### जिस नदी में नहाते-धोते थे, उसमें डाल दिया डंप

खनन शुरू होने से पहले तक बिरहोर टोला में रहने वाले नहाने-धोने के लिए पास से बहने वाला नाला का इस्तेमाल करते थे. जब से माइंस खुली है, उस नाले में पानी बहना बंद हो गया, क्योंकि नाले में डंप डाल दिया गया. पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए खदान से निकलने वाला गंदा पानी इस्तेमाल करने को मजबूर हैं. बिरहोर टोला की वार्ड सदस्य ममता ने बताया कि माइंस से रात- दिन कोयले की धूल उड़ती है, पूरा गांव प्रदूषण का शिकार हो रहा है. सरकारी अधिकारी को हमारी फिक्र ही नहीं है. न ही किसी नेता को. हमारी जान की कीमत पर सबको फायदा मिल रहा है. उन्होंने आगे बताया, पंचायत के मुखिया 28 फरवरी को गांव में आये थे. वह भी तब, जब टोला के एक 10 वर्षीय बच्ची की मौत खून की उल्टियां करते- करते हो गई थी. अब यहां जीना दूभर हो गया है. कंपनी के लोग हमें शहर में बसाना चाहता है, लेकिन हमलोग वहां जा कर क्या काम करेंगे, अपना जीवन कैसे चलायेंगे.

### बिरहोरों को बसाने का प्रस्ताव भेजा है : सीओ

केरेडारी के अंचलाधिकारी (सीओ) रामरतन वर्णवाल ने जलस्रोतों को डंप से भरे जाने के सवाल पर चुप्पी साध ली. जान-माल को हो रही क्षति पर भी उन्होंने कुछ बी बोलने से इनकार किया. कहा कि मैं कुछ नहीं कर सकता. हमारे अधिकार क्षेत्र में बस इतना ही है कि बिरहोरों को दूसरी जगह बसाने की पहल की है. प्रस्ताव बनाकर मैंने वरीय अधिकारियों को भेज दिया है.

**माइंस से होकर ही आते-जाते हैं :** 28 फरवरी को एक बिरहोर बच्ची की मौत के बाद हमने जब चट्टी बरियातू माइंस से सटे पगार गांव के बिरहोर टोला का जयजा लिया, तो पाया कि बिरहोर परिवार के लोग माइंस से होकर ही गांव से बाहर निकलते हैं. माइंस से करीब 50 मीटर की दूरी पर सरकारी स्कूल है. स्कूल में बिरहोर बच्चे पढ़ते दिखे. हमने उनसे बात की. बच्चों ने बताया कि खदान में जब धमाके होते हैं, तो पूरा गांव हिलने लग जाता है. स्कूल भी हिलने लग जाता है. दिन रात बड़ी-बड़ी गाड़ियां चलती हैं. शोर इतना होता है कि एक-दूसरे की आवाज भी नहीं सुन पाते. विस्फोट से उनका घर भी टूट गया है.

**बिरहोरों ने कहा- प्रशासन भी कंपनी के लिए ही काम कर रहा :** बिरहोर परिवारों का कहना है कि उनलोगों की कोई सुध नहीं लेता. हमारी समस्या की जानकारी बीडीओ-सीओ सभी को है. लेकिन कोई कुछ कर नहीं रहा है. किसी को भी हमारी कोई चिंता ही नहीं. बीडीओ-सीओ भी कंपनी के कर्मचारी बन कर ही कर रहे हैं काम, तो हमें न्याय कैसे मिलेगा.

### झारखंड कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय, 40 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

# 15.36 लाख बच्चों को मिलेगा अंडा

कैबिनेट के फैसले

विशेष संवाददाता। रांची

आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का अंडा वितरण का रास्ता साफ हो गया है. सरकार ने इसमें आ रही समस्या को दूर करते अहम निर्णय लिया. अब खुद आंगनबाड़ी सेविका बाजार से अंडा खरीद सकेंगी. इसके लिए सरकार प्रति अंडा 6 रुपये के हिसाब से सेविकाओं को भुगतान करेगी. इससे राज्य के 38,400 आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष अध्ययनरत 15.36 लाख बच्चों को सीधा फायदा होगा. दरअसल पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने आंगनबाड़ी बच्चों को कुपोषण दूर करने व और उसे पौष्टिक भोजन के तहत अंडा वितरण का निर्णय लिया था. पूर्व सीएम ने घोषणा किया था कि मुर्गी पालन करने वाली ग्रामीण महिलाओं एवं स्वंय सहायता समूहों से लिया जाएगा. मगर जितने संख्या में अंडा चाहिए, वह पूरी नहीं हो पर रही थी. इसके बाद यह योजना कई तकनीकी पेंच में फंस गया. अब जाकर चंपाई सोरेन सरकार ने इसमें परिवर्तन करते हुए खुद सेविकाओं के द्वारा अंडा खरीदने का निर्णय लिया. अब सीधे सेविका अंडा खरीद सकेंगी, इसके लिए सरकार प्रति अंडा छह रुपये देगी. यह निर्णय बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया. बैठक में कुल 40 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गयी.

सरकार ने एक और अहम निर्णय लेते हुए कारखाना अधिनियम में संशोधन किया है. अब सरकार ने उद्योग लगाने के लिए पूर्व लाइसेंस लेने के नियम में बड़ा बदलाव किया है. अब इसकी न्यूनतम वैधता दस वर्ष से घटाकर 1 वर्ष और अधिकतम वैधता बढ़ाकर 15 वर्ष तक कर दिया गया है. अब एक वर्ष के लिए लाइसेंस शुल्क जमा करके लाइसेंस लिया जा सकेगा. इससे झारखंड में उद्योग लगाने में आसानी होगी.

- राज्य के **38,400** आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष अध्ययनरत 15 .36 लाख बच्चों को सीधा फायदा होगा

### उद्योग लगाना अब होगा आसान



### नमक अब फ्री में राशन दुकान से मिलेगा

राज्य सरकार अब नमक वितरण योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना किया है. इसके तहत अब कार्ड धारियों को प्रत्येक परिवार को एक किलो फ्री फ्लो रिफाइन नमक का वितरण करेगी. इसी तरह सरकार ने दाल वितरण योजना का नाम बदल कर मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना किया है. इसके तहत राशन कार्ड धारियों को राशन दुकान से प्रति किलो एक रुपया में दाल देगी.

चर्चा में

### चुनाव के लिए प्रत्याशी की घोषणा से पहले शुरू हो गया था दलबदल का खेल

# दल छोड़ा, दिल तोड़ा, अब टिकट ही नहीं मिला

सत्य शरण मिश्रा। रांची

लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी की घोषणा से पहले दलबदल का खेल शुरू हो गया था. पिछले एक महीने में राज्य के कई बड़े नाम वाले नेताओं ने भाजपा का दामन थामा. इनमें कई पूर्व सांसद-विधायक शामिल थे. एक गीता कोड़ा सांसद हैं, उन्हें तो टिकट मिल गया, लेकिन बाकियों को टिकट नहीं मिला. पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम, ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह, महेशपुर विधानसभा से दो बार भाजपा से चुनाव लड़नेवाले देवीधन टुडू दुबारा भाजपा में शामिल हुए. इससे पहले वर्ष 2022 में पूर्व मंत्री एवं विधायक बड़कुंवर गगराई और चक्रधरपुर के पूर्व विधायक शशिभूषण सामड भी लोकसभा चुनाव लड़ने का सपना संजोए भाजपा में शामिल हुए. गीता कोड़ा को छोड़ सबकी स्थिति यह हो गई है- दल तोड़ा, दिल तोड़ा, टिकट नहीं मिला. ना घर के रहे ना घाट के. पुराने दल वाले पूछ नहीं रहे और जहां गए हैं, वहां वैल्यू नहीं मिला.

### उम्मीदों पर पानी फिरा




- घूरन राम
- बड़कुंवर गगराई
- मलखान सिंह
- शशिभूषण सामड
- देवीधन टुडू

### घूरन ने 15 फरवरी को राजद छोड़ भाजपा का दामन थामा था

- पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम ने 15 फरवरी को राजद छोड़कर भाजपा का दामन थामा. वर्ष 2006 में वह पलामू लोकसभा सीट से सांसद बने थे. वर्ष 2009 में राजद से, वर्ष 2014 में झाविमो से और वर्ष 2019 में राजद से चुनाव लड़ा. तीनों बार हार गए. दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे. इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे का पेंच फंसता देख उन्होंने पाला बदला और भाजपा में शामिल हो गए. चर्चा थी कि सांसद बीडी राम का टिकट कटेगा और उन्हें मिलेगा. लेकिन पार्टी ने वीडी राम को टिकट दे दिया.
- **ईचागढ़ विधानसभा से तीन बार विधायक रहे मलखान सिंह उर्फ अरविंद सिंह भी टिकट की आस में 12 फरवरी को भाजपा में शामिल हुए. ईचागढ़ विधानसभा सीट से वह वर्ष 1999 से 2019 तक हुए सभी विधानसभा चुनाव लड़े. तीन बार जीत मिली. वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की पहले वाली पार्टी झाविमो से भी दो बार वर्ष 2009 और 2019 में चुनाव लड़े. झाविमो के विलय के वक्त वह भाजपा में नहीं आए. जब आए तो लगा इस बार टिकट मिलेगा, पर मिला नहीं. भाजपा ने इस बार भी विद्तयु वरण महतो पर भरोसा जताया.**
- संथालपरगना के महेशपुर विधानसभा सीट से दो बार भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले देवीधन टुडू झामुमो में चले गए थे. सात फरवरी को झामुमो छोड़कर भाजपा में आ गए. राजमहल संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा लिए वे भाजपा में शामिल हुए, लेकिन ताला मरांडी को उतार दिया.
- **वर्ष 2022 में सिंहभूम के दो बड़े नेता बड़कुंवर गगराई और शशिभूषण सामड भाजपा में शामिल हुए थे. सिंहभूम के पूर्व सांसद और वर्ष 2019 में सिंहभूम से भाजपा के प्रत्याशी लक्ष्मण गिलुआ के निधन के बाद सिंहभूम सीट के लिए भाजपा के पास चुनाव लड़ने के लिए बड़ा चेहरा नहीं था.**

### 50 वर्ष की उम्र से एसटी, एससी व महिलाओं को मिलेगी पेंशन

# राज्य में सर्वजन पेंशन योजना का शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता। रांची

रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में सीएम चंपाई सोरेन ने बुधवार को सर्वजन पेंशन योजना का शुभारंभ किया. इस योजना के जरिये 50 वर्ष की उम्र से एसटी, एससी और महिलाओं को पेंशन मिलेगी. कार्यक्रम में 1 लाख 58 हजार 218 लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी से पेंशन की पहली किस्त की राशि का हस्तांतरण किया गया. मौके पर सीएम ने कहा कि राज्य की आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9500 रुपये और सहायिकाओं को 4750 रुपये हर महीने मानदेय दिया जा रहा है. झारखंड को संवारने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं. जल-जंगल-जमीन के रक्षकों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में बलिदान देने वाले पूर्वजों के सपनों का झारखंड बना रहे हैं. - पेज 11 भी देखें

### राजधानी रांची में सीएम चंपाई ने की शुरुआत

- डीबीटी के माध्यम से पेंशन की पहली किस्त दी गयी
- 50 से 60 वर्ष के 1.58 लाख महिला, एसटी, एससी लाभुकों को दिया गया स्वीकृति पत्र



### सीएम आज बांटेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 7 मार्च को 1250 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों और 1500 कनीय अभियंता, 34 खान निरीक्षक, 15 पाइपलाइन निरीक्षक, 55 स्ट्रीट लाइट निरीक्षक को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा. कार्यक्रम शहीद मैदान धुर्वा में दोपहर 12 बजे से होगा.

## ब्रीफ खबरें

### नपं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**लातेहार।** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत, लातेहार के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर चलाये गये इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में वोटर सेल्फी अभियान चलाया गया.इस दौरान नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ एवं थाना चौक में वोटर सेल्फी कार्यक्रम चला कर मतदाताओं को अपने मतदान का प्रयोग करने की अपील की गयी. सीटी मैनेजर राजकुमार वर्मा ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपका एक एक वोट कीमती है.

### बरवाडीह में योजनाओं के चयन के लिए बैठक

**बरवाडीह (लातेहार)।** जन कल्याणकारी योजनाओं के चयन के लिए मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बैठकों का आयोजन किया गया. ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में आयोजित इन बैठकों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 15 वें वित्त जीपीडीपी योजना तथा पंचायत में चलने वाली कल्याणकारी अन्य योजनाओं का चयन ग्राम सभा के माध्यम से किया गया. ग्राम सभा में मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मोबलाइजर, फेसिलेटर, समूह सदस्य, वार्ड सदस्य और मनरेगा मेठ के अलावे अन्य कर्मी शामिल थे.

### हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण, प्राण प्रतिष्ठा 11 से

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड अंतर्गत महावीर मोड़ के पास अधूरा पडा.हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार किया पूर्ण हो गया है. जीर्णोद्धार का कार्य समाजसेवी अनुप कुमार जायसवाल एवं कमेटी के सहयोग से किया गया. अब इस मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. 11 मार्च को कलश यात्रा, 12 मार्च को पंचांग पूजन व वेदी पूजन, अधिवास नगर भ्रमण तथा 13 मार्च को मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और भंडारा आयोजित होगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह होंगे.

### छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**गढ़वा ।** रंका प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत बरदारी उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नीरज कुमार के नेतृत्व में शिक्षक छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. जागरूकता रैली उच्च विद्यालय बरदारी से प्रारंभ होकर पश्चिम द्वारा टोला ,दक्षिणवारा टोला भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय आया जहां पर छात्र-छात्राओं को संबोधित किया. इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक महेंद्र गुप्ता देवेंद्र सिंह, विजय प्रसाद ,जितेंद्र चौबे सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के लोग उपस्थित थे.

### लातेहार में आज महिला पतंजलि का कार्यक्रम

**लातेहार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति, लातेहार के द्वारा सात मार्च को अपराह्न 12 बजे से सोन भवन पतंजलि कार्यालय में एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. इस आशय की जानकारी महिला योग समिति की जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने दी. उन्होने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं के गौरवपूर्ण इतिहास एवं वर्तमान समय में महिलाओं की दशा एवं दिशा पर चर्चा की जायेगी. इसके अलावा तथा योग और मेडिटेशन की भी जानकारी दी जायेगी श्री मती गुप्ता ने इस मौके पर भाग लेने की अपील की है.

---

### डैम पूरी तरह से जलकुंभी व जलीय पौधे से ढंक चुका है, डैम सूखने के कगार पर

# खतरे में है चंदवा की लाइफ लाइन जगराहा डैम का अस्तित्व

राजीव कुमार । चंदवा (लातेहार)



जगराहा डैम को चंदवा शहर का वाटर लाइफ लाइन कहा जाता है. कभी न सूखने वाले जगराहा डैम की हालत आज बद्तर हो गयी है. किसी जमाने में इस डैम पानी से लबालब भरा रहता था. लेकिन आज जगराहा डैम सूखने के कगार पर है. लगातार हो रहे अतिक्रमण व वाटर लिंकेज टूटने से यह स्थिति यहां बनी है.

बताया जाता है कि इस डैम का निर्माण 60 के दशक में मिशनरियों ने कराया था. बुजुर्गों की माने तो निर्माण के बाद से अब तक यह डैम कभी सूखा ही नहीं है ,लेकिन अब डैम के अस्तित्व पर खतरा हो गया है. डैम पूरी तरह से जलकुंभी व जलीय पौधे से ढक चुकी है. इस कारण डैम की मछलियों व अन्य जीवों पर भी आफत आ गई है. लोगों का कहना है कि अगर समय रहते डैम की साफ- सफाई नहीं कराई गई तो आने वाले समय में इस डैम का अस्तित्व मिट जायेगा.

**मत्स्य पालन समितियां भी नहीं कर पा रही है मछली पालन :** जगराहा डैम में मछली पालन का कार्य कर रहे मत्स्य जीवी सहयोग समिती की स्थिति दयनीय हो गई है. मछली पालन का कार्य कर रहे सदस्यों ने बताया कि समिति के द्वारा हर वर्ष डैम में मछली का जीरा डाला जाता था. इससे उनका जीवकोपार्जन चलता था. लेकिन अब डैम पूरी तरह से जलकुंभी पौधों से ढक चुका है. जिसकी वजह से डैम में मछली पालन का कार्य पूरी तरह से बंद हो गया है.

#### तत्कालीन डीसी ने डैम को विकसित करने के लिए की थी पहल

तत्कालीन डीसी अबु इमरान ने जगराहा डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर पहल की थी. राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर तत्कालीन एसडीओ शेखर कुमार ने जगराहा डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा भी की थी. इसके बाद अधिकारियों के एक दल ने डैम का निरीक्षण भी किया था. उक्त डैम को विकसित करने को लेकर वाटर ट्रीटमेंट,कैंटीन,पार्किंग,पेबर ब्लॉक कार्य आदि से संबंधित निविदा भी निकाली जा चुकी थी. पेबर ब्लॉक का काम भी हो चुका है. इसी बीच डीसी अबु इमरान का तबादला हो गया और यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई. गत पांच मार्च को जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो ने भी इस डैम का निरीक्षण किया. उन्होंने उपायुक्त के संज्ञान में इस मामले को लाने की बात कही.

---

### 4451 नए पेंशनधारी लाभुकों के बीच 8902000 रुपये ट्रांसफर

# 28 सेविका व 28 सहायिका को किया गया सम्मानित

संवाददाता। मेदिनीनगर

पोषण पखवाड़ा एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अंतर्गत बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह तथा सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत नये लाभुकों का प्रथम भुगतान का उत्सव से संबंधित स्थानीय टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया. उपायुक्त शशि रंजन, जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस दौरान सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष के नये पेंशनधारियों के 4451 लाभुकों के बीच कुल 8902000 रुपये प्रथम क़िस्त के रूप में उनके खाते में ट्रांसफर किया गया. उपायुक्त श्री रंजन ने कुछ लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया. इसी तरह राष्ट्रीय परिवार हितलाभ योजना अंतर्गत 86 लाभुकों के बीच 20 हज़ार रुपये की दर से कुल 1720000 रुपये का भुगतान किया गया. कार्यक्रम में 10 नवचयनित सेविका एवं सहायिका के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया.

**विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना के लिए दो लाभुकों का चयन :** वहीं राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दो लाभुकों का चयन किया गया. मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का पांच लाभार्थियों को लाभ दिया गया. सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 15 बच्चियों को लाभ दिया गया. वहीं कुल 28 सेविका व 28 सहायिका को सम्मानित किया गया. इसके अलावे गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कार्यक्रम कराया गया.



#### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सहभागिता प्रशंसनीयः डीसी

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी निर्वाचन कार्यो में भी आपकी सहभागिता आवश्यक है उन्होंने सभी से अपने मोबाइल में वीएचए एप इंस्टॉल करने पर बल दिया. इसी तरह समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि इस मॉडर्न युग में महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है जिसका उदाहरण आप मंच पर भी देख सकते हैं. टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाये गये थे.

#### कुपोषण मुक्त गांव करने में सेविका सहायिका की भूमिका अहमः उपायुक्त

**लातेहार।** पंडित दिन दयाल उपाध्याय नगर भवन में बुधवार को सर्वजन पेंशन योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उदघाटन उपायुक्त गरिमा सिंह व जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी के अलावा अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम में सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष के नये पेंशनधारियों के 9696 लाभुकों के बीच कुल एक करोड़ 93 लाख 92 हजार रुपये प्रथम क़िस्त के रूप में उनके खाते में ट्रांसफर की गई. डीसी ने कहा कि राज्य के सभी योग्य लाभुकों को पेंशन का प्रथम किश्त प्रदान किया जा रहा है. उन्होने कहा कि आज से जिले में पोषण माह की शुरुआत किया जा रहा है. जिले की सहायिका एवं सेविकाएं अच्छा काम कर रही है.

#### गढ़वा में तीन लाभार्थी को उपायुक्त ने दिया 20 हजार रुपये का चेक

**गढ़वा।** वन भवन के सभागार में बुधवार को सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत नए लाभुकों (50 से 60 वर्ष) को प्रथम भुगतान करने, पोषण पखवाड़ा के आयोजन तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम की शुरूआत डीसी शेखर जमुआर ने दीप प्रज्जवलित कर किया. इस दौरान डीसी ने सामाजिक सुरक्षा कोषांग गढ़वा तथा जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी. साथ ही राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत गढ़वा जिले के कुल 4580 लाभुक को फरवरी तथा मार्च माह की राशि डीबीटी के माध्यम से खाते में हस्तांतरित होने की जानकारी दी.

### पुत्र को ढूंढ रहे थे पिता,पुत्र के साथ में वधु भी मिली

**सिमडेगा ।** जब पिता अपने पुत्र के सम्बंध में जाना की वह कॉलेज से वापस घर नहीं आया है तो परिजन उसे ढूंढने लगे और नहीं खोज पाने पर इस संबंध में गुमशुदा होने के सनहा 01 मार्च को कोलेबिरा थाना में किया गया. फिर भी उनके पिता और परिजन उसे ढूंढते रहे. जब उसके पिता कृष्णा साहु कोन्डेकेरा निवासी को पता चला कि वह रांची में सुरक्षित है. तब वह पुत्र प्रितम कुमार साहु लेने के लिए रांची गया तो उसे साथ में पुत्रवधु भी मिल गई.पिता अपने पुत्र के गुमसूदगी को लेकर काफी परेशान था. उसके बाद से वह घर वापस नहीं आया था जिसकी सूचना कोलेबिरा थाना उसके पिता कृष्णा साहु के द्वारा दिया गया था. जिसके बाद आज पुत्र के मिल जाने की सूचना पुनः कोलेबिरा थाना में दिया.

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने वीडी राम का किया भव्य स्वागत

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व प्रखंड सांसद प्रतिनिधियों ने केंद्रीय नेतृत्व द्वारा पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को आगामी लोकसभा चुनाव में पुनः टिकट मिलने के बाद रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचने पर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया. कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलमाला एवं गुलदस्ता देते हुए श्री राम को पुनः टिकट मिलने पर केंद्रीय नेतृत्व का भी आभार जताया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, सतबरवा प्रतिनिधि मनीष प्रसाद, बिश्रामपुर प्रतिनिधि अनुज पांडेय, जिला समन्वयक संजय गुप्ता, मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल ने कहा कि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने विगत 10 वर्षों में अपने क्षेत्र में बेहतर काम किया है. एक बार फिर वह भाजपा प्रत्याशी के रूप में पलामू संसदीय क्षेत्र के सम्मानित जनता के सामने हैं.

---

## मेला में शराब व मांस-मछली बेचने पर रोक लगाने की मांग जोर पकड़ी

आशीष टैगोर। लातेहार



आठ मार्च से शहर के बाजारटांड़ में लगने वाले प्राचीन महाशिवरात्रि मेला में हड़िया-दारू व मांस-मछली बेचने पर प्रतिबंध लगाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजारटांड में प्राचीन शिव मंदिर परिसर है. मेला परिसर में हड़िया-दारू व मांस मछली बेचे जाने से लोगों की आस्था आहत होती है. इससे न सिफ आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वरन विधि व्यवस्था संधारण में भी परेशानी आती है. लोगों ने उपायुक्त व नगर प्रशासक से इस दिशा मे पहल करने का आग्रह किया है.

बाजारटांड़ में अग्निशमन कार्यालय के पास खाली परिसर में अवैध ढंग से हड़िया व दारू तथा मांस व मछली बेचे जाते हैं. यहां ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग यहां अवैध ढंग से हड़िया व देशी शराब बेचते हैं. सुबह से देर शाम तक यहां जाम छलकता है. एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन यहां तकरीबन 70 हजार से एक लाख हजार रुपये का अवैध देशी शराब व मांस-मछली का कारोबार होता है. इसमें मेला ठेकेदारों का भी हिस्सा होता है. बताया जाता है कि पूरे मेला के लिए यहां से मेला ठेकेदारों को तकरीबन एक लाख रुपये मिलते हैं.

**महिलाओं को होती है परेशानी :** जिस स्थान पर शराब व मांस मछली बेचे जाते हैं उसके ही करीब मौत का कुंआ और अन्य झूले लगाये जाते हैं. यहां महिलाओं एवं बच्चों की खासी भीड़ रहती है. अक्सर शराबियों को यहां नशे में झूमते देखा जा सकता है. मनचले शराबी महिलाओं पर फब्तियां भी कसते हैं.

### लेजर शो के साथ चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव संपन्न

## स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत से ही देश आजाद हुआ हैः मिथिलेश

संवाददाता। गढ़वा



गोविंद उच्च विद्यालय (नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन, टाउन हॉल) के मैदान में मंगलवार की संध्या आयोजित लेजर शो के साथ चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव संपन्न हो गया. ज्ञात हो कि गढ़वा में गत तीन मार्च को आयोजित पांच बड़ी योजनाओं का लोकार्पण के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन कराया गया था. लेजर शो के माध्यम से सर्वप्रथम गढ़वा के वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की जीवनी का प्रदर्शन किया गया. उसके बाद कई देशभक्ति गानों का लेजर शो के माध्यम से प्रदर्शन किया गया. मंत्री श्री ठाकुर ने भी लेजर शो के माध्यम से वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की जीवनी का प्रदर्शन देखा. मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हमारे वीर शहीद नीलांबर पीतांबर सहित अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत के बाद आज हम आजाद भारत में जिंदगी जी रहे हैं. जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की कुर्बानी दे कर भारत मां को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया है, ऐसे सभी वीर शहीदों को शत-शत नमन है. इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमें अपने देश की गौरव एवं इतिहास को जनने एवं समझने का अवसर प्राप्त होता है. मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतनिधि कंचन साहू, अनिता दत्त, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे.

---

## न्यूज अपडेट

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी जलमीनार, चुआड़ी के भरोसे ग्रामीण



**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड के परहाटोली पंचायत के डुमरडीह गांव में लगा जलमीनार भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया, आज हालत यह है कि ग्रामीण विवश होकर चुआड़ी का पानी पी रहे हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि बोरिंग से ले कर पाइप लाइन तक की घटिया क्वालिटि की लगायी गयी है. बोरिंग कम किये जाने के कारण पानी टंकी में नहीं चढ़ पा रहा है. ग्रामीणों में पियूष किंडो ने बताया कि विभाग द्वारा हमारे गांव में कई बोरिंग की गयी है, लेकिन एक भी सफल नहीं रहा है. रॉबर्ट ने बताया कि गांव में कई जलमीनार को अधूरा छोड़ दिया गया है.परहाटोला गांव में ग्रामीण आजादी के बाद से आज तक चुआंड़ी का पानी ही पीते आ रहे हैं.

### जंगली हाथियों ने ढाया कहर, महिला का घर गिराया



**चंदवा (लातेहार)।** चंदवा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली हाथियों का आतंक रूकने का नाम नहीं ले रहा है. आये दिन जंगली हाथियों का झुंड किसी ने किसी गांव में घुस जाता है और तबाही मचाता है. मंगलवार की मध्य रात्रि जंगली हाथियों का एक झुंड लाधुप पंचायत के हेसला गांव घुस गया. यहां हाथियों ने जम कर उत्पात मचाया. हाथियों ने रीना देवी के अलावा सकरू गंझू, लालू गंझू और दिलीप मुंडा के घर को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को चट कर गये. ग्रामीण रतजगा कर भय के माहौल में रात बितायी. रीना देवी पर तो आफत आन पड़ी है. उसने बताया कि छले सात मई माह में उसके पति को हत्या के आरोप में लातेहार भेज दिया गया था. वहां उसकी संदेहास्पद स्थिती में मौत हो गई थी. इस वर्ष हाथियों ने उसके आशियाना को उजाड़ दिया. अब उसके समक्ष अपने बच्चों के पालन-पोषण एवं रहने की बड़ी समस्या आन पड़ी है.

### कोलेबिरा में अंजान शाह पीर बाबा का सालाना उर्स शुरू



**सिमडेगा/कोलेबिरा ।** कोलेबिरा प्रखंड के थाना परिसर स्थित प्रसिद्ध अंजान शाह पीर बाबा का सालाना उर्स आज से प्रारंभ हो गया है. इस खास मौके पर कोलेबिरा थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने पीर बाबा की दरगाह में पहली चादरपोशी कर जिले के अमन-चैन के लिए दुआ मांगी. थाना प्रभारी के चादरपोशी के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य लोगों ने पीर बाबा की दरगाह में चादरपोशी की. खादिम बारिक हसन ने सालाना उर्स के बारे में बताया कि थाना प्रभारी के चादरपोशी के बाद कोलेबिरा सहित जिले के अन्य भागों से आये लोग पीर बाबा की दरगाह में चादरपोशी करेंगे. ब कार्यक्रम को सफल बनाने में उर्स कमेटी के असलम खान, विनोद कुमार डब्लू, विरेंद्र तिवारी, वहीं जिला परिषद् अध्यक्ष प्रखंड प्रमुख, प्रखंड उपप्रमुख, थाना प्रभारी, मुमताज आलम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.

### बूथ कमेटी का सशक्तीकरण हो अंतिम लक्ष्य : मनोज मिश्रा



**गुमला ।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा ने कहा चुनौती का शंखनाद हो गया है. संकल्प को साकार करने के लिए संगठन के सभी स्तर के कमेटियों को तीन दिन के भीतर दुरुस्त करना है. फिर से मोदी सरकार अभियान का अंतिम लक्ष्य बूथ कमेटी का सशक्तिकरण है. बुधवार को गुमला जिला के चुनाव कार्यालय में संपन्न जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए संगठन प्रभारी ने उक्त बातें कहीं और पार्टी पदाधिकारियों को शक्ति केंद्र में बैठक करने और बूथ जीतने के लिए उत्साहित किया. कहा कि लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र जनसंघ काल से ही भाजपा का गढ़ रहा है. इसे बरकरार रखना है. बैठक में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार राज्य सभा सांसद समीर उरांव ने वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत का पूष्प गुच्छ देकर स्वागत किया .

### नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन



**बरवाडीह (लातेहार)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के तहत शहर के हाई स्कूल मैदान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. मौके पर जिला परिषद के सदस्य और कार्यक्रम प्रभारी संतोषी शेखर व प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी समेत कई पंचायतों की महिला प्रतिनिधि व अन्य क्षेत्रों की महिलायें शामिल थीं. कार्यक्रम में आंगतुक महिलाओं को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया.जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं को कई योजनाओं का सीधा लाभ दिया है. महिलाओं के लिए आरक्षण बिल लाकर ऐतिहासिक कदम उठाया गया है. उन्होने कहा कि आगामी चुनावों में भी पीएम मोदी प्रचंड बहुमत से जीत कर प्रधानमंत्री बनेगें. मौके पर भाजपा को जीताने का संकल्प लिया गया.

### कांडी में पेड़ की टहनी गिरने से बच्चे की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राणाडीह पंचायत के ग्राम गुरुवा में मंगलवार को बैर के पेड़ की टहनी गिरने से सत्येंद्र विश्वकर्मा के लगभग 12 वर्षीय पुत्र लवकुश कुमार की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार लवकुश राजकीय प्राथमिक विद्यालय घुरुआ के पांचवी क्लास का छात्र था. इस संबंध में जानकारी देते हुए लवकुश की मां कमला देवी ने बतायी कि लवकुश दो बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर आया. उसके बाद खेलने जाने के लिए कह कर घर से निकला. उसके करीब एक घंटे बाद गांव वालों से सूचना मिला की लवकुश के ऊपर बैर के पेड़ की टहनी गिरने से घायल हो गया है. आनन-फानन में बच्चे को लेकर जैयनगरा अस्पताल गया. जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया. कमला ने बताई की न स्कूल के ऊपर, न ही गांव के किसी के ऊपर कोई शक संदेश है. जानकारी के अनुसार सत्येंद्र विश्वकर्मा महाराष्ट्र के नागपुर में मजदूरी का काम करता है. सत्येंद्र विश्वकर्मा के पहुंचने के बाद शव को अंतिम संस्कार किया जाएगा. घटना की जानकारी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम को मिली.

### कुलपति से मिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल

**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई के एक प्रतिनिधिमंडल ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शाण्डिय से मिलकर गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में आयोजित विवादास्पद पीएचडी परीक्षा को पुनः कराने की मांग की है. प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने बताया कि हमारी मांगों पर कुलपति ने एनपीयू कुलसचिव को एक सप्ताह के अंदर कमिटी बनाकर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है. एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि पूर्व में संपन्न पीएचडी प्रवेश परीक्षा स्थगित करने समेत विश्वविद्यालय में बायोमेट्रिक हाजरी, जीएलए कॉलेज बीएड विभाग में इंस्ट्रूमेंट एंव खेलकूद की सामग्री उपलब्ध कराने, स्नातक सत्र 2020-23 की फ़ाइनल सेमेस्टर की परीक्षाफल घोषित करने, लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया है.

### स्वयंसेवकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**लातेहार।** शहर के बनवारी साहु महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने गोद लिये गये बानपुर गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. इसका नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने किया. उन्होंने गांव के मतदाता को चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की. कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है. उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत मतदान कर ही एक सशक्त लोकतंत्र की स्थापना की जा सकती है. उन्होंने बिना किसी लोभ व भय के मतदान करने की अपील की.

---

## अपराध

### पलामू में तेजी से बढ़ रहा अपराध का ग्राफ,पुलिस खुलासा कराने में पीछे

# एक माह में हुई छह गोलीबारी व हत्या की घटनाएं

संवाददाता। मेदिनीनगर



पलामू में अपराधियों का मनोबल इनदिनों बढ़ा हुआ है. बैखोफ अपराधी लगातार गोलीबारी और हत्या जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. 4 फरवरी से 5 मार्च यानी एक महीने में अपराधियों ने पलामू के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छह बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है. इसमें से कई कांडों का पलामू पुलिस ने खुलासा कर लिया है. लेकिन अभी भी कई ऐसे मामले हैं, जिसका पुलिस खुलासा नहीं कर पायी है. इन कांडों में शामिल अपराधी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं.

**एक घटना का खुलासा हुआ नहीं,अपराधी दे रहे दूसरे को अंजाम :** झारखंड के सभी जिलों में बढ़ते अपराध को देखे हुए पुलिस मुख्यालय गंभीर है. इसके बाद भी अपराध कम होने का नाम नहीं ले रहा है. पलामू पुलिस भी लगातार अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है. लेकिन इसके बावजूद वारदात नहीं रूक रहे हैं. रोजाना नये-नये मामले में पलामू पुलिस के लिए चुनौती साबित हो रहे हैं. पुलिस एक कांड का खुलासा करती नहीं है, तब तक अपराधी दूसरी घटनाओं को अंजाम दे देते हैं. नीचे दिये गये आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि पलामू में एक माह में अपराध का ग्राफ बढ़ा है.

#### 4 फरवरी से 5 मार्च तक की घटनाएं

- **5 मार्च 2024** : पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गावा में खेत में काम कर रही महिला को तीन युवकों ने गोली मार दी थी. गोली महिला के पैर को छूते हुए निकल गयी है. जख्मी हालत में महिला को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है.
- **2 मार्च 2024** : मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कान्दू मोहल्ला काली मंदिर के पास अपराधियों ने श्याम सुंदर साव नाम के व्यक्ति पर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चलायी थी. एक गोली उसके सीने में, जबकि दूसरी गोली पेट में लगी थी.
- **24 फरवरी 2024** : पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में अपराधियों ने बाइक से ओवरटेक कर एक कारोबारी पर फायरिंग की थी. गोली कारोबारी के पैर में लगी थी. छतरपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में उनका प्रारंभिक इलाज किया गया. इसके बाद एमआरएमसीएच लाया गया, जहां इलाज के बाद कारोबारी खतरे से बाहर है.
- **16 फरवरी 2024** : मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाहाता इलाके में दिनदहाड़े घर में घुसकर साला और जीजा ने एक महिला को गोली मार दी थी. गोली महिला के गर्दन में लगी. गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल में इलाज के कराया गया.
- **7 फरवरी 2024** : मेदिनीनगर शहर के थाना क्षेत्र के सदीक मंजिल चौक के पास अज्ञात अपराधियों ने महिला की गोली मारकर हत्या कर दी थी. अपराधियों ने नमिता देवी के कनपट्टी पर सटा कर गोली चलायी थी.
- **4 फरवरी 2024** : पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के इलाके में रामकिशुन यादव नाम के एक बुजुर्ग व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है. अपराधियों ने बुजुर्ग पर ताबड़तोड़ चार गोलियां चलायी थी.

### प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व प्रतिमा का कराया गया नगर भ्रमण

**बालूमाथ(लातेहार) ।** आदर्श नगर में आयोजित सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर बुधवार को बालूमाथ शहर में शिव शक्ति एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पूर्व प्रतिमा नगर भ्रमण का आयोजन किया गया. श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ आदर्श नगर से चलकर शहीद चौक,थाना चौक,महावीर मंदिर,बाजार टांड़,दुर्गा मंडप होते हुए नगर भ्रमण किया. इस दौरान रुद्र महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राम दर्शन तिवारी, भाजपा नेता शैलेश कुमार सिंह, शिक्षक निर्मल सिन्हा, उपेंद्र रंगीला, नागेंद्र चौबे, राजू भगत, तरुण सिन्हा, रघुनाथ भगत, संजीव ओझा, धनुषधारी गंझू व रति गंझू सहित सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे शामिल थे. बता दें कि रुद्र महायज्ञ दो मार्च को प्रारंभ हुई है और नौ मार्च तक चलेगी.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | गुरुवार 07 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 319 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




### वर्ष 2016-17 में राज्य के किसानों की आमदनी दोगुनी करने की योजना की हुई थी शुरुआत

# करनी थी किसानों की आय दोगुनी, कर दिया 73 करोड़ का घोटाला

अमित सिंह। रांची

**तथ्य**

**एक-** जहां सेंटर खुले थे, वहां कोई सेंटर नहीं है.
**दो-**किसानों के हित में 12 तरह के कार्य होने थे, कुछ नहीं हुआ
**तीन-**कई सेंटर खुले ही नहीं, उनके नाम पर भुगतान हुआ.
**चार-**ज्यादातर सेंटर माह में एक से दो दिन ही खुलते थे.
**पांच-**खुलने के कुछ ही दिनों के बाद सेंटर बंद हो गए.
**छह-** सेंटर खुला, मगर उसमें काम करनेवाला कोई नहीं था.
**सात-** जांच के लिए लाए गए मिट्टी के सैंपल सेंटर में पड़े रह गये.
**आठ-** हेल्थ कार्ड के लिए कागजी रिपोर्ट तैयार की गयी.

ये आठ तथ्य, कृषि विभाग की उस योजना की जांच रिपोर्ट के हैं, जिसकी शुरुआत किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए की गयी थी. वित्तीय वर्ष 2016-17 में योजना की शुरुआत हुई थी. किसानों के फायदे के लिए कोई काम नहीं हुआ और 73 करोड़ का भुगतान कर दिया गया. तब राज्य में रघुवर दास की सरकार थी और रंधीर कुमार सिंह कृषि मंत्री हुआ करते थे. तथ्यों से साफ है कि योजना के नाम पर बड़ा घोटाला कर दिया गया. जांच रिपोर्ट के मुताबिक षड्यंत्र के तहत 73 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता (घोटाला) की गई. जांच करने वाली समिति ने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कराने की अनुशंसा की है, ताकि घोटाले से जुड़े लोगों को सजा दी जा सके.

जानकारी के मुताबिक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए वर्ष 2016-17 में सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया गया था. राज्य भर में जगह-जगह सेंटर खोले गए थे. सेंटर के संचालन का जिम्मा निजी संस्थाओं को दे दिया गया था. वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक तीन सालों तक निजी संस्थानों को करीब 73 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया. लेकिन इसका कोई लाभ किसानों को नहीं मिला.

पूरे मामले की शिकायत मिलने के बाद 10 फरवरी 2020 को सरकार ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया था. टीम का नेतृत्व कृषि निदेशक कर रहे थे. जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि कागजी आंकड़ों के आधार पर भुगतान किया गया. किसानों को किसी तरह की सुविधा नहीं दी गई. और सेंटर संचालकों ने राशि हड़पने का काम किया है. विभाग के अफसरों ने भी काम की जांच किए बिना भुगतान कर दिया.

**सिंगल विंडो सिस्टम शुरू करने का उद्देश्य**


- *किसान खेती के आधुनिक तकनीक, केसीसी कार्ड, कृषि से संबंधित लाइसेंस, सब्सिडी दर पर उपकरण, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी और लाभ प्राप्त करेंगे.*
- *किसानों को भूमि संरक्षण, मत्स्यपालन, पशुपालन, गव्यपालन से संबंधित जानकारी एक ही जगह मिल पायेगी.*
- *किसानों को जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए यूरिया-डीएपी खाद के जैविक खाद का उपयोग करने को लेकर जागरूक करना.*

---

## ब्रीफ खबरें

**चेक बाउंस केस**

### 2 करोड़ 75 लाख रुपये वापस करेंगी एक्ट्रेस अमीषा पटेल



**रांची ।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा बुधवार को चेक बाउंस से जुड़े केस में बकाया राशि देने के लिए तैयार हो गई है. उन्होंने आपसी समझौते के आधार पर दो करोड़ 75 लाख रुपये प्रार्थी अजय सिंह को देने की पेशकश की है. जिसके बाद कोर्ट ने गुरुवार को उन्हें कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है. पिछली सुनवाई में कोर्ट ने उन्हें हाजिर होने का निर्देश दिया था, लेकिन निजी कारणों का हवाला देते हुए वह बुधवार को भी उपस्थित नहीं हुई. रांची सिविल कोर्ट के जेएमएफसी (ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास) दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत इस मामले में सुनवाई कर रहा है. साल 2017 से चल रहा है चेक बाउंस का केस बता दें कि अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है.

**राज्यसभा चुनाव**

### झामुमो का दबाव रंग लाया, सरफराज अहमद होंगे प्रत्याशी



**रांची।** अंततः झारखंड मुक्ति मोर्चा का दबाव रंग लाया. आगामी 21 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी का नाम तय कर लिया गया है. इसकी घोषणा कभी भी हो सकती है. महागठबंधन की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक सरफराज अहमद प्रत्याशी होंगे. यहां बता दें कि झारखंड में 2 राज्यसभा सीट के लिए 21 मार्च को चुनाव होने हैं. झारखंड में दो सीट कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू और भाजपा के समीर उरांव का टर्म पूरा होने के बाद खाली हो रहा है. जिसपर चुनाव होना है. कांग्रेस के धीरज साहू व भाजपा के समीर उरांव का टर्म खत्म होने के बाद 21 मार्च को चुनाव होना है.

---

### अवैध लॉटरी के कारोबार में पूरे जिले में दूसरे नंबर पर आता है समीर

# झरिया का समीर, गरीबों को बना रहा फकीर

**200** *से 250 हॉकर प्रतिदिन बेचते हैं उसके ब्रांड की लॉटरी, कई जिलों में होती है सप्लाई*

रिजवान शम्स। धनबाद




उसका नाम समीर है, दिव्यांग है, लेकिन उसके शातिर दिमाग ने चंद सालों में ही उसे एक अवैध लॉटरी हॉकर से करोड़पति बना दिया. बैंक बैलेंस, कई पॉश इलाकों में जमीन के साथ भाई और ससुराल के नजदीकी रिश्तेदारों के नाम पर संपत्ति बनाता जा रहा है. ये सब उन लोगों की गाढ़ी कमाई है, जो अपने बच्चों की भूख मिटाने के लिए, उनके तन पर एक कपड़ा डालने के लिए, उनकी हर किताब-कॉपी के लिए सैकड़ों बार फावड़ा चलाते हैं. लेकिन इस शातिर ने उन बच्चों की सारी जरूरतों को अपनी तिजोरी में समेट कर अपना भविष्य निखार लिया है, शुभम संदेश की मुहिम में आज झरिया के समीर और उसके भाई शबीर पर पेश है रिपोर्ट



समीर

**पांच सालों में लॉटरी हॉकर समीर ने करोड़ों कमाए :** वैसे तो समीर लॉटरी का काम कई दशकों से करता आ रहा है, लेकिन तब वो ऊपर कूल्ही, शाह नगर, शमशेर नगर, भागा आदि इलाकों में घूम घूम कर लॉटरी बेचता था. ये लॉटरी बंगाल की रहती थी, इसके बदले में उसे सिर्फ कमीशन मिलता था. लॉटरी की लत लगा चुके लोगों की उसने इतने दिनों में नब्ज पकड़ ली थी. बंगाल की लॉटरी तो यहां चोरी छिपे लाई जाती थी और इनाम उठने के लाने के लिए बंगाल जाना पड़ता है. सारे हालात को भांपने के बाद पिछले पांच साल पहले उसने एक शातिरगिरी शुरू की. उसने दिमाग लगाया कि क्यों न खुद के नाम ब्रांड की लॉटरी बेची जाय, इनाम का मनमानी रिजल्ट भी खुद ही डिक्लेयर करना है. लेकिन ऐसा करने के लिए बंगाल की लॉटरी की बिक्री खत्म करनी होगी. तब बंगाल वाली लॉटरी झरिया नहीं आने की, पुलिस रेड में लॉटरी पकड़े जाने, आदि का बहाना बना कर उसकी बिक्री कम कर दिया, इधर रोजाना लॉटरी खेलने वालों को जब लॉटरी नहीं मिलने लगी तो उसने विकल्प के तौर पर अपने ब्रांड वाली लॉटरी को सामने रख दिया, इनाम उठने पर रकम मिलने का भरोसा दिखाया. लत के शिकार लोगों ने तब समीर के ब्रांड वाली खरीदनी शुरू की, रिजल्ट यहां अपने हिसाब से देना था, कुछ छोटे इनाम भी जानबूझ उठाए गए और खूब प्रचार किया, नतीजा ये हुआ की समीर की लॉटरी धनबाद में फैलने लगी, और फिर कुछ सालों में ही समीर के ब्रांड का डंका बजने लगा. ये देखकर कई और लोग भी अपना ब्रांड ले कर सपनों को बेच कर खुद की तिजोरी भरने वाले इस अवैध कारोबार में कूद गए.



### प्रिंस ने धमकी दी तो मैनेज किया

समीर की कमाई की खबर दुबई में बैठे गैंगस्टर प्रिंस खान को भी मिल चुकी है. लगभग छह माह पूर्व ही उसे धमकी भरा फोन आया था, तब से उसने अपने आप को समेट कर रखा है. रंगदारी का फोन आने के बाद झरिया थाने की गश्ती पार्टी उसके आवास की परिक्रमा करती दिखी थी. मामले को धनबाद के एक पुराने शातिर ने मैनेज कराया था, ऐसी सूचना फैलने के बाद ही समीर थोड़ा बाजार दिखना शुरू हुआ. हालांकि अब उसके पास बॉडीगार्ड भी है. साथ ही कारोबार की जिम्मेवारी में उसका भाई शबीर भी हाथ बंटाने लगा है. दोनों भाई मिलकर गरीबों को कंगाल बनाने में जुटे हुए हैं.

**चर्चा में है महुदा में बन रहा मकान**

समीर की कमाई का नजारा महुदा इलाके में बन रहे एक मकान को देखकर लगाया जा सकता है. दो-तीन साल पूर्व वहां की जमीन खरीदकर आलीशान मकान बनाने की बात सामने आई है. इस जमीन व मकान का खर्च करोड़ों के आंकड़े को पार कर गया है. इस मकान के अलावा धनबाद के कई पॉश इलाकों में उसने जमीन खरीदी थी. इसी सूचना पर प्रिंस का फोन उसे आया था. झरिया में भी एक नया मकान हाल के दिनों में ही ऊंची बोली लगाकर खरीद लिया है.

---

# बियाडा की छह कंपनियों में आर्थिक नाकेबंदी शुरू



संवाददाता। बोकारो

**खास बातें**

- झारखंडी मानुष बेरोजगार मोर्चा ने शुरू किया आंदोलन
- स्थानीय युवाओं को नौकरी देने की पुरजोर मांग रखी

स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं देने के विरोध में बोकारो औद्योगिक क्षेत्र (बियाडा) की छह बड़ी कंपनियों में बुधवार से अनिश्चितकालीन नाकेबंदी शुरू हुई. स्थानीय बेरोजगार युवाओं ने झारखंडी मानुष बेरोजगार मोर्चा के बैनर तले आंदोलन शुरू किया. मोर्चा के सदस्यों ने सुबह से ही कंपनियों के मेन गेट पर पहुंचकर गेट जाम कर दिया. इसके चलते कंपनी में तैयार माल न तो बाहर निकल रहा है, न ही बाहर से कच्चे माल के वाहन को प्लांट के अंदर जाने दिया जा रहा है.

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे झारखंडी मानुष बेरोजगार मोर्चा के अध्यक्ष परमेश्वर सिंह ने कहा कि बियाडा क्षेत्र में कई ऐसी कंपनियां हैं, जो झारखंड सरकार के रोजगार अधिनियम के तहत 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दे रही हैं. इस मुद्दे को लेकर कई बार कंपनियों के प्रबंधन के साथ वार्ता हुई. समझौता भी हुआ, इसके बावजूद लोकल मजदूरों व कामगारों को काम नहीं मिल रहा है. अंत मोर्चा को आर्थिक नाकेबंदी जैसे कदम उठाने पड़े हैं. जिन कंपनियों के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी शुरू की गई है, उनमें बियाडा क्षेत्र की सिद्धिश्री, सुंदरम स्टील प्लांट, कल्याणी, एचएम कंस्ट्रक्शन समेत छह कंपनियां शामिल हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मांगों की पूर्ति नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा.

---

### विधायक इरफान अंसारी से नाराज थे जामताड़ा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

# जिलाध्यक्ष व पूरी कमेटी भाजपा में

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर



जामताड़ा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि मोहन मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को पूरी जामताड़ा जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा का दामन थाम लिया. जमशेदपुर परिसदन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया. भाजपा में शामिल होने वालों में जामताड़ा के कई प्रखंड अध्यक्ष भी शामिल हैं. पार्टी मे शामिल होने के साथ ही हरि मोहन मिश्रा ने जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी पर संगठन के प्रति उदासीन व नकारात्मक व्यवहार का आरोप लगाया है. भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी का अंगवस्त्र भेंटकर पार्टी में शामिल कराया. इस दौरान प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा भी उपस्थित थे.

**ये हुए भाजपा में शामिल :** जिला उपाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, जिला महासचिव विमल कुमार भैया, महिला जिलाध्यक्ष बेबी पासवान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, असलम अंसारी, युवराज सिंह, मंडल अध्यक्ष विवेका रंजन सिंह समेत कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया.

### धनबाद से भाजपा के प्रत्याशी की घोषणा आज

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में भाजपा की ओर से धनबाद में किसे प्रत्याशी बनाया जाएगा. इसे लेकर बरकरार संशय गुरुवार को खत्म हो जाएगा. गुरुवार को केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी जाएगी. दिल्ली सूत्रों के अनुसार जिन तीन नामों में से एक पर मुहर लगानी हैं, उनमें सबसे ऊपर धनबाद विधायक राज सिन्हा है. दूसरे नंबर पर सांसद पीएन सिंह एवं तीसरे नम्बर पर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के नाम शामिल हैं. वहीं भाजपा सूत्रों के अनुसार बुधवार रात को हुई चर्चा में राज सिन्हा के नाम पर मुहर लगने की संभावना सबसे ज्यादा है. इनके अलावा भी अन्य कई नामों पर चर्चा का भी बाजार गर्म है.

# धनबाद में पिंक पेट्रोलिंग की हुई शुरुआत



**नई पहल**

धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार व ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बुधवार को शहर में स्कूटी से पिंक पेट्रोलिंग की शुरुआत कराई. पुलिस केंद्र में महिला आरक्षियों को गुलाबी रंग की स्कूटी दी गई, इसी स्कूटी से महिला आरक्षी अब अपने-अपने क्षेत्र में गश्ती करने का काम करेंगी. यह महिला बल खास कर शोहदों पर निगरानी रखने के लिए तैनात की गई है. महिला कॉलेज, स्कूल से लेकर मंदिर और मार्केट कांप्लेक्स आदि स्थानों में इनको सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है.

---

**बदहाली** इचाक के उग्रवाद प्रभावित तीन गांवों में मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे ग्रामीण

# गोद लिए गए आदर्श ग्राम में नहीं पड़े सांसद के कदम

संवाददाता। हजारीबाग

गांव-गांव में विकास की रोशनी पहुंचे, इसके लिए केंद्र सरकार ने पिछड़े गांवों को गोद लेने का प्रावधान बनाया था. इसी के तहत जिले के इचाक प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित तीन गांवों को वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा ने गोद लिया था. लेकिन, आज भी इन गांवों के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं. गांव में विकास की बात तो दूर, कभी सांसद ने अपने कदम भी नहीं रखे.

शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर इचाक प्रखंड में लोटा, दाढ़ी घाघर और कर्माटांढ़ गांव है. इसमें लोटा गांव में न स्वास्थ्य केंद्र है, ना ही सड़क और बेहतर पेयजल की कोई सुविधा. वहीं दाढ़ी घागर का हाल भी कुछ ऐसा ही है. इस गांव में भी बेहतर सड़क और स्वास्थ्य केंद्र का अभाव है. कर्माटांड़ की बात करें, तो इा गांव में आज भी मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण वंचित हैं. इन संबंध में ग्रामीण महिला सुषमा देवी व पिंकी देवी ने कहा कि इन तीनों गांवों को हजारीबाग सांसद ने गोद लिया था, लेकिन एक बार भी गांव नहीं आए. वर्ष 2019 के बाद एक बार सांसद के गांव आने की सूचना मिली थी, लेकिन नेशनल पार्क से ही लौट गए. वहीं रेणुका और दीपिका देवी ने बताया कि कई ऐसे कई सांसद आदर्श ग्राम हैं, जहां बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं है. कोई बीमार पड़ता है, तो उसे खटोले पर सड़क तक लाया जाता है.



**आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी नहीं पहुंचे माननीय**

लोटा गांव निवासी सह पूर्व वार्ड सदस्य अरुण कुमार ने बताया कि यहां के सांसद और विधायक के दिल में अपने संसदीय और विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए कोई जगह नहीं है. यही कारण है कि आज तक सांसद और विधायक को इचाक प्रखंड की डोपापर पंचायत अंतर्गत सिमरातरी और पुरंपनियां गांव में रहनेवाले गरीब आदिवासियों की पीड़ा दिखाई नहीं पड़ती है. इन दो गांवों के लोग साढ़े सात दशक से सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, सिंचाई, पानी, शिक्षा के अभाव के बीच गरीबी और बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं. लेकिन, माननीयों ने गरीब आदिवासियों की सुध लेना मुनासिब नहीं समझा.

### सिमरातरी व पुरंपनियां जाने के लिए सड़क नहीं

पूर्व वार्ड सदस्य ने अरुण कुमार ने यह भी बताया कि पत्थर, जंगल, नदी नाला के तलहटी में बसे सिमरातरी और पुरंपनियां गांव में जाने के लिए सड़क नहीं है. लोग पगडंडियों से होकर पैदल आना-जाना करते हैं. सड़क के अभाव में गंभीर मरीज और प्रसव पीड़ा से कराहती महिलाओं को खटोली पर लाद कर अस्पताल लाया जाता है. अस्पताल पहुंचने में विलंब होने पर कभी-कभी मरीजों और प्रसूताओं महिलाओं की रास्ते में ही जान चली जाती है. अखबारों में खबरे छपने के बाद भी सांसद, विधायक का इस ओर ध्यान नहीं जाता है.

---

### 8 बेड वाले केंद्र का सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापण ने फीता काटा

# वासेपुर को मिला पहला स्वास्थ्य केंद्र

संवाददाता। धनबाद



वासेपुर वैसे तो पूरे देशभर अलग कारणों से चर्चे में रहता है, लेकिन इस वासेपुर का दूसरा पहलू ये भी है कि देश की आजादी के 77 साल बाद यहां पहला स्वास्थ्य केंद्र खोला गया है. वो भी गैंगस्टर फहीम खान की पत्नी रिजवाना परवीन की दान दी हुई जमीन पर. चूंकि लाखों की आबादी को इससे पहले यहां किसी प्रकार की सरकारी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं थी, इस कारण यहां खुशियों का माहौल रहा. सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापण खुद वासेपुर स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटने पहुंचे थे.

बताते चलें कि यहां के लोगों को सर्दी-खांसी जैसे मामूली बीमारियों पर भी एसएनएमएमसीएच जाना पड़ता था, सबसे पहले इस इलाके में सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं थी. हालांकि इस समस्या को फहीम खान की पत्नी ने पांच साल पूर्व ही अपनी जमीन देकर सलटा दिया था. कई सालों की लगातार मेहनत बुधवार को रंगलाई और सिविल सर्जन ने यहां एक चिकित्सक, आठ स्वास्थ्य कर्मी देते हुए आठ बेड का स्वास्थ्य केंद्र खोल दिया. पूरे वासेपुर में खुशी की लहर दौड़ गई. 24 घंटे यहां स्वास्थ्य सेवा देने की बात कही गई है. इस दौरान यहां इकबाल खान, ऑल इंडिया जमातुल कुरैश के सदर बदरुद्दीन कुरैशी,अधिवक्ता शहबाज सलाम, इंजीनियर मशकुर आलम, पार्षद निसार आलम,मुमताज कुरैशी, अतीकुर रहमान, अबु तलहा,सिकंदर आलम, साजिद हुसैन, साबिर अंसारी, इरशाद आलम, मोहम्मद अशफाक आदि उपस्थित रहे.

### लोकसभा चुनाव को लेकर पुराने समाहरणालय में सेक्टर एवं पुलिस दंडाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# वल्नरेबल मैपिंग कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्देश

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रतिनियुक्त सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस दंडाधिकारियों के निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पुराने समाहरणालय भवन में किया गया. इस दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, डीएलएओ निर्भय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती, विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैद्यनाथ प्रसाद ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों तथा पुलिस दंडाधिकारियों को वल्नरेबल मैपिंग की जानकारी दी.

इस साथ ही उनके चुनावी दायित्व एवं कर्त्तव्यों पर चर्चा की. जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों को अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया. सभी पदाधिकारियों को ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए क्षेत्र भ्रमण करने को भी कहा. साथ ही सभी पुलिस एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को वल्नरेबल मैपिंग कर अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए. कार्यशाला में सभी अधिकारियों को एएमएफ, वीएम 2 एवं वीएम 3 पर किस प्रकार कार्य किया जाए, उसकी जानकारी दी गई.

इस क्रम में वीएम 1 प्रपत्र को उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस मजिस्ट्रेट को उपलब्ध कराया गया. इस दौरान एसडीपीओ विष्णुगढ़ बैद्यनाथ प्रसाद ने पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव के सफल क्रियान्वयन में सबकी भागदारी अहम है. उन्होंने कहा कि जो रूट चिह्नित किया गया है, उसी रूट पर जाएं. अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर बुनियादी सुविधाओं की कमियों को चिह्नित कर प्रतिवेदन रिपोर्ट बनाकर सौंपें. साथ ही वल्नरेबल मैपिंग वाले स्थानों को स्थानीय ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उस क्षेत्र की जानकारी प्राप्त करें.



दंडाधिकारियों को प्रशिक्षण देतीं उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया.

**प्रशिक्षण कार्यशाला**

- सीओ और बीडीओ के साथ समन्वयव कर कार्य करें
- कमियों को चिह्नित कर प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश

**7 दिनों के अंदर प्रतिवेदन रिपोर्ट जमा करें**

कार्यशाला के दौरान सभी संबंधित सेक्टर एवं पुलिस दंडाधिकारियों को अपने-अपने बूथों का निरीक्षण करने, वल्नरेबल चिह्नितीकरण, मॉक पोल और निर्वाचन कार्यों से संबंधित सभी जानकारियां अपने उच्च अधिकारियों से नियमित रूप से साझा करने का निर्देश दिया गया. साथ ही सभी दंडाधिकारियों को सात दिनों के अंदर सभी आवश्यक प्रतिवेदन निर्वाचन कार्यालय में जमा करने को कहा गया. इस क्रम में सभी को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों को ध्यान में रख कर कार्य करने की सलाह दी गई.

### 25 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

## सपन महथा सदर व शफीक खान बने दारू थाना प्रभारी

संवाददाता। हजारीबाग

एसपी अरविंद कुमार सिंह ने जिले के 25 पुलिस पदाधिकारियों को इधर से उधर किया है. इनमें इंस्पेक्टर सपन कुमार महथा को सदर थाना प्रभारी, गिद्दी थाना प्रभारी सुधीर साहू को पुलिस केंद्र, कुंदन कुमार को गिद्दी थाना प्रभारी, सुजीत कुमार को पेलावल से टाटीझरिया, बरकट्ठा थाना प्रभारी सरोज कुमार चौधरी को लोहसिंघाना थाना भेजा गया है.

मो. शफीक खान को दारू थाना प्रभारी, राजेश कुमार भोक्ता को बरकट्ठा थाना प्रभारी, अजय कुमार रविदास को पुलिस केंद्र से केरेडारी थाना, देवानंद कुमार को पुलिस केंद्र से साइबर सेल, दशरथ महतो को पुलिस केंद्र से विष्णुगढ़ थाना, रथु उरांव को पुलिस केंद्र से गिद्दी थाना, श्रवण कुमार पासवान को दारू थाना, संचित कुमार, परमानंद पाल व पृथ्वी हरिजन को विष्णुगढ़ थाना, तारकेश्वर विद्यार्थी को चरही थाना, रामराज सिंह को बड़कागांव थाना, रूपलाल यादव को मुफस्सिल से बरही थाना, राकेश खवास को बड़ी बाजार से नक्सल सेल, सुधीर कुमार को केरेडारी से बड़ी बाजार टीओपी, संतोष कुमार को इचाक थाना प्रभारी, राजेश हाजरा को चरही से पदमा ओपी, नंद किशोर दास को पदमा से चरही थाना में पदस्थापित किया गया है.

**ब्रीफ खबरें**

### एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के तहत प्रशिक्षण शुरू

**टाटीझरिया।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा प्रखंड अंतर्गत खैरा पंचायत सचिवालय में बुधवार को एग्री स्मार्ट ग्राम के तहत बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज की अध्यक्षता में 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ. इसमें किसानों को कृषि, पशुपालन, उद्यान, भूमि संरक्षण, मत्स्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा. बीएओ सुधीर राय ने बताया कि पहले दिन कृषि से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई. 10 दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों को कृषि तकनीक की संपूर्ण जानकारी विशेषज्ञों के द्वारा दी जाएगी. मौके पर बीटीएम अमित मोहन, जनसेवक अनिल राणा, प्रदान से विशेषज्ञ नीतीश कुमार यादव एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के सदस्य व किसान मौजूद थे.

### कोयलंग के बालू यार्ड में गोली चली, पर्चा छोड़ा

**बड़कागांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तलसवार पंचायत के कोयलंग में संचालित बालू स्टॉक यार्ड में बीती रात करीब 10:30 बजे अज्ञात अपराधियों द्वारा 3 राउंड गोलीबारी की गई. अपराधियों ने जेसीबी व हाइवा चालकों के साथ मारपीट करते हुए गाड़ी में तोड़-फोड़ भी किया है. मौके पर टीपीसी संगठन के नाम के एक धमकी भरा पर्चा छोड़ा कर अपराधी फरार हो गए. घटना की सूचना पर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह तथा एसडीपीओ कुलदीप कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पर्चा में एरिया प्रभारी प्रताप जी के आदेश अनुसार, पालडू सहित अन्य क्षेत्र में बालू यार्ड का काम करवाने वाले को टीपीसी संगठन से मैनेज कर चलने कहा गया, अन्यथा अंजाम भुगतने की बात कही गई है.

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**रामगढ़।** रामगढ़-बोकारो मार्ग के लारी पनशाला के समीप बीती देर रात अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान मुरुबंदा निवासी सुरेंद्र करमाली के पुत्र राजू कुमार (30) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, युवक बाइक पर सवार होकर रामगढ़ से काम कर वापस अपने घर लौट रहा था, तभी पनशाला के समीप अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया. घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस से घायल युवक को अस्पताल भेजा गया, लेकिन बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. उधर, घटना की सूचना पर रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने घटनास्थल पहुंच कर जानकारी ली. ट्रक और चालक की खोजबीन शुरू कर दी गई है.

### लोस चुनाव नजदीक आते ही घूमने लगे हैं नेताओं के समर्थक

# मूल्यांकन में जुटे मतदाता

**शुभम संदेश ओपिनियन**

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही मतदाताओं के जेहन में कोरोना काल याद आ रहा है. ये लोग वैसे उम्मीदवार की तलाश कर रहे हैं, जो विपत्ति की उस घड़ी में जनता के साथ उनका हमदर्द बन कर खड़ा रहा है. लोगों का कहना है कि अब सीधे प्रत्याशी को ही उनसे मुलाकात करना होगा, तभी उसके पक्ष में मतदान करने की सोचेंगे. उनका यह भी कहना था कि प्रत्याशी के इर्द-गिर्द रहने वालों की बात का कोई भरोसा नहीं है.

ग्रामीण क्षेत्र के लोग कहते हैं कि कोविड काल में नेताओं के इर्द-गिर्द रहने वाले लोग नहीं दिख रहे थे. कोई रोटी छीन रहा था, तो कोई अपने परिवार के लिए दवाई इकट्ठा कर रहा था. अब जब चुनावी मौसम आया है, तो ये लोग बक्से में रखा कुर्ता-पजामा और टोपी चमकने लगे हैं. कोई खुद को पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता, तो कोई नेताओं का खास बता गांव-गांव में घूम कर अपनी पार्टी के पक्ष में वोट अपील कर रहे हैं. लेकिन, जैसे ही इनके पार्टी के प्रत्याशी चुनाव जीत जाते हैं, तो ये लोग अपनी ही रोटी सेंकने में जुट जाते हैं.

वहीं, उनकी पार्टी का प्रत्याशी चुनाव हार गया, तो फिर जीती हुई पार्टी में जाकर मिल जाते हैं. बहरहाल, लोकसभा चुनाव आते ही हजारीबाग के गांव-गांव में नेताजी के इर्द-गिर्द रहने वालों की गाड़ियां सरपट दौड़ने लगी है. ये लोग ग्रामीणों को समोसा से लेकर बिरयानी तक की दावत दे रहे हैं और जातिवाद से लेकर धार्मिक समीकरण को साधते हुए मतदाताओं को अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए कह रहे हैं. वहीं शहर से लेकर गांव के लोग भी इस खेल को अच्छी तरह से समझ रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि अभी खुद को जनता का हमदर्द बताने वाले छुटभैये कोरोना काल के समय जनता के बीच बांटने के लिए दिया चावल तक बेच देते थे.




**जनता जागरूक**

- समर्थकों और कार्यकर्ताओं के कहने पर नहीं देंगे वोट
- प्रत्याशी को सीधे मुलाकात कर रखनी होगी अपनी बात
- प्रत्याशी के इर्द-गिर्द रहने वालों पर कोई भरोसा नहीं

**नेताओं और उनके छुटभैये पर आम जनता की राय**

**काम के आधार पर ही वोट : राहुल**

ग्रामीण राहुल शर्मा का कहना है कि इस बार का चुनाव ऐतिहासिक होगा. इस बार नेताजी के भाषण पर नहीं, बल्कि उनके पूरे इतिहास को देखा जाएगा. इस बार चुनाव में न तो जात-पात पर वोट देंगे और ना ही धर्म के नाम पर. गांव में नेताजी ने कितना काम किया है, उसी आधार पर योग्य उम्मीदवार को वोट देंगे. स्वच्छ ईमानदार और पढ़े-लिखे प्रत्याशी को प्राथमिकता देंगे.

**चुनाव के बाद नजर नहीं आते नेता : अंजू**

सखिया निवासी अंजू देवी ने कहा कि चुनाव के समय नेता खूब भाषण देते हैं. बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद उनके दर्शन भी नहीं हो पाते हैं. यहां तक कि उनका कोई प्रचारक और इर्द-गिर्द घूमनेवाला भी दिखाई नहीं देता है. कोई भी योजना आती है, तो अपने सगे-संबंधियों को दिलवा कर पैसे वसूलते हैं. जिसने क्षेत्र में काम किया है, उसे ही वोट डालेंगे.

**फायदे के चक्कर में रहते छुटभैये : शेखर**

सदर प्रखंड के चंदवार निवासी शेखर पांडेय का कहना है कि गांव के कुछ लोग चुनाव के समय खूब प्रचार करते हैं और फिर विजेता उम्मीदवार के चाटुकार बन कर रह जाते हैं. कोई खुद को नेताजी का प्रतिनिधि बताता है, तो कोई नेताजी का खास. लेकिन, गांव व ग्रामीणों की समस्याओं से नेताजी को अवगत कराने की बजाय खुद का फायदा कराने के चक्कर में ही रहता है.

**जनता से बात करें प्रत्याशी : अमरजीत**

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के निवासी अमरजीत कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव नजदीक आ गया है, लेकिन प्रत्याशी का कोई अता-पता नहीं है. हालांकि, उनके प्रचारक गांव में ताजमहल बनाने की बात करते हैं. ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है. इसलिए प्रत्याशी ही गांव-गांव में जाकर खुद आम लोगों पास अपनी बात रखें, तभी उनके पक्ष में वोट डालने पर विचार करेंगे.

### 63 दिनों तक प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों से अवगत हुए प्रशिक्षु

## 378 प्रशिक्षु होमगार्ड का पासिंग परेड

संवाददाता। हजारीबाग

क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग में बुधवार को 378 प्रशिक्षु होम गार्ड का पासिंग आउट परेड हुआ. इन प्रशिक्षु होमगार्ड को 63 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. इसमें कुल 381 प्रशिक्षु गृह रक्षक शामिल हुए थे, जिसमें 378 प्रशिक्षु गृह रक्षकों ने शपथ ली. पारण परेड के मुख्य अतिथि हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर और एसपी अरविंद सिंह थे.

बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इन गृह रक्षकों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए गए. इसमें टर्न आउट, व्यक्तिगत कवायद, रायफल प्रशिक्षण, गार्ड/संतरी का कर्तव्य, नागरिक सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन, आधुनिक हथियार, यातायात, अनुशासन, आपदा प्रबंधन और श्रम से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षु गृह रक्षकों को समुचित प्रशिक्षण देने के लिए गृह रक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों/कर्मियों के अलावा



**प्रशिक्षण संपन्न**

- चार दक्ष हवलदारों ने दिया प्रशिक्षु होमगार्ड को प्रशिक्षण
- डीआईजी और एसपी की मौजूदगी में दिलाई गई शपथ

## रजरप्पा पुलिस ने गया से लापता युवक को परिजनों से मिलाया

संवाददाता। रामगढ़

रजरप्पा थाना पुलिस ने एक लापता युवक को उसके परिजनों से मिलाया है. युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, लेकिन युवक ने जब अपने गांव का नाम परिया थाना अंतर्गत सोलरा बताया, तो रजरप्पा थाना पुलिस ने गया जिले की परिया पुलिस से संपर्क साध कर परिजनों का पता लगाया. बुधवार को युवक को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया.

बता दें कि बीते 2 मार्च से उक्त युवक भटक रहा था. जब इसे रजरप्पा थाना के पुलिस पदाधिकारियों ने गश्ती के दौरान घूमते देखा, तो रोक कर पूछताछ की. इस क्रम में पाया कि युवक मानसिक रूप से कमजोर है. उसने अपना नाम राजू दास और गांव सोलरा का रहने वाला बताया. जब मामला कुछ संदिग्ध लगा तो युवक को पुलिस ने थाना लाया. पूछताछ में युवक ने अपने परिवार वालों का पूरा पता बता दिया. सूचना पर युवक का साला रवींद्र कुमार, पत्नी गुड़िया देवी, मां सोनामंती देवी और पुत्र अमित कुमार रजरप्पा थाना पहुंचे.

**नेक कार्य**

- बीते 2 मार्च से रजरप्पा क्षेत्र में भटक रहा था युवक
- गश्ती के दौरान रजरप्पा थाना पुलिस को मिला था

### तीन किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चौपारण।** अफीम तस्करी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. इस संबंध मे थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि बरही की तरफ से किसी वाहन से कुछ व्यक्ति अफीम लेकर चौपारण होते हुए बिहार जा रहे हैं. बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित छापेमारी टीम द्वारा चोरदाहा चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस क्रम में एक बाइक (जेएच 02 बीबी 4962) की डिक्की से 3 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद किया गया. बाइक सवार चौपारण थाना क्षेत्र के चमरगढ़ा निवासी फागू मुंडा को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के खिलाफ चौपारण थाना में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### आरआरयू के दो सदस्यीय दल ने बीएसएफ मेरु कैंप का दौरा किया

## शारीरिक प्रशिक्षण कोर्सों पर चर्चा

संवाददाता। हजारीबाग

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के संकाय से दो सदस्यीय दल, डॉ. पूर्णिमा जोशी और रघुनाथन ने बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय मेरु कैंप, हजारीबाग का दो दिवसीय दौरा किया. 4 व 5 मार्च को अपने भ्रमण के दौरान दोनों संकाय सदस्यों ने शारीरिक प्रशिक्षण समूह के अंतर्गत संचालित पीटी एवं यूएसी पाठ्यक्रमों की मान्यता के संबंध में जानकारी ली.

इस क्रम में उन्हें मेरु कैंप में संचालित पाठ्यक्रमों के बारे में बताया गया. इस दौरान शारीरिक प्रशिक्षण कोर्सों के पाठ्यक्रम की तैयारी, ब्लॉक पाठ्यक्रम, मूल्यांकन, अंकन प्रक्रिया एवं दोनों संगठनों की आवश्यकता के बारे में चर्चा की गई. दौरे के दूसरे दिन बुधवार को संकाय को शारीरिक प्रशिक्षण समूह के अनुदेशकों द्वारा प्रदर्शन दिखाया गया. तत्पश्चात सुबह 10:30 बजे प्रशिक्षण केंद्र के डीआईजी केएस बन्याल की अध्यक्षता में परिसर के अधिकारियों व राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के बीच कार्यकारी समन्वय पर बैठक हुई. इसमें शारीरिक प्रशिक्षण कोर्सों से संबधित सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई. कुछ विषयों पर मूल्यवर्धन के साथ, आरआरयू के प्रतिनिधियों द्वारा ब्लॉक पाठ्यक्रम को पुनः डिजाइन का सुझाव दिया गया. महानिरीक्षक द्वारा दोनों संकाय सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया.

बता दें कि आरआरयू की स्थापना पुलिस, अपराधिक न्याय तथा सुधार प्रशासन के विभिन्न स्कंधों में उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षित कार्यबल की आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु की गई थी. बीएसएफ व आरआरयू के बीच जनवरी 2023 में सहमति पत्र हस्ताक्षरित किया गया है, जिसमें सीमा सुरक्षा बल में चलाए जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कोर्सों को लेकर आरआरयू के साथ संबद्धता स्थापित की गई है.



**शैक्षणिक भ्रमण**

- पीटी व यूएसी पाठ्यक्रमों की मान्यता पर ली जानकारी
- संकाय सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

### निःशक्त बच्चों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया

**रामगढ़।** अपर्णा महिला मंडल, सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र तथा प्रेरणा महिला मंडल, बरकाकाना के संयुक्त तत्वावधान में आवासीय विकलांग विद्यालय, लारी में दिव्यांग बच्चों को राशन दिया गया. कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में रहने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओ के लिए महीने भर का राशन सामग्री जैसे चावल, दाल, चना, तेल, चीनी, अंडा, दूध आदि का वितरण किया गया. अपर्णा महिला मंडल की अध्यक्षा सह रजरप्पा जीएम की पत्नी रजनी कुमारी तथा प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा सह बरकाकाना जीएम की पत्नी शिवानी सिंह ने संयुक्त रूप राशन बांटे. उन्होंने उपस्थित बच्चों के बीच मिठाई का भी वितरण किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निःशक्त बच्चों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है. इस तरह का कार्य सभी लोगों को करना चाहिए, ताकि निःशक्त बच्चे भी बेहतर जिंदगी जी सकें. मौके पर पुष्पा रजक, क्षमा कुलश्रेष्ठ, श्वेता प्रज्ञा, पूनम रामदास, बीना सिंह, इंदु सिन्हा, सुषमा प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे.

### डीएमएफटी मद 5 सरकारी विद्यालयों में स्टेम लैब का अधिष्ठापन

## नवाचार को अंगीकृत करना जरूरी

संवाददता। हजारीबाग

डीएमएफटी मद से विभिन्न विद्यालयों में उन्नयन कार्य के साथ-साथ स्टेम लैब का अधिष्ठापन की ओर हजारीबाग जिला तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है. इसक्रम में जिले के 5 सरकारी स्कूलों में स्टेम लैब विकसित किए गए. इनमें प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव, हिंदू प्लस टू हाई स्कूल, सदर, केएन प्लस टू हाई स्कूल इचाक, उत्क्रमित उच्च विद्यालय आन्गो, और प्लस टू उच्च विद्यालय, बरही शामिल हैं.

स्टेम लैब के माध्यम से विधार्थियों में कुछ नए सीखने की ओर प्रेरित करता है. साथ ही तार्किक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देती है. इस प्रकार के नवाचार से छात्रों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति उत्सुकता जागृत होती है. उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि यह प्रयास युवाओं को कई क्षेत्रों में भविष्य के कॅरियर के लिए सहायक होंगे. प्रयोग और अन्वेषण के माध्यम से छात्रों में रचनात्मकता और नवीनता विकसित होगी. आज के वर्तमान परिदृश्य में नित्य नए आयाम स्थापित हो रहे हैं, उनमें सामंजस्य बिठाने के लिए ऐसे नवाचार को अंगीकृत करना अनिवार्य है.

स्टेम लैब सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना है ताकि छात्रों के लिए सीखना अधिक आकर्षक और प्रासंगिक हो सके. डीएमएफटी मद से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निश्चय ही एक महत्वपूर्ण कदम है.



**रचनात्मक कार्य**

- विद्यार्थियों में तार्किक, बौद्धिक और रचनात्मक सोच बढ़ेगी
- विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर के लिए सहायक होंगे स्टेम लैब

**आयोजन**

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन, सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों को प्रथम किश्त का भुगतान

# महिला दिवस पर डीसी ने दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

संवाददाता। हजारीबाग

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान सर्वजन पेंशन योजना (50 से 60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किश्त का भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में उपायुक्त ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने पेंशन योजना में संशोधन करते हुए पेंशन योजना के लाभ के लिए सभी वर्ग की महिलाओं तथा अनुसूचित जाति और जनजाति के पुरुषों के लिए आयु सीमा 50 वर्ष कर इन वर्गों के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है.

अब इस वर्ग के महिला और पुरुष 50 वर्ष की आयु में पेंशन के हकदार होंगे. कार्यक्रम के दौरान पेंशन योजना के नए लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त की राशि हस्तांतरित की गई. उपायुक्त ने उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया. उन्होंने बुधवार से शुरू हुए पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के शुभारंभ की जानकारी दी. उन्होंने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से बच्चियों के पढ़ाई के लिए दिए जाने वाले स्कॉलरशिप योजना से बड़ी संख्या में लाभुकों को जोड़ा गया है.

पूर्व में इस योजना का लाभ एक दंपती की दो बच्चियों के लिए था, लेकिन वर्तमान में इस योजना का लाभ दो से अधिक बच्चियों के लिए भी सुलभ हो गया है. वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं 4000 हजार लाभुकों की पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि की गई है, जिसमें 3000 लाभुकों को प्रथम किस्त का लाभ दिया जा चुका है.



**योजना लाभ**

- आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं भी सम्मानित हुईं

**डीसी के हाथों योजना की स्वीकृति व कई सम्मानित**

- मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत पांच लाभुकों को स्वीकृति प्रदान की गई.
- समाजिक सुरक्षा कोषांग, हजारीबाग के द्वारा राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना के तहत पांच लाभुकों को 20-20 हजार रुपए की चेक दिया गया.
- सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना के तहत 6 लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया.
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत दो लाभुकों को चेक प्रदान किया गया.
- दो लाभुकों के बच्चों का अन्नप्राशन तथा छह गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कराया गया.
- प्लान इंडिया के तहत बाल विवाह के रोकथाम में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाली नाजिया परवीन व सबा परवीन को सम्मानित किया गया.
- मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 में जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया.
- 12 आंगनबाड़ी के लिए सेविका/ सहायिकाओं को चयन पत्र वितरण दिया गया.

## एस्ट्रोलॉजिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का शुभारंभ

संवाददाता। रामगढ़

मोदी कॉम्पलेक्स में बुधवार को एस्ट्रोलॉजिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया गया. मुख्य अतिथि अमित कुमार सिन्हा व विशिष्ट अतिथि डॉ. के चंद्र, नंदकिशोर गुप्ता, राजीव जायसवाल, अजीत जायसवाल, शिव शंकर, साहू विनोद कुमार, खोगेंद्र साव, संतोष कुमार रंजन आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर केंद्र का उद्घाटन किया.

सभी ने संचालक ज्योतिषाचार्य संतोष कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी. मौके पर अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि ज्योतिषशास्त्र प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती और न किसी की प्रोत्साहन तथा प्रशंसा का मोहताज रहता है. विशेषकर भारत की धरती ऐसे प्रतिभावानों के लिए अति उर्वरक रही है और कई दिव्य रत्न प्रदान किए हैं. मौके पर रवींद्र साहू, संतोष कुमार रंजन, जमुना साहू, विनोद कुमार, जीतू अग्रवाल, संजय शाहा, राजेश कुमार गुप्ता, शिव शंकर साहु, चंद्रशेखर सिंह, पूर्णेंदु सिन्हा पुष्पेश आदि मौजूद थे.



## ब्रीफ खबरें

### कर्मियों की समस्या समाधान के लिए 15 तक की दी मोहलत

**चांडिल ।** चांडिल थाना क्षेत्र के पाटा टोल प्लाजा के कर्मी झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेम्ब्रम से मुलाकात किया और कर्मियों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया. इस दौरान टोल कर्मियों ने छह सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा किया. कर्मियों की पूरी समस्या सुनने के बाद सुखराम हेंब्रम ने टोल प्रबंधक कुलदीप और अश्वनी सिंह से फोन पर बात किया. इस दौरान उन्होंने जल्द से जल्द सभी छह जायज मांगों को पूरा करने के लिए कहा. इसके बाद सुखराम हेम्ब्रम ने कोरल एसोसिएट्स के महाप्रबंधक से बात की. इस दौरान उन्होंने आश्वाशन दिया कि 15 मार्च के अंदर कर्मियों के समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा.

### नारी शक्ति वंदना कार्यक्रम एसएचजी ग्रुप ने भी देखा

**बहरागोड़ा।** महिला नेत्री डोली मुर्मू के नेतृत्व में बुधवार को दोपहर बहरागोड़ा के एसएचजी ग्रुप की महिलाओं ने जय प्रकाश नारायण सामुदायिक भवन में टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प बंगाल में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम को देखा.इसमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजल महाकुड़,जिला महामंत्री कृष्णा पाल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मीनाक्षी जेना,महामंत्री द्वय हैमोबती बेरा,मोनालिसा माइती,उपाध्यक्ष शकुंतला महतो,मीनाक्षी जेना,मीता दत्त,मामोनी दास,छाया जाना,केरी सोरेन आदि उपस्थित थे.

### विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंचल कालोनी में बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालयों के प्रभारी एवं प्रधान शिक्षकों की दो दिवसीय मासिक गोष्ठी हुई. गोष्ठी दो पालियों में ली गई. गोष्ठी में चक्रधरपुर के प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तपन कुमार सतपति ने विद्यालयों में संचालित योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की. विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को कहा गया. वहीं यू डायस में बच्चों की हाइट, वेट एवं ब्लड ग्रुप की जानकारी शीघ्र अपलोड करने का निर्देश दिया गया.

### सांसद की मां को पुनरूत्थान अभियान ने भी दी श्रद्धांजलि

**चक्रधरपुर।** सिंहभूम संसदीय क्षेत्र की सांसद गीता कोड़ा की मां के निधन की सूचना पर झारखंड पुनरूत्थान अभियान की ओर से चाईबासा में शोकसभा का आयोजन किया गया. शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति की कामना की गई. गीता कोड़ा की मां की आज मौटाबासा में आदिवासी हो समाज के दस्तूर के आधार पर शवदाह किया गया. शोकसभा में झारखंड पुनरूत्थान अभियान के सन्नी सिंकु,अमृत मांझी,नारायण पूर्ति,शैली शैलेंद्र सिंकु, समीर देवगम,उपेंद्र सिंकु, अर्जुन ताम सोय, अरिल सिंकु ,चैतन्य मुंडा शामिल थे.

### सड़क दुर्घटना में विक्षिप्त महिला हुई घायल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एन एच 49 पर बुधवार को शाम सुवर्ण रेखा होटल के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से विक्षिप्त महिला बुरी तरह से घायल हो गयी. जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से पुलिस अपनी निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा हेतु एमजीएम हॉस्पिटल जमशेदपुर रेफर कर दिया गया. ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल अपने स्तर करने में जुटी हुई है.

---

#### एलबीएसएम कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

# आदिकाल से नारियों का योगदान बराबर रहा है : डॉ अशोक

**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एलबीएसएम कॉलेज इकाई की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य रूप से कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा एवं एनएसएस के को-ऑर्डिनेटर संचिता भुई सेन उपस्थित थीं. कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने कहा कि भारतीय वैदिक इतिहास से लेकर आज तक हर जगह नारियों का योगदान समाज में बराबर रहा है. अगर भारत के इतिहास की बात करें तो बहुत से लोगों का योगदान इसमें रहा है. इसका उदाहरण राजा राममोहन राय द्वारा सती प्रथा को खत्म करना या बाद में ईश्वर चंद्र विद्यासागर द्वारा महिला सशक्तिकरण की आधुनिक भारत में प्रचार करना शामिल है. आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढ़कर आगे आ रही हैं.

भारतीय समाज में महिलाओं को लक्ष्मी का दर्जा प्राप्त है :डॉ संचिता

डॉ संचिता ने कहा भारत हमेशा से मातृ सत्तात्मक देश रहा है वैदिक काल से लेकर आज तक हर जगह महिलाओं को प्रथम और सर्वोच्च स्थान प्राप्त है.

### संदेशखाली की घटना शर्मसार करने वाली है:प्रो ऋतु

भूगोल विभाग की एचओडी प्रो ऋतु कुमारी कहा कि आज हम सभी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहे हैं, लेकिन आज से कुछ दिन पूर्व जिस प्रकार से पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में शर्मसार करने वाले घटना हम सबों के सामने आयी है, वह समाज के लिए निंदनीय है. आखिर आज भी हमारे समाज में इस प्रकार के लोग रह रहे हैं, जो महिलाओं के साथ इतनी बर्बरता पूर्ण व्यवहार कर रहे हैं और इन सबों से बढ़कर शर्म की बात तो यह है कि उन्हें राजनीतिक पार्टियों का संरक्षण प्राप्त हो रहा है. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ऐसे सामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की तो मांग करता ही है, हमारे समाज की माताएं बहनें और सशक्त हो सुरक्षित हों, समृद्ध हों इसके लिए भी लगातार प्रयत्न कर रहे हैं.

अगर आधुनिक भारत की बात करें तो चाहे अंतरिक्ष विज्ञान हो या खेल का मैदान हो या राजनीतिक गलियारे हर जगह महिलाओं का योगदान अद्वितीय है. देश की राष्ट्रपति और जब बात खेलों की हो तो ओलंपिक व एशियाई गेम्स जैसी प्रतियोगिताओं में महिलाओं का योगदान अविश्वसनीय है.

---

#### वर्कर्स कॉलेज की जर्जर भवन छत के प्लास्टर या छज्जे टूट कर गिर रहे हैं

# जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में छात्रों ने की तालाबंदी , तीन घंटे तक चला हंगामा

**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**



मानगो स्थित जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में बुधवार को छात्रों ने तालाबंदी कर धरना दिया और करीब तीन घंटे तक ने हंगामा व नारेबाजी की. बता दें कि कॉलेज भवन की स्थिति काफी जर्जर है. आये दिन कॉलेज में किसी न किसी क्लास रूम में छत की प्लास्टर या छज्जा टूट कर गिर रहा है. इससे छात्र सहमे हुए हैं और डर के साए में क्लास करने को मजबूर हैं. ज्यादातर क्लास रूम में ताला बंद कर दिया गया है. इसी कारण छात्रों ने जोरदार हंगामा किया.

**कल हेलमेट पहन कर करेंगे क्लास :** छात्रों का नेतृत्व कर रहे छात्र आजसू के कोल्हान प्रभारी हेमंत पाठक ने कहा कि एचआरडी और कोल्हान विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, राज्य सरकार नाइस मामले में चुप्पी साध रखी है. कॉलेज का प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी हाल, वोकेशनल डिपार्टमेंट बने हुए लगभग 70 वर्ष हो गए हैं. सभी की स्थिति जर्जर है. कुछ दिन पहले एक छात्र के बाइक पर मलबा गिर गया था. हजारों छात्रों ने एग्जाम दिया उसके अगले ही दिन छज्जा टूट कर गिर गया. आये दिन किसी न किसी क्लास में ऐसी घटना हो रही है. अब आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए कल सभी छात्र हेलमेट पहनकर क्लास करेंगे और कला पट्टा लगाकर सांकेतिक विरोध-प्रदर्शन करेंगे.

**खास बातें**

- छात्र सहमे हुए हैं व डर के साए में क्लास करने को मजबूर हैं
- रोज कॉलेज में किसी न किसी क्लास रूम में प्लास्टर टूटता है
- कल से सभी छात्र हेलमेट पहनकर क्लास करेंगे

**ये थे शामिल :** छात्र संघ ने करीब तीन घंटे तक मेन गेट को बंद कर प्रशानिक भवन में हंगामा किया और छात्र हित में नए भवन निर्माण की मांग की. इस दौरान हेमंत पाठक, राजेश महतो, साहेब बगती, शैलेश कुमार, अमृतांशु कुमार, अमरजीत कुमार, पवन कुमार, अंजलि कुमारी, पूजा कुमारी, आरती कुमारी, शर्मिला कुमारी, नर्गिस खातून, लता मिश्रा, खुशबू महतो, सिमरन, आसमा, संगीता कुमारी, अभिषेक सिंह, राजू कुमार, कृष्ण सिंह, पबिता महतो, पुष्प सिंह, ममता सिंह, राहुल सिंह, बलराम सिंह, आशुतोष कुमार, अनिमेष कुमार, आनंद कुमार, सुशांत कुमार समेत कई छात्र उपस्थित थे.

**क्या हैं छात्रों की मांगें**

- राज्य सरकार ये एचआरडी इस मामले को शीघ्र संज्ञान में लेकर नए भवन बनाने का रास्ता साफ करे.
- कॉलेज का परिसर बहुत छोटा है इसी लिए नए जमीन की खोज कर नए परिसर को बनवाने की कृपा करे.
- जिस-जिस क्लास रूम की स्थिति खराब है उसकी जांच कर उसमे ताला बंद किया जाए.

### मनोहरपुर का युवक शुभम लापता, मामला थाने में दर्ज

**किरीबुरु।** मनोहरपुर के ग्वाला पट्टी निवासी शुभम प्रमाणिक (18 वर्ष) के लापता होने के संबंध में पिता रवि प्रमाणिक ने मनोहरपुर थाना में शिकायत दर्ज कराया. दर्ज शिकायत में कहा गया है कि 4 मार्च की सुबह से शुभम काम करने सैलून गया था, पुनः दोपहर को खाना खाने घर आया, फिर सैलून काम करने चला गया. संध्या लगभग 8 बजे किसी का फोन आया फोन से बात करते करते वह बाहर निकल गया. उसके बाद अमित ठाकुर ने दुकान बन्द करते समय फोन किया तो शिवम ने बताया कि सन्नी लोग के साथ चार्ट खाने उंधन आये है. उसके बाद से रात 11 बजे तक फोन किये, रिंग होता रहा पर बात नहीं हुई. उसके बाद से फोन बन्द बताने लगा और शिवम प्रमाणिक घर वापस नहीं आया है.

### ग्राम सभा में कई सड़कों का प्रस्ताव हुआ पारित

**चाईबासा।** सदर चाईबासा में गंजड़ा में ग्राम सभा अध्यक्ष कांन्डेराम वोयपाई के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. जिसमें ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल चाईबासा, पश्चिम सिंहभूम के देखरेख में कार्य एजेंसी के माध्यम से प्रखंड सदर चाईबासा के अन्तर्गत पत्ता गुईरा से बड़दोर होते हुए गंजड़ा, बरान्ड़ेया और पत्ता गुईरा चौक पर, जिसकी लम्बाई 9 किलो मीटर और प्राक्कलित राशि 5 करोड़ 29 लाख का निर्माण कार्य है. कार्य एजेंसी अपना पथ निर्माण कार्य , कनीय अभियंता, सहायक अभियंता के अनुस्थित में विना देखरेख में गुणवत्ता को नजरंदाज कर निर्माण कार्य करना, मिलीभगत का ही परिणाम है. पीसीसी कार्य में घटिया स्तर का निर्माण कार्य से दरारें पड़ने लगा, पानी का छिड़काव अच्छी तरह से नहीं होना भी है.

---

#### आदित्यपुर में सात दिनों से बंद था कचरा उठाव

# कचरा वाहन चालकों की बेमियादी हड़ताल सात दिनों बाद हुई समाप्त

**संवाददाता । आदित्यपुर**

नगर निगम आदित्यपुर क्षेत्र में 7 दिन से जारी डोर टू डोर कचरा उठाव बुधवार को बगैर किसी आश्वासन के कचरा वाहन चालकों ने समाप्त कर दिया है. बता दें कि वाहन चालक एजेंसी के शर्तों पर काम नहीं करने को लेकर 7 दिन से हड़ताल पर डटे थे. लेकिन एजेंसी की अड़ियल रवैया को देखते हुए और शादी ब्याह एवं पर्व त्योहार को देखते हुए वाहन चालकों ने कोल्हान मजदूर यूनियन के नेता पूर्व विधायक अरविंद सिंह के आश्वासन पर चालको ने हड़ताल समाप्त कर काम पर वापस लौट गए हैं. बता दें कि कचरा उठाव की ठेका लेने वाली एजेंसी ने अपनी शर्त में कहा है कि वाहन चालकों को गार्बेज के वजन के हिसाब से पेमेंट करेंगे जिसे वाहन चालक मानने को तैयार नहीं थे. जबकि एजेंसी कोई समझौता नहीं करने पर अड़ा था. इन्हीं रस्साकशी में आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा उठाव पिछले 7 दिन से ठप था. कचरा वाहन चालकों अपनी कुछ मांगों को लेकर ने अनिश्चित कालीन हड़ताल कर रखी थी. जिससे पूरे नगर निगम क्षेत्र में घरों से कचरा उठाव का काम ठप्प था. हड़ताली गाड़ी चालकों को ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह कोल्हान मजदूर यूनियन के बैनर तले समर्थन कर रहे थे. अब यूनियन ने चालकों को आश्वस्त किया है कि उनकी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी और बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जायेगी.

**खास बातें**

- मजदूर यूनियन के आश्वासन पर चालक काम पर लौटे
- एजेंसी ने कहा- शर्तों के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे

---

#### धन की क्षति रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की

# शादी में हो रहे धन के खर्च पर रोक लगाने की राष्ट्रपति व पीएम से गुहार

**संवाददाता । आदित्यपुर**



प्रो. एसके महतो.

आदित्यपुर के एक प्रबुद्ध नागरिक प्रो. सुरेंद्र कुमार महतो ने उद्योगपतियों द्वारा शादी समारोहों में धन के अपव्यय पर रोक लगाने की गुहार राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ देश के नामी गिरामी उद्योगपतियों से लगाई है. प्रो. ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ मेसर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज/ मेसर्स रिलायंस फाउंडेशन/ रतन टाटा, मेसर्स टाटा उद्योग समूह के अध्यक्ष/ आनन्द महिंद्रा , अध्यक्ष महिंद्रा एंड महिंद्रा को मेल भेजकर यह गुहार लगाई है. जिसमें उन्होंने कहा है कि देश के एक वरिष्ठ एवम प्रबुद्ध नागरिक की हैसियत से इस संबंध में एक परामर्श देना चाहता हूं. अखबारों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म से यह ज्ञात हुआ है कि देश के एक बड़े उद्योगपति ने हाल ही में अपने पुत्र के विवाहपूर्व समारोह पर अरबों - खरबों रुपये खर्च किए हैं. उन्होंने देश एवम विदेश के कोने कोने से अनेकों सेलिब्रेटीज एवम प्रसिद्ध उद्योगपतियों को गुजरात में आयोजित इस समारोह पर आमन्त्रित किया और बुलाया जिसके आने- जाने, ठहरने एवम खाने - पीने पर अरबों रुपए खर्च किए गए हैं. संभावना है कि इन सेलिब्रेटीज को इस समारोह में अपना परफॉर्मेंस दिखाने के लिए भी करोड़ों रुपये उन्हें उनके पारिश्रमिक के रूप में दिए गए होंगे. इस कुछ दिन के समारोह आयोजन पर उक्त उद्योगपति के द्वारा जो अरबों खरबों रुपये खर्च किए गए हैं, इतने रुपयों से देश के कई राज्यों की गरीबी दूर हो सकती थी. लाखों गरीब कन्याओं का विवाह संपन्न हो जाता. लेकिन अफसोफ है कि इस दो चार दिन के समारोह में देश का अरबों-खरबों रुपये इस उद्योगपति ने स्वाहा कर दिए. यहां तक कि इस समारोह में शिरकत करने के लिए विदेश से बुलाए कई सेलिब्रेटी में से एक सेलिब्रेटी को मात्र घंटा एक के लिए 74 करोड़ रुपए भुगतान दिए गए हैं.

**खास बातें**

- समारोह में अरबों रुपये एक उद्योगपति ने स्वाहा कर दिए
- इतने रुपयों से कई राज्यों की गरीबी दूर हो सकती थी

---

## न्यूज अपडेट

### नेपाली सेवा समिति में धूमधाम से मनेगी महाशिवरात्रि



**जमशेदपुर।** नेपाली सेवा समिति कार्यालय में बुधवार की सुबह 11 बजे से कमिटी के केंद्रीय अध्यक्ष विजय कुमार दमाई की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें 8 मार्च को महाशिवरात्रि पूजा समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. उन्होंने कहा कि समिति परिसर स्थित श्री श्री पशुपतिनाथ मंदिर पूरे झारखंड में एकमात्र मंदिर है, जो नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है. यह जमशेदपुर एवं आसपास के सभी लोगों के लिए आस्था का स्थल है. प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री पशुपतिनाथ मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया जाएगा. महाशिवरात्रि की सुबह 9 बजे से ही समाज के पुरोहित खेमलाल पांडे एवं भीम प्रसाद पोखरेल पूजा-पाठ प्रारंभ करेंगे.

### प्रखंड प्रमुख ने किया स्नान घाट निर्माण का शिलान्यास



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत पांकलो गांव के तलाव में स्नान घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख सुषमा मुर्मू के कर कमलों द्वारा शिलान्यास किया गया. वहीं तालाब में स्नान घाट निर्माण ग्रामीणों का यह पुराना मांग था. जिस पर अमल होते ही बुधवार को ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की.इस मौके पर मुखिया राम मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य शुभ्रा महापात्र, उप मुखिया भवानी रानी, भोल ग्राम प्रधान लेपा मुर्मू, जयदेव दास, दिपक सोरेन, विश्वजीत राना आदि उपस्थित थे.

### जेकेएस कॉलेज में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो स्थित जेकेएस महाविद्यालय में बुधवार को कॉलेज की एनएसएस इकाई के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो लक्ष्मी मुर्मू की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस अवसर पर पॉट डेकोरेशन एवं म्यूजिकल चेयर्स प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ हिस्सा लिया. कार्यक्रम के पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तमन्ना सोविया एवं ग्रुप, द्वितीय स्थान पर शहनवाज़ एवं ग्रुप तृतीय स्थान पर राहुल गोस्वामी एवं ग्रुप विजेता रहे. म्यूजिकल चेयर्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सानिया परवीन, द्वितीय स्थान पर अभिषेक शर्मा एवं तृतीय स्थान पर अर्फी परवीन विजेता रही.

### श्रीश्री तारकेश्वर शिव मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान शुरू



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के केसरदा पंचायत अंतर्गत श्री श्री तारकेश्वर शिव मंदिर में पांच दिवसीय धार्मिकअनुष्ठान वैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ शुरू हुआ . सुबह गुहियापाल स्वर्ण रेखा नदी घाट से सैकड़ों महिलाओं ने गाजे-बाजे तथा कीर्तन मंडली के साथ मंदिर प्रांगण अवस्थित यज्ञ स्थल पर लाकर स्थापित किया गया. तत्पश्चात मुख्यपुजारी व उनके सहकर्मी द्वारा देवी देवताओं का आह्वान , पूजन, वैष्णवाग्नि, संस्कार ,महायज्ञ, आरती व पुष्पांजलि के साथ आदि धार्मिक अनुष्ठान किया गया. पूजा अर्चना के बाद आसपास से आए हुए ग्रामीण भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया.

### देवलटांड में अखंड हरिनाम संकीर्तन 12 से, तैयारी जारी

**चांडिल।** ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड में तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन 12 मार्च से किया गया है. श्रीश्री सार्वजनिक हरिनाम संकीर्तन समिति देवलटांड की ओर से होने वाले संकीर्तन महायज्ञ में छह कीर्तन मंडली अपना सहयोग देंगे. संकीर्तन महायज्ञ के लिए गांव में भव्य रूप से तैयारियां की जा रही है. राधारानी मंदिर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है. समिति की ओर से मिली जानकारी के अनुसार अखंड हरिनाम संकीर्तन के आयोजन को यादगार बनाने की तैयारी की जा रही है. अखंड हरिनाम संकीर्तन के लिए 11 मार्च को गंधादिवास होगा. इसके बाद 12 मार्च से हरिनाम का जाप प्रारंभ होगा. संकीर्तन में 14 मार्च को जागरण रात्रि के बाद 15 मार्च को सुबह धुलट और प्रसाद वितरण के साथ हरिनाम की पूर्णाहूति दी जायेगी.राधारानी मंदिर में होने वाले अखंड हरिनाम संकीर्तन में छह विख्यात संकीर्तन मंडली सहयोग करेंगे.

### बाल सहायता केंद्र को सुचारू रूप से चलाने की मांग

**किरीबुरु।** जिला प्रशासन के प्रयास से बाल संरक्षण मुद्दों में बेहतर कार्य करने के उद्देश्य से संचालित बाल सहायता केन्द्र, मनोहरपुर को सुचारू रूप से चलाने, इस कार्यालय में सुदूरवर्ती क्षेत्रों के बच्चों के कैरियर काउंसलिंग विकसित करने हेतु झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के प्रभारी हेड गोवर्धन ठाकुर ने उपायुक्त को पत्र लिखा. उन्होंने कहा कि सारंडा क्षेत्र के काफी सारे बच्चें स्कूलों एवं कॉलेजों से परीक्षा पास होने के उपरांत नौकरी के तलाश में लग जाते है. जबकि उनका कैरियर काउंसलिंग स्कूलों में शिक्षा के साथ ही चलते रहना चाहिए ताकि परीक्षा पास हो जाने के बाद आगे की तैयारी वो कर सकें और उनका पलायन अन्य राज्यों में नहीं हो पाये. इस प्रकार का कैरियर काउंसलिंग स्कूलों में नहीं होता है, चूंकि हमारा पहला प्रखण्ड है कि कुछ समय से यहां बच्चों के अधिकारों के बीच बेहतर रोजगार हेतु कैरियर काउंसलिंग के बारे में बाल संरक्षण सहायता केन्द्र में पदस्थापित कर्मी द्वारा मनोहरपुर स्थित आइटीआई के बच्चों की बीच दी गयी है.

### अभियान का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**चाईबासा।** लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान का प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मिलकर बुधवार को लोकसभा चुनाव के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की. लोकतंत्र को बचाने के लिए साझा ज़मीनी संघर्ष के लिए अपील किया. प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अभियान के विषय में कहा कि अभियान अंतर्गत राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में 2024 लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में लगभग एक साल से जन जागरण कार्यक्रमों जैसे जन सभा, कार्यशाला, यात्राओं व वॉलंटियर प्रशिक्षणों आदि का आयोजन किया जा रहा है. लोगों को संगठित किया जा रहा है. 2024 लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को हटाने के लिए लोकतंत्र पसंद लोगों, संगठनों और इंडिया पार्टियों को मिलकर जन मुद्दों पर साझा ज़मीनी संघर्ष करने की ज़रूरत है. राज्य के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में काम का सार्वजनिक अधिकार सुनिश्चित करने की ज़रूरत है. अभियान प्रतिनिधिमंडल में अलोका कुजूर, अफ़ज़ल अनीस, दिनेश मुर्मू, एलिना होरो, ज्योति कुजूर, जयसिंह बोदरा, सिराज दत्ता व टॉम कावला शामिल थे.

---

**आयोजन**

#### अल्पसंख्यकों व आदिवासियों के मानवाधिकार पर प्रशिक्षण आयोजित

# संस्कृति मानव जीवन में आधार की रखती है : डॉ राजेंद्र भारती

**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**



जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग तथा नेशनल ह्यूमन राइट्स कमिशन, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय था- "झारखंड में अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के मानवाधिकार". कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोल्हन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ राजेंद्र भारती तथा रिसोर्स पर्सन श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के डीन ह्यूमैनिटीज प्रो मो अयूब एवं मुख्य वक्ता जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी पीजी डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रो डॉ सोनाली सिंह तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय एंथ्रोपोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रो डॉ अभय सागर मिंज थे. कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की. मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार ने कार्यक्रम का विधिवत्त उद्घाटन किया. उन्होंने अपने भाषण में संस्कृति शब्द को परिभाषित किया और बताया के संस्कृति मानव जीवन में आधार की हैसियत रखती है. संस्कृति ही है जिसमें हमारा वास्तविक स्वरूप निहित होता है. डॉ राजेंद्र भारती ने दोनों आयोजक संस्थाओं को बधाई दी. उन्होंने अपने संबोधन में संवर्धन की चुनौतियों तथा संस्कृति पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि संस्कृति समाज के एकीकरण एवं स्थायित्व के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. इसका महत्व उस समय और बढ़ जाता है जब हम देश के अल्पसंख्यक नागरिकों और आदिवासियों के संदर्भ में बात करते हैं.

इससे पूर्व करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य और इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ मोहम्मद रियाज ने पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट एवं शॉल ओढ़ाकर अतिथियों का स्वागत किया. प्राचार्य ने स्वागत भाषण करते हुए भारतीय संविधान की तरफ सभा का ध्यान आकृष्ट कराया. उन्होंने कहा कि हमारा संविधान भारत के नागरिकों के प्रत्येक वर्ग के अधिकारों तथा स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करता है. कार्यक्रम के कंवेनर तथा राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अनवर शहाब ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को सभा के समक्ष रखा. उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य यहां के अल्पसंख्यकों तथा विशेष कर आदिवासियों को उनके उन अधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूक बनाना है, जो उन्हें भारतीय संविधान द्वारा प्रदान किया गया है.

---

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल के लिए आज काला बुधवार है. दो अलग-अलग दुर्घटना में दो युवकों की मौत से चांडिल में चारों ओर मायूसी छाई है. पहली घटना चांडिल थाना क्षेत्र के लेंगडीह का है, जहां सड़क दुर्घटना में रावताड़ा के एक छात्र की मृत्यु हो गई. वहीं दूसरी घटना मानीकुई पुल के नीचे सुवर्णरेखा नदी में पानी बहता एक युवक की लाश मिली है. चांडिल थाना की पुलिस दोनों घटनाओं की जांच में जुट गई है. पहली घटना में मृतक के परिजन घटना का संदिग्ध बता रहे हैं.

**इंटर का परीक्षा दे रहा था करण :** चांडिल थाना क्षेत्र के लेंगडीह के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर मंगलवार की देर रात हुई दुर्घटना में रावताड़ा के एक छात्र की मृत्यु हो गई. घटना की जानकारी लोगों को बुधवार को भोर के समय हुई. मृतक की पहचान रावताड़ा के रहने वाले शिवराम महतो के पुत्र 19 वर्षीय करण महतो के रूप में किया गया है. मिली जानकारी के अनुसार मृतक इंटरमीडिएट का परीक्षा लिख रहा था और बुधवार को ही उसका प्रैक्टिकल परीक्षा था. मृतक के परिजन घटना का संदिग्ध मान रहे हैं. उनका कहना है कि करण मध्यरात्रि को घर से बाहर निकला था. सुबह खोजबीन के दौरान परिजनों को उसकी मृत्यु की सूचना मिली. इस संबंध में चांडिल थाना प्रभारी वरूण यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. पुलिस हर एंगल से घटना की जांच करेगी. बताया जा रहा है कि मृतक छात्र पुलिस में नौकरी के लिए तैयारी भी करता था. रोज सुबह दौड़ने के लिए जाता था.

### नदी के बीच मिला युवक का शव

चांडिल-कांड्रा सड़क पर मानीकुई पुल के नीचे सुवर्णरेखा नदी के बीच पानी में एक युवक का शव मिला है. स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह जब वे नहाने के लिए नदी पहुंचे और पत्थर में फंसा शव को देखा. लोगों ने इसकी सूचना तत्काल अन्य ग्रामीणों को दी. कांड्रा और चांडिल थाना की पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई. नदी के बीच रहने के कारण मामला कांड्रा और चांडिल थाना के बीच सीमा क्षेत्र को लेकर फंस गया था. नदी में मिली युवक की लाश की पहचान रुदीया पंचायत के बोहड़ाडीह गांव ग्राम निवासी सरवन सिंह सरदार के पुत्र 32 वर्षीय वीरेंद्र सिंह सरदार के रूप में किया गया है.

# लोकतंत्र की लक्ष्मण रेखा

लोकतंत्र की लक्ष्मण रेखा तय करने का समय आ गया है. यदि इसमें कोताही जारी रही तो न केवल साख का संकट गहराता जाएगा, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर भी संदेह बढ़ेगा. इस आरोप को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि न्यायपालिका का एक हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है. इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में आई है. कलकता हाईकोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने जिस तरह इस्तीफा दिया और भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला सुनाया, उससे पिछले दो तीन सालों में तृणमूल कांग्रेस के विरोध में दिए गए उनके फैसलों को ले कर संदेह प्रकट किया जाना लाजिमी है. आमतौर पर माना जाता है कि भारत की न्यायपालिका संविधान की मूल भावना और चेतना की रक्षक है और उसके फैसले राजनीतिक पक्षपात से अलग होते हैं. लेकिन पिछले कुछ सालों में कुछ महत्वपूर्ण मामलों में सरकार के पक्ष में फैसला देने वाले जजों को विभिन्न पदों पर बैठा कर नवाजा गया है, उस कारण कई सवाल पैदा हो गए हैं. वोट के बदले नोट मामले में सर्वोच्च अदालत के फैसले को प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की दिशा में महत्वपूर्ण बताया था, लेकिन राजनीतिक भ्रष्टाचार के कई रूप हैं. इसकी लक्ष्मण रेखा तय करने का समय भी आ गया है, ताकि

> कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय के कई आदेशों से पश्चिमी बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हुई थीं, जबकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के तृणमूल विरोधी अभियान को उन आदेशों से बल मिला था.

अदालतों के फैसले विवाद रहित और अराजनीतिक बने रहें. किसी संवैधानिक न्यायालय का वर्तमान जज आम चुनाव से ठीक पहले राजनीति में भाग लेने का इरादा जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे, तो बेशक उससे न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर आम जन के बीच एक बेहद खराब संदेश जाएगा और खासकर तब तो बिल्कुल ही ऐसा होगा, अगर उस जज ने अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे अनेक आदेश दिए हों और टिप्पणियां की हों, जिनसे एक पार्टी विशेष को अपना एजेंडा आगे बढ़ाने में मदद मिली हो. दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय न्यायपालिका में सचमुच ऐसी घटनाएं हो रही हैं. कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय के कई आदेशों से पश्चिमी बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हुई थीं, जबकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के तृणमूल विरोधी अभियान को उन आदेशों से बल मिला था. इसीलिए जस्टिस गंगोपाध्याय ने जब यह एलान किया कि वे अपने पद से इस्तीफा देकर राजनीति में प्रवेश करेंगे, उससे न्यायिक निष्पक्षता के पक्षधर लोगों को आघात पहुंचा. अतीत में कम-से-कम ऐसी दो मिसालें हैं, लेकिन यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि तब न्यायपालिका इतने सवालों से घिरी हुई नहीं थी, जितनी आज है. तब के जजों के निर्णयों को उनके व्यक्तिगत विचलन के तौर पर देखा गया था. उनमें से एक जज सत्ताधारी दल के नहीं, बल्कि विपक्ष के उम्मीदवार बने थे. इस समय लोकतंत्र, चुनाव प्रणाली और संविधान की मूल आत्मा को बचाए रखने की बड़ी चुनौती है.

## सुभाषित

**काको कृष्णः पिको कृष्णः को भेदो पिककाकयो।**
**वसन्तकाले संप्राप्ते काको काकः पिको पिकः।।**


कोयल भी काले रंग की होती है और कौवा भी काले रंग का होता है, तो दोनों में क्या अंतर है? वसंत के आगमन के साथ, यह ज्ञात हो जाता है कि एक कोयल कोयल है और एक कौवा एक कौवा है. अर्थात जब तक गुण प्रकाश में नहीं आता, रूप का कोई मतलब नहीं रह जाता.

# लोकतंत्र में सामूहिक प्रयास जरूरी

**विपक्षी पार्टियों का कहना है कि यदि वर्तमान सरकार फिर से सत्तारूढ़ होती है, तो फिर देश में कभी कोई चुनाव होने वाला नहीं है. खासकर कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर काफी चिंतित है कि यदि यही सरकार फिर से सत्ता में आएगी, तो किस प्रकार सत्ता के बल पर विपक्ष को खत्म कर देगी और तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश को उद्यमियों के हाथों में गिरवी रख दिया जाएगा, इसे कोई नहीं जानता. आगे भविष्य में क्या होगा, यह तो अभी स्पष्ट रूप से कोई नहीं कह सकता.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर पर लिखी किताब में वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय लिखते हैं कि 'चंद्रशेखर वेश बदलने में यकीन नहीं करते. प्रधानमंत्री बनने पर उसी धोती—कुर्ता में उन्हें कहीं पाकर आम आदमी का आत्मबल बढ़ा. सार्क में उनका भाषण परंपरा के मुताबिक लिखा गया था. उसे उन्होंने एक ओर रख दिया. वे धाराप्रवाह बोले.' इसका तो इस लेख के लेखक भी स्वयं साक्षी रहा है, जब पंजाब के पठानकोट में 30 सितंबर 2001 को एक सम्मेलन के दौरान उनके साथ मंच साझा करने का अवसर मिला था. उन्होंने पोडियम पर रखे सारे भाषण को एक ओर रख दिया और धारा प्रवाह भाषण देना शुरू किया. उनकी वाणी के ओज को देख—सुनकर सब दंग रह गए थे. बिल्कुल ग्रामीण वेशभूषा का व्यक्ति जब इस प्रकार श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहा हो, तो स्वाभाविक रूप से उनका आत्मबल बढ़ता है. बदले भेष में मंच पर या सांसद के किसी भी सदन में कभी किसी ने नहीं देखा. यही तो आज चर्चा का विषय है जिससे सत्तारूढ़ भाजपा में खलबली मची है. विपक्षी पार्टियों का कहना है कि यदि वर्तमान सरकार फिर से सत्तारूढ़ होती है, तो फिर देश में कभी कोई चुनाव होने वाला नहीं है. खासकर कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर काफी चिंतित है कि यदि यही सरकार फिर से सत्ता में आएगी, तो किस प्रकार सत्ता के बल पर विपक्ष को खत्म कर देगी और तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश को उद्यमियों के हाथों में गिरवी रख दिया जाएगा, इसे कोई नहीं जानता. आगे भविष्य में क्या होगा, यह तो अभी स्पष्ट रूप से कोई नहीं कह सकता, लेकिन इतना तो तय है कि जिस प्रकार छापेमारी के बल पर, सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स का डर दिखाकर देश को भ्रमित किया जा रहा है, ऐसा इससे पहले किसी भी सरकार ने नहीं किया. आजादी के बाद का इतिहास यदि देखा जाए तो किसी सरकार के कार्यकाल में समाज से इन सरकारी हथकंडों के बल पर धन उगाही नहीं की गई. अभी पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को लेकर जो कुछ भी कहा, उससे तो यह बात साफ हो गई कि वर्तमान केंद्र सरकार ने तरह—तरह के नए—नए कानून बनाकर कालाधन को बढ़ावा दिया और अपनी पार्टी के लिए देश के लगभग हर जिले में अपना कार्यालय बनाया. यह सब जनता का दोहन ही तो है. अब आगे क्या होगा? इस बात को कहने के लिए विपक्षी पार्टियों का कहना है कि यदि वर्तमान सरकार फिर से सत्तारूढ़ होती है, तो फिर देश में कभी कोई चुनाव होने वाला नहीं है. खासकर कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर काफी चिंतित है कि यदि यही सरकार फिर से सत्ता में आएगी, तो किस प्रकार सत्ता के बल पर विपक्ष को खत्म कर देगी और तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश को उद्यमियों के हाथों में गिरवी रख दिया जाएगा, इसे कोई नहीं जानता. आगे भविष्य में क्या होगा, यह तो अभी स्पष्ट रूप से कोई नहीं कह सकता, लेकिन इतना तो तय है कि जिस प्रकार छापेमारी के बल पर, सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स का डर दिखाकर देश को भ्रमित किया जा रहा है, ऐसा इससे पहले किसी भी सरकार ने नहीं किया.विपक्ष सुप्रीम कोर्ट के दो फैसलों को उदाहरण के रूप में पेश करते हैं. पहला तो यह कि सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया. दूसरा चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में कराए गए हेरफेर को. कहते हैं कि यह इलेक्टोरल बॉन्ड तो काले धन के रूप में अकूत सत्तारूढ़ दल के पास पड़ा है और चंडीगढ़ मेयर चुनाव के हेरफेर को यह कहकर बताते हैं कि यह चोरी तो आज पकड़ी गई, अन्यथा जबसे भाजपा सत्ता में आई है, तभी से सत्तारूढ़ दल द्वारा इसी अवैध तरीके से चुनाव लड़ा और जीता है.

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस महागठबंधन को धता बताकर केंद्र में सत्तारूढ़ दल के साथ अपना पाला बदला, उससे तो लगने यही लगा था कि और बड़े—बड़े राजनीतिज्ञ अपना आकलन करने लगे कि अब महागठबंधन समाप्त हो गया. ऐसा इसलिए कि महागठबंधन तैयार करने में एक उनकी भी भूमिका महत्वपूर्ण थी और सच में उसके एक स्तंभ माने जा रहे थे, लेकिन किस राजनीतिक लोभ के कारण उन्होंने अपना पाला बदला, देश इसे लेकर अभी भी संशय में है. इसी प्रकार देश के कई जाने—माने नेताओं का पलायन या हॉर्स ट्रेडिंग शुरू कर दी गई, जिससे लगने लगा कि अब महागठबंधन समाप्त हो जाएगा. लेकिन, यह तो मात्र उन नेताओं को महागठबंधन में परखना था कि वे उनके साथ हैं या नहीं. ऐसे बेपेंदी के लोग डर से उसी तरह समुद्र में कूद पड़े, जिस तरह पानी में डूबते जहाज से चूहे कूद पड़ते हैं. शायद इस नए गठबंधन से उनका भरोसा उठ गया अथवा वे नेता सत्तारूढ़ की इस धमकी से डर गए, जो सत्तारूढ़ की ओर से ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का दिखाया जाता है. यह बात समझ में नहीं आती कि आखिर ये नेता चुनाव काल में ही इतने भ्रष्ट क्यों हो जाते हैं, क्यों विपक्षियों के घर या दफ्तर पर छापे पड़ने लगते हैं. इसका एकमात्र उद्देश्य केवल धन एकत्र करना अथवा समाज में उनको अपमानित करना ही है. अगर ऐसा नहीं है तो वह कौन सा कारण होता है कि चुनाव काल में ही सभी विपक्षियों के यहां छापे पड़ने लगते हैं. उसमें भी यह बात समझ में नहीं आती कि क्या सभी भ्रष्टाचारी विपक्षी दलों में ही हैं? सत्तारूढ़ दल का एक भी व्यक्ति या नेता भ्रष्ट नहीं है?

अब लोकसभा 2024 के चुनाव में यह देखना होगा कि देश की जनता तरह—तरह के पोज देने वाला वस्त्रादि बदलने वाले नेता को चुनकर अपनी गलती फिर से दोहराना चाहती है अथवा नए उत्साही, पढ़े—लिखे को अपना अमूल्य मत देकर अपने देश के विकास के मार्ग को प्रशस्त करना चाहती है. अब यह चुनाव होने में और देश का कायाकल्प होने का समय करीब आता जा रहा है, किसी दूसरे को भी देश चलाने का अवसर मिलना चाहिए. दस वर्ष तक गुमराह होकर सत्ता के प्रति विश्वास रखना अब खतरे के निशान को पार कर गया है. इसलिए देश में सत्ता परिवर्तन होना ही चाहिए. ऐसा इसलिए, क्योंकि यदि ऐसा नहीं किया गया, तो सरकार निरंकुश हो जाती है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## चरित्र : सर्वगुण आधार

राक्षसराज प्रह्लाद ने अपनी तपस्या एवं अच्छे कार्यों के बल पर देवताओं के राजा इन्द्र को गद्दी से हटा दिया और स्वयं राजा बन बैठा. इन्द्र परेशान होकर देवताओं के गुरु आचार्य वृहस्पति के पास गये और उन्हें अपनी समस्या बतायी. वृहस्पति ने कहा कि प्रह्लाद को ताकत के बल पर तो हराया नहीं जा सकता. इसके लिए कोई और उपाय करना पड़ेगा. वह यह है कि प्रह्लाद प्रतिदिन प्रातःकाल दान देते हैं. उस समय वह किसी याचक को खाली हाथ नहीं लौटाते. उनके इस गुण का उपयोग कर ही उन्हें पराजित किया जा सकता है. इन्द्र द्वारा जिज्ञासा करने पर आचार्य वृहस्पति ने आगे बताया कि प्रातःकाल दान-पुण्य के समय में तुम एक भिक्षुक का रूप लेकर जाओ. जब तुम्हारा मांगने का क्रम आये तो तुम उनसे उनका चरित्र मांग लेना. बस तुम्हारा काम हो जाएगा. इन्द्र ने ऐसा ही किया. जब उन्होंने प्रह्लाद से उनका शील मांगा तो प्रह्लाद चौंक गये. उन्होंने पूछा - क्या मेरे शील से तुम्हारा काम बन जाएगा? इन्द्र ने हां में सिर हिला दिया. प्रह्लाद ने अपने शील अर्थात् चरित्र को अपने शरीर से जाने को कह दिया. ऐसा कहते ही एक तेजस्वी आकृति प्रह्लाद के शरीर से निकली और भिक्षुक के शरीर में समा गयी. पूछने पर उसने कहा - मैं आपका चरित्र हूं. आपके कहने पर ही आपको छोड़कर जा रहा हूं. कुछ समय बाद प्रह्लाद के शरीर से पहले से भी अधिक तेजस्वी एक आकृति और निकली. प्रह्लाद के पूछने पर उसने बताया कि मैं आपका शौर्य हूं. मैं सदा से शील वाले व्यक्ति के साथ ही रहता हूं, चूंकि आपने शील को छोड़ दिया है, इसलिए अब मेरा भी यहां रहना संभव नहीं है. प्रह्लाद कुछ सोच ही रहे थे कि इतने में एक आकृति और उनके शरीर को छोड़कर जाने लगी. इसी प्रकार एक-एक कर प्रह्लाद के शरीर से अनेक ज्योतिपुंज निकलकर भिक्षुक के शरीर में समा गये. प्रह्लाद निढाल होकर धरती पर गिर गये. सबसे अंत में एक बहुत ही प्रकाशमान पुंज निकला. प्रह्लाद ने चौंककर उसकी ओर देखा, तो वह बोला - मैं आपकी राज्यश्री हूं. चूंकि अब आपके पास न शील है, न शौर्य, न वैभव है न तप, न प्रतिष्ठा है न सम्पदा. इसलिए अब मेरे यहां रहने का भी कोई लाभ नहीं है. अतः मैं भी आपको छोड़ रही हूं. इस प्रकार इन्द्र ने केवल शील लेकर ही प्रह्लाद का सब कुछ ले लिया. निःसंदेह चरित्रबल मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है. चरित्र हो तो हम सब प्राप्त कर सकते हैं, जबकि चरित्र न होने पर हम प्राप्त वस्तुओं से भी हाथ धो बैठते हैं.

# संकट के मुहाने पर वन्यजीव की आबादी

• वन्य-जीव

अरविंद जयतिलक

विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लैनेट' रिपोर्ट (एलपीआर) की मानें तो वन्यजीव आबादी में साल 1970 से 2018 के बीच तकरीबन 69 प्रतिशत की कमी आयी है. यह पहली बार नहीं है जब किसी संस्था द्वारा वन्यजीवों की घटती आबादी को लेकर चिंता जतायी गयी है. अभी गत वर्ष ही नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैक्सिको और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया था कि पृथ्वी अपने छठे व्यापक विनाश युग में प्रवेश कर चुकी है और वन्य जीवों के खत्म होने की प्रक्रिया जारी है. वैज्ञानिकों का आकलन है कि आगामी वर्षों में जीवों की कुल प्रजातियों में से तकरीबन 75 प्रतिशत विलुप्त हो सकती है. यह शोध प्रासीडिंग्स ऑफ द नेशलन एकेडमी ऑफ साइंसेज नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ. इस रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक पिछले सौ वर्षों में धरती से 200 वर्टीबेट जीवों की प्रजातियां विलुप्त हुई है. जबकि इतनी प्रजातियों की विलुप्ति दस हजार वर्षों में होनी चाहिए थी. शोध के नतीजे बताते हैं कि अब तक पृथ्वी पर जितने जीव हुए, उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक लुप्त हो चुके हैं. इनकी संख्या अरबों में है. 1900 से 2015 के बीच स्तनपायी जीवों की प्रजातियों का इलाका 30 प्रतिशत घटा है. इनमें से 40 प्रतिशत प्रजातियों का इलाका 80 प्रतिशत तक कम हुआ है. गत वर्ष वर्ल्ड वाइल्ड फंड एवं लंदन की जूओलॉजिकल सोसायटी की रिपोर्ट से भी खुलासा हुआ था कि 2020 तक धरती से दो तिहाई वन्य जीव खत्म हो जाएंगे. इस रिपोर्ट में कहा गया था कि दुनिया भर में हो रही जंगलों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ता प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले चार दशकों में वन्य जीवों की संख्या में भारी कमी आयी है. इस रिपोर्ट में 1970 से 2012 तक वन्य जीवों की संख्या में 58 प्रतिशत की कमी बतायी गयी है. हाथी और गोरिल्ला जैसे लुप्तप्राय जीवों के साथ-साथ गिद्ध और रेंगने वाले जीव तेजी से खत्म हुए हैं. रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2025 तक 67 प्रतिशत वन्य जीवों की संख्या में कमी आ सकती है. यहां ध्यान देने वाली बात यह कि खत्म हो रहे जीवों में सिर्फ जंगली जीव ही नहीं, बल्कि पहाड़ों, नदियों एवं महासागरों में रहने वाले जीव भी शामिल हैं. इस रिपोर्ट के मुताबिक 1970 से अब तक इन जीवों की संख्या में तकरीबन 81 प्रतिशत की कमी आयी है.

> पिछले सौ वर्षों में धरती से 200 वर्टीबेट जीवों की प्रजातियां विलुप्त हुई है. जबकि इतनी प्रजातियों की विलुप्ति दस हजार वर्षों में होनी चाहिए थी. शोध के नतीजे बताते हैं कि अब तक पृथ्वी पर जितने जीव हुए, उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक लुप्त हो चुके हैं. इनकी संख्या अरबों में है. 1900 से 2015 के बीच स्तनपायी जीवों की प्रजातियों का इलाका 30 प्रतिशत घटा है.

जीवों के लुप्त होने का एक महत्वपूर्ण कारण इंसानों द्वारा शिकार का लालच भी है. उदाहरण के लिए आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या तेजी से घट रही है. गत वर्ष पहले फिनलैंड की एक अंतरराष्ट्रीय संस्था जस्टिस फॉर एनीमल ने यह चिंता जताया कि इंसानी लालच की वजह से वन्य जीवों का अस्तित्व मिट रहा है. आर्कटिक लोमड़ियां माइनस 70 डिग्री सेंटीग्रेड से कम तापमान में भी अपने विशेष गर्म फर के कारण प्रसिद्ध हैं. इनका शिकार कर मोटा धन कमाया जा रहा है. उल्लेखनीय है कि वन्य प्राणी संरक्षण की अंतरराष्ट्रीय संस्था ने आर्कटिक लोमड़ियों को सबसे कम चिंता वाली श्रेणी में रखा है. इसके बावजूद भी लक्जरी और लाइफस्टाइल के महंगे उत्पाद बनाने वाली अंतरराष्ट्रीय कंपनियां इनके फर महंगे दामों में बेचकर भारी मुनाफा कमा रही हैं. उदाहरण के तौर पर लुई विटन नामक प्रसिद्ध ब्रांड लोमड़ियों के फर से जैकेट बनाकर तकरीबन 6000 डॉलर में बेचता है. फिनलैंड में फर बेचने वाली सबसे बड़ी कंपनी सालाना 25 लाख लोमड़ी की खाल बेचती है. उसी का परिणाम है कि यूरोपीय देश नार्वे, स्वीडन और फिनलैंड में आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या तेजी से कम हो रही है. फिलहाल इन तीनों देशों में आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या घटकर 200 से भी कम हो चुकी हैं. आसमान में अपने करतबों के लिए चर्चित पक्षी हेन हैरियर का बड़े पैमाने पर शिकार हो रहा है. ब्रिटेन में रॉयल सोसायटी फॉर प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस् द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण से खुलासा हुआ है कि पिछले 6 साल में ब्रिटेन में हेन हैरियल की कुल संख्या यानी 545 जोड़ों में 88 जोड़ों यानी 13 प्रतिशत की कमी आयी है. इन पक्षियों की संख्या में ब्रिटेन में हर जगह कमी आ रही है. इंग्लैंड में इन पक्षियों के प्रजनन करने वाले महज चार जोड़े बचे हैं.

# काजल की कोठरी में चुनावी-चंदे का मायाजाल

• सियासत

प्रमोद जोशी

भारतीय आम चुनाव दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक गतिविधि है. यह गतिविधि काले धन से चलती है. काले धन की विशाल गठरियां इस मौके पर खुलती हैं. चंदा लेने की व्यवस्था काले पर्दों से ढकी हुई है. लोकसभा के एक चुनाव में 543 सीटों के लिए करीब आठ हजार प्रत्याशी खड़े होते लड़ते हैं. तीस से पचास हजार करोड़ रुपए की धनराशि प्रचार पर खर्च होती है. शायद इससे भी ज्यादा. राजनीतिक दलों का खर्च अलग है. जो पैसा चुनाव के दौरान खर्च होता है, उसमें काफी बड़ा हिस्सा काले धन के रूप में होता है. यह सोचने की जरूरत है कि यह काला धन कहां से और क्यों आता है. ज्यादातर प्रत्याशी अपने चुनाव खर्च को कम करके दिखाते हैं. चुनाव आयोग के सामने दिए गए खर्च के ब्यौरों को देखें तो पता लगता है कि किसी प्रत्याशी ने खर्च की तय सीमा पार नहीं की. जबकि अनुमान है कि सीमा से आठ-दस गुना तक ज्यादा खर्च होता है. जिस काम की शुरुआत ही गोपनीयता, झूठ और छद्म से हो वह आगे जाकर कैसा होगा? इसी छद्म-प्रतियोगिता में जीतकर आए जन-प्रतिनिधि कानून बनाते हैं. चुनाव-सुधार से जुड़े कानून भी उन्हें ही बनाने हैं. हाल में उच्चतम न्यायालय ने राजनीतिक दलों को चुनावी चंदे की व्यवस्था यानी इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया है. अदालत ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री पर रोक लगा दी है. अदालत के मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में पांच जजों के संविधान पीठ ने इस बारे में 15 फरवरी को फैसला सुनाया. इसके पहले नवंबर 2023 में संविधान पीठ ने लगातार तीन दिनों तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. इस योजना के अवैध घोषित होने के बाद अब ज्यादा बड़ा सवाल यह है कि देश में राजनीतिक-चंदे की व्यवस्था को किस तरह से संचालित किया जाए. यह सवाल आज से नहीं, काफी अरसे से बार-बार पूछा जा रहा है. काफी लोग मानते हैं कि चुनावी-बॉन्ड योजना गलत थी, पर वे बता नहीं पाते हैं कि किया क्या जाए. एक अरसे से चुनाव आयोग चुनाव के दौरान धन-शक्ति को नियंत्रित करने और चंदे की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की माँग करता रहा है. आयोग ने चुनावी-बॉन्ड की व्यवस्था को भी अपारदर्शी बताया था. केंद्र सरकार के तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली का कहना था कि पारदर्शिता बनाने की दिशा में यह पहला कदम है.सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में धन-शक्ति और राजनीति के रिश्तों पर विस्तार से विवेचन किया है. अदालत ने माना है कि वोट जनता देती है, पैसा नहीं. बावजूद इसके ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जिनसे पता लगता है कि कांचन-शक्ति से पूरी राजनीतिक-प्रक्रिया प्रभावित होती है. चुनाव में वे लोग हमेशा पिछड़ते हैं, जिनके पास साधन नहीं होते. खासतौर से पिछड़े और गरीब लोगों के हितों की रक्षा करने वाली राजनीति इस मामले में हार जाती है.

> अदालत ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री पर रोक लगा दी है. अदालत के मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में पांच जजों के संविधान पीठ ने इस बारे में 15 फरवरी को फैसला सुनाया. इसके पहले नवंबर 2023 में संविधान पीठ ने लगातार तीन दिनों तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.

चुनावी व्यवस्था में पेच हैं. एक तरफ हमारे चुनाव कानून प्रत्याशियों के व्यय का नियमन करते हैं, वहीं पार्टियों के खर्च पर कोई रोक नहीं है. इस व्यय को कागज पर दिखाने में भी तमाम तिकड़मों का इस्तेमाल होता है और ज्यादातर प्रत्याशी कानूनी सीमा से कहीं कम का खर्च दिखाते हैं, जबकि यह खुली जानकारी है कि चुनाव में प्रत्याशी करोड़ों रुपये तक खर्च कर डालते हैं. ज्यादातर खर्च काले धन के रूप में होता है. चुनावी बॉन्ड एक वचन पत्र की तरह होता था, जिसे भारत का कोई भी नागरिक या कंपनी भारतीय स्टेट बैंक की चुनिंदा शाखाओं से खरीद सकती थी और अपनी पसंद के किसी भी राजनीतिक दल को गुमनाम तरीके से दान कर सकती थी. अदालती फैसले के अनुसार यह योजना, आयकर अधिनियम की धारा 139 द्वारा संशोधित धारा 29(1)(सी) और वित्त अधिनियम 2017 द्वारा संशोधित धारा 13(बी) का प्रावधान अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है. अदालत ने कहा है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को 2019 से अब तक चुनावी बॉन्ड से जुड़ी पूरी जानकारी देनी होगी. बैंक इन जानकारियों को 6 मार्च तक भारत के चुनाव आयोग को सौंप देगा. चुनाव आयोग इसे 13 मार्च तक आधिकारिक वैबसाइट पर प्रकाशित करेगा. राजनीतिक दल इसके बाद खरीददारों के खाते में चुनावी बॉन्ड की धनराशि वापस कर देंगे. चुनावी बॉन्ड प्रणाली को वर्ष 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से पेश किया गया था और इसे जनवरी 2018 में लागू किया गया था.

**मीडिया में अन्यत्र**

# सेमीकंडक्टर में भारत की छलांग

**चिप बनाने** वाली अमेरिकी कंपनी माइक्रॉन द्वारा पिछले साल गुजरात में अपने पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र के निर्माण की नींव रखने के बाद, भारत ने अपनी सेमीकंडक्टर महत्त्वाकांक्षाओं को बढ़ा दिया है. हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये के निवेश वाली तीन और सेमीकंडक्टर इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी, जिनमें भारत का पहला सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र शामिल होगा. टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ साझेदारी में गुजरात के धोलेरा में एक सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना करेगी. इसके अलावा, असम के मोरीगांव और गुजरात के साणंद में दो सेमीकंडक्टर एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) इकाइयों की स्थापना की जाएगी. यह भारत की सेमीकंडक्टर संभावनाओं के लिहाज से एक बड़ी छलांग है, यह देखते हुए कि वैश्विक कंपनियों को यहां कारखाने लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के सरकारों के प्रयास के बावजूद देश कई दशकों तक अवसर से वंचित रहा. इस ऐलान से पहले दुनिया में चिप की भारी तंगी देखने को मिली थी. इसके अलावा, जैसे-जैसे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को आर्थिक वृद्धि के संभावित वाहक के रूप में देखा जा रहा है. यह अनुमान लगाना बहुत कठिन नहीं है कि मुख्यभूमि चीन और ताइवान के बीच की दुश्मनी किस तरह से सेमीकंडक्टर चिप के उत्पादन को गहराई से प्रभावित कर सकती है. वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में कमजोरियों को देखते हुए भारत के लिए यह ज्यादा अहम हो गया है कि विभिन्न क्षेत्रों के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक घटकों की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, हालांकि यह बात गौर करने की है कि भारत में क्षमता इस क्षेत्र में हुए अत्याधुनिक विकास जैसी नहीं होगी. इसके अलावा, सरकार भारत के उभरते सेमीकंडक्टर परिवेश में रोजगार की संभावनाओं को लेकर काफी आशावादी है. इन इकाइयों से करीब 20,000 उन्नत प्रौद्योगिकी नौकरियों और करीब 60,000 अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन हो सकता है. भारत ने एक महत्त्वपूर्ण सेमीकंडक्टर देश बनने की दिशा में अभी बस यात्रा शुरू की है, लेकिन पहले से ही वह एक शीर्ष सेमीकंडक्टर डिजाइन देश की स्थिति में आ गया है, जिसके पास दुनिया का लगभग 20 फीसदी सेमीकंडक्टर डिजाइन प्रतिभा पूल है. यह काफी अहम हो सकता है क्योंकि इससे विनिर्माता अपनी गुणवत्ता में सुधार कर पाएंगे. यह देखना होगा कि क्या ये कदम आवश्यक परिवेश विकसित करने में उचित सफलता प्राप्त करने के लिए पर्याप्त होंगे? **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### मगरूर/मजबूर

**कौन** कहता है कि मैं मगरूर हूं, सच कहूं तो मैं बहुत मजबूर हूं. देखना मुझको न कोई चाहता, पास रहकर भी सबों से दूर हूं. यह किसी टूटे हुए दिल वाले कवि का दर्द है. कवि को इस बात का मलाल है कि किसी की उसमें कोई रुचि नहीं है. कोई जानना नहीं चाहता, पहचानना नहीं चाहता, समझना नहीं चाहता. हर तरह का राग छेड़ा हर तरह से गुनगुनाया, क्या हुआ जो मैं नहीं अबतक किसी को याद आया. यहां दो शब्द हमारे जेहन से टकरा रहे हैं मगरूर और मजबूर. ये दोनों शब्द अरबी भाषा मूल के विशेषण हैं. मगरूर उसे कहते है, जिसके पास गुरूर हो, घमंडी, अभिमानी, इतरानेवाला, अहंकारी. वहीं मजबूर का मतलब है, जिसे लाचार कर दिया गया हो, बाध्य, जिसका कुछ भी वश नहीं चल रहा हो, विवश, बेबस, निःसहाय, लाचार, पाबंद, निराश्रय, दरिद्र, कंगाल. मगरूर और मजबूर दोनों एक दूसरे के उल्टा मतलब रखनेवाले हैं. मगरूर जो चाहे सो कर सकता है, जहां चाहे जा सकता है, उसके लिए सारा जहां अपना है, सारे लोग अपने हैं, जो पराये हैं, वे भी भय या लालच के वश में आ कर उसके अपने हो जाते हैं. इसके ठीक विपरीत मजबूर होता है. वह आगे बढ़ने की कल्पना तो कर सकता है, लेकिन उसके पांव बेडियों में जकड़े होते हैं. वह पर कटे पक्षी की भांति होता है. आसमान में उड़ने का सपना तो देखता है, लेकिन उसके पंख कतर दिये गये होते हैं, इसलिए वह यथार्थ में उड़ नहीं पाता. मगरूर के पास नहीं चाहते हुए भी लोग आने को लालायित रहते हैं, वहीं मजबूर के पास कोई यह समझ कर जाना नहीं चाहता, कहीं वह अपना बोझ उस पर ही न लाद दे. मगरूर अपनी मुट्ठी में सारी दुनिया समेट कर रखना चाहता है, लेकिन मजबूर के हाथ का ही ठिकाना नहीं होता. मगरूर ईर्ष्या का पात्र होता है, लेकिन मजबूर दया का पात्र.

# गधों के साथ राजनीति न करें!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

यह तो सरासर ग़लत है. कृपया गधों के साथ राजनीति न करें. गधा एक बहुत ही उपयोगी जीव है. उसकी उपयोगिता को देखकर मेहरबानी करके गधों में फूट न डालें. फूट डालो और राज करो यह मन्त्र केवल हमारी, इंसानों की, दुनिया में कारगर हो सकता है. गधों में नहीं. आप गधों में फूट डाल ही नहीं सकते. गधे सिर्फ 'गधे' ही नहीं होते. उनके सच्चे-सीधे स्वभाव को मूर्खता बताना सिर्फ आदमी की मूर्खता का द्योतक है. वक्त पड़ने पर वे दुलत्ती भी मार सकते हैं. इंसानों के साथ रहते हुए भी गधों की मानसिकता में कभी कोई अंतर नहीं आया, भले ही इंसानों ने गधों से बहुत कुछ क्यों न सीख लिया हो. दुलत्ती मारना आखिर आदमी ने गधों से ही तो सीखा है. जब आदमी सामनेवाले का सामना नहीं कर पाता, दुलत्ती झाड़ता है. चुनाव-काले दुलत्तियों का जलवा देखने लायक होता है. पक्षी ज़रा सा चहचहाया नहीं कि विपक्षी ने दे मारी दुलत्ती! इस प्रकार दुलत्तियों का एक सिलसिला चल निकलता है. दुलत्ती दर दुलत्ती. खेल चालू हो जाता है. हर क्षेत्र के लोगों ने गधों की सेवा ली है. लेकिन आदमी बड़ा अहसान-फरामोश है. अगर धोबी के पास एक अदद गधा न हो तो उसका काम नहीं चल सकता. फिर भी गधा बेचारा धोबी का गधा ही कहलाता है – घर का न घाट का. जबकि असलियत यह है कि घर और घाट, दोनों ही जगहों का भार गधा ही उठाए है. गधा आर्थिक क्षेत्र में भी 'सार्थक' प्रमाणित हुआ है. खबर आई थी कि किस तरह गधों ने एक दीवाला-पिटी-नगरपालिका की इज्ज़त बचाई. कर्मचारियों को उनका वेतन देने के लिए गधों का मेला लगाकर पैसे कमाए गए, जिससे कर्मचारियों को कई माह बाद उनका वेतन मिल पाया. गधे दलबदल नहीं करते. इस दलदल में वे कभी नहीं पड़े. दलबदल सिर्फ आदमी करते हैं. एक बार की बात है, एक कोई विधायक दलबदल करने के लिए उतावला था. लेकिन उसके समर्थक नहीं चाहते थे कि वह ऐसा करे. समर्थकों ने उसका घेराव किया. उसके विरुद्ध नारे लगाए. नेता फिर भी न माना. दलबदल के लिए अड़ा रहा. तब एक गधे की सेवाएं ली गईं. विधायक को धमकी दी गई कि यदि वह दलबदल करेंगे तो इस गधे पर उनका जुलूस निकाला जाएगा. गधे का रुतबा देखिए. धमकी कारगर हुई. विधायक ने दल बदलने की बजाय अपना इरादा बदल दिया. गधे बेशक राजनीति में भी कारगर हुए हैं. लेकिन कृपया गधों पर राजनीति न करें. उनमें फूट डालने की कोशिश न करें.



# महिला दिवस विशेष

महिलाओं की मुखरता दिन प्रतिदिन बुलंद हो रही हैं. जैसे बेड़ियों को तोड़ कर पक्षी आकाश में उड़ान भरा हो. कविता की इन पंक्तियों में महिलाओं की यही आवाज प्रतिध्वनित हो रही है-

## कविताओं में ....
# आधी आबादी का पूरा आकाश



## औरत ! इंसान?



वीना श्रीवास्तव

कितना भारी पड़ता है
खुद को औरत मानना
औरत को औरत कहना
कितनी उम्र में बट कर जी रही है मानवी
अपने पौरुष की संतुष्टि के लिए
तुमने औरतों को पहना डाले
उपमानों के जेवर
जीव - अजीव, प्रकृति
सभी के गुण व्याप्त हैं
एक औरत में
नहीं है
तो वह एक औरत
उसे शेरनी, मोरनी और नागिन तक माना
वह नहीं बन सकी तो एक इंसान
उसके अंग दमकते रहे
सूरज - चंदा बनकर,
उसकी रोशनी के लिए
उसे किया जाता रहा नंगा
मगर कांपते हाड़ - मांस को
नहीं ढाप सके इंसान समझकर
समझ नहीं आता
वह कोख में पालती है जीवन?
या जीवन भर खुद पलटी है
पुरुष की कोख में
जहां वह
मार दी जाती है असमय
और गढ़ी जाती है
'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवता:'
की परिभाषा.



## स्त्री और नदी



सत्या शर्मा 'कीर्ति

स्त्री नदी होना चाहती थी
और नदी स्त्री।
स्त्री के मन को
मोहते थे
नदी का प्रवाह,
उसका विस्तार
और उसकी स्वतंत्रता

जबकि नदी
स्त्री की तरह
बंधनों में बंधना चाहती थी
गृहस्थी बसाना चाहती थी

दोनों ने बदल लिए
अपनी-अपनी जगह.
स्त्री का दु:ख देख
नदी ने फिर नदी होना स्वीकार लिया.
पर स्त्री
नदी बनकर भी स्त्री ही रही
अब स्त्री के अंदर
बहने लगी नदी
जिसमें ठहराव भी है
और बहाव भी
बंधन भी है और मुक्ति भी
अब नदी बनी स्त्री
समुद्र में जाकर विलीन
नहीं होती
बल्कि
अब बहुत सारी नदियां मिलकर
बनाती है समुद्र
ताकि बचा रहे
धरती पर
जीवन और पानी का वजूद

## अलगनी



सारिका भूषण

अलगनी पर
मेरे कुछ सपने टंगे हैं
तुम ध्यान से चलना
कहीं तुम्हें चोट न लग जाए
क्योंकि
एक स्त्री के सपने
बहुत मजबूत होते हैं .

## उड़ान

तुम्हारी सीमाएँ वहाँ तक नहीं हैं
जो तुम्हें दुनिया दिखाती है
तुम्हारी सीमाएँ वहाँ भी नहीं है
जो तुम चौखट के भीतर से देखती हो
तुम तो स्त्री हो
तुम्हारी बाहों में समंदर है
और तुम्हारी उड़ान उस क्षितिज के पास है
जो तुम धरती की एक छोर से
असीमित आकाश की ओर देखती हो ।

## दिव्यता सृजन तुम्हीं



डॉ रागिनी भूषण

प्रभा प्रखर प्रभासिनी
झरो झरो
सुबुद्धि तेजधारिणी झरो
झरो.
कर्म धर्म लासिनी
शब्द शब्द आरती.
भिन्न भिन्न रूप की
ज्योतियों की भारती.
प्रवाहिता सुलेखनी
सुबोधिनी झरो झरो.
दिव्यता सृजन तुम्हीं

भव्यता वतन तुम्हीं.
वरेण्या हृदय रही
रम्यता सघन तुम्हीं.
सुधामयी हो निर्झरी
सुभाषिणी झरो झरो.
कौंधती जो बिजलियां
समर्पिता तुझे रही.
छलछलकती गागरी
सुवत्सला सदा बही.
शिवा शिवा शिवांगिनी
प्रमोदिनी झरोझरो.

## मृदु मन औरतें



प्रीति कर्ण

एक औरत उदास होती है
जब उसकी जी तोड़ मेहनत की कमाई से
खरीदे सोने के बूंदे जुए में हार आता है
उसका
शराबी पति.

दुखः इतना दुखी नहीं करता
तन की पीड़ा क्लांत नहीं करती।
एक औरत दुखी होती है अपनों के
दुख की असलियत जानकर।
मर्ज के असाध्य कष्ट की गहनता
मापकर.
दुख इतिहास गढ़ता है
जब ढह जाती हैं आसरे की
कमजोर दीवारें.

एक स्त्री सहजता से विश्वास कर लेती है
अनजान लोगों पर भी.
प्रेम की नमी में स्वत: फूट जाते हैं अंकुर.
प्रेम छलावे भुलावे में
नहीं कर पाता विभेद.
एक स्त्री मुंह की खा कर भी
दुबारा कर लेती है यकीन....!
अलग सी मिट्टी से बनी ये औरतें
मृदुता की आड़ में
खुद से खेल जाती हैं.

स्वधर्मिता के दायरे में आहत हुई
पल भर के लिए पराजित
नहीं मनाती शोक.
ओढ़ लेती है चिरपरिचित सुंदर मुस्कान
विवेकशून्यता मूढ़ता जैसे शब्दों से
नवाजी गयी स्त्रियां
पुन:पुन: उसी दायरे में
स्थित दिखाई देंगी.
एक स्नेह की बारिश में भीज कर
धो देती हैं सारे अवसाद.

## स्त्री और कविता



अनीता रश्मि

अपनी धुन में
लिख जाती है कविता
जैसे अपनी ही धुन में
बढ़ती जाती स्त्री आज की
सभी अभाव,
दुर्भाव, शोषण को
बताकर धत्ता
रखकर पांव उन पर
बढ़ती जाती है

बेल -सी
ऊपर ही ऊपर निरंतर
स्त्री और कविता का है स्वभाव
निरंतर बढ़ते रहना
प्रेमपगीं पगडंडियां रच
प्रेम का पाठ पढ़ाना
दिलों में छिपाए हुए सद्भाव
आँचल को बना लेना परचम.

## स्वयं के संग




अरुणिमा अरुण कमल

कितना तराश लिया स्वयं को ,
माँज माँजकर जो चमक लायी है
आसान नहीं थी
लेकिन चमक क्या तुम में पहले कहीं कम थी
तुम ही हम सबकी प्रेरणा, तुम ही जीवन थी
फिर तराशने की आवश्यकता क्यों पड़ी
कब तक किसी और की कहानी की
किरदार बन जिओगी
दूसरे की आँखों से स्वयं को
निहारती रहोगी

मत गिनो अपनी कमज़ोरियां
कुछ फ़र्क नहीं पड़ता
जो किसी ने नाक भौं सिकोड़ लिया
रहम खाओ अपने दिल पर
जिसने अपने लिए कितने ही
सपने पाल रखे हैं
झांकना थोड़ा
छालों के भीतर गुलाल लाल रखे हैं
छेड़ दो छालों को
मवाद बह जाने दो
अपनी कर्मठ हथेली की थिरकती उंगलियों से
उड़ा दो गुलाल को
रंग लो अपना जीवन अपने रंग में
कुछ तो पल बचा लो
जीने के लिए स्वयं के संग में

## नारी सुरभि मनोहारी हैं



माधवी उपाध्याय

नारी सुरभि मनोहारी हैं
अपनों पर वारी, न्यारी हैं.
नित-प्रति नभ वे चूम रहीं,
ये देख धरा भी झूम रही.
पग -पग पर शूल चुभे लेकिन,
अपना पथ स्वयं विचारी हैं.
नारी सुरभि मनोहारी हैं.
धरती पर अरुणाचल जैसी,
सागर के गहरे तल जैसी.

सहनशक्ति की अनुपम काया,
संघर्ष अभी भी जारी है.
नारी सुरभि मनोहारी हैं.
दुख के कितने बादल छाते,
बह नीर नयन से बह जाते.
रवि किरणों सा मुखरित होकर,
नित नयी सुबह-सी प्यारी हैं.
नारी सुरभि मनोहारी हैं.

## महिला दिवस की बातें



डॉ कल्याणी कबीर

अब भी सफर की किस्मत में
दिन घायल चोटिल रातें हैं,
महिला दिवस की ये बातें
कहने भर की बस बातें हैं .

पद कोई हो, कद हो कुछ भी
बंधन में ही कैद रहोगी,

उतनी भली लगोगी जग को
जितनी पीड़ा चुपचाप सहोगी.
तुम्हारे फर्ज की बातें सब
हर दिन तुमको समझायेंगे,
पर तेरे सुख-सुकूं के रास्ते
तुम को नजर न आयेंगे .

जुबां मिली है , बोलो तुम
अवसर है ये अधिकार नहीं है,
आज भी घर की चौखट पर
विचार तेरा स्वीकार नहीं है.
भले ही मेहनत करते-करते
भीतर -भीतर बिखर रही हो

पर भूले से ये मत कहना
कि ₹तुम भी इतना कुछ कर रही हो₹

तभी तो मन बेजार है बहुत
इस झूठ से लाचार है बहुत ,
भले जमीं ने चाँद छू लिया
सोच मगर बीमार है बहुत .

अब भी सफर की किस्मत में
दिन घायल चोटिल रातें हैं,
महिला दिवस की ये बातें
कहने भर की बस बातें हैं.



## औरत



पूजा शकुंतला शुक्ला

उन्माद सी
पनपती है
औरत
रह कर
बंदिशों में भी
कितना खनकती
है औरत
भविष्य को
मांजती
भूत को
दफ़नाकर
वर्तमान में कैसे
चहकती है औरत
जला कर ख़्वाब
चूल्हों में
कैसे जुगनू सी
चमकती है औरत
समाज के कीचड़ में सनकर भी
कितना महकती है औरत.



## नई सोच



कंचन सिंह

कब तक रोकोगे तुम मुझे,
कब तक सीमाओं में बाँधोगे
नई सोच है ये प्रतिकार नहीं
मैं बीच खड़ी मझधार सही
पर लहरों का रुख मोड़ दूँ ,
अब भी मुझ में है धार वही.
अकेले अडिग होना खड़ा,
ये माना है मुश्किल बड़ा
पर मुझे भीड़ में खोना स्वीकार नहीं
मैं बीच खड़ी मझधार सही
और चट्टानों में सुराख कर दूं
अब भी मुझ में है धार वही.
ना छल से, ना बल से
मेरा वजूद है, तो
सिर्फ मेरे आत्मबल से
मेरे व्यक्तित्व का कोई वर्णन करें,
मैं देती किसी को अधिकार नहीं
मैं बीच खड़ी मझधार सही ,
पर लहरों का रुख मोड़ दूं
अब भी मुझ में है धार वहीं.
हाँ अलग सही,
पर गलत नहीं मैं
यह आत्मविश्वास है,
मेरा अहंकार नहीं
मैं बीच खड़ी मझधार सही
और चट्टानों में सुराख कर दूं
अब भी मुझ में है धार वही.

## एक स्त्री की यात्रा



डॉ रजनी गुप्ता

आत्मविश्वास से लबरेज़,
छोटे -छोटे कदमो
ने तय किया
एक पूरा लंबा रास्ता ,
और अंतत: आज
शिखर तक जा पहुंचीं हैं,
हर बाधा को पार कर,
परचम लहरायी
वो भी एक स्त्री हैं .
एक अरसा पहले
शुरुआत की थी
इस महत्वपूर्ण
यात्रा की..
मन ही मन
तय की होंगी
मंजिल भी,
और
दृढ़ विश्वास के साथ

बिना रुके,
बिना थके
जारी रखीं
अपनी यात्रा...
और आज
वो पड़ाव पर पहुंची
जिसे शिखर कहते हैं.
लाखों के लिए
उदहारण बनी वो,
हर महिला के लिए,
गौरव हैं वो हर महिला
जो अपने लक्ष्य को हासिल
की,
प्रेरणा हैं,
स्त्री शक्ति की
जिती जागती
मिसाल हैं वो,
वो भी एक स्त्री हैं .





## हे गर्विता



संगीता यादव

हे गर्विता!हे गर्विता!
तू स्वयंसिद्धा,शक्ति तू
क्यूंकर बनी फिर आश्रिता
हे गर्विता!हे गर्विता!
तूने समस्त सृष्टि रची,
तेरे आँचल में जिंदगी पली
तू जननी,तू जगदम्बिका
तुझपे ही तो है जग टिका
हे गर्विता!हे गर्विता!
दो-दो कुलों की आन तू
पितु-मात का अभिमान तू
करें गर्व जिसपे सब सदा
बन ऐसी तू सदा दुहिता
हे गर्विता!हे गर्विता !
विसंगतियों में खिले गुलाब-सा
कांटों में भी मुस्कान दे
मद-पंक में तू पंकजा
जो बुराई से न कभी डरे
गर ठान ले तो डटी रहे
तू ऐसी है अपराजिता
हे गर्विता!हे गर्विता!
तू स्वयंसिद्धा,शक्ति तू
क्यूंकर बनी फिर आश्रिता
हे गर्विता!हे गर्विता !


## करती हूं इंतज़ार



रश्मि शर्मा

हर शाम मैं
करती हूं उसका इंतज़ार
जो रोज कहता है मुझसे
₹ मैं बेहद प्यार करता हूं तुम्हें ₹
और सुबह
घर से निकलते वक्त
विदाई वाले चुम्बन के साथ
अपनी ज़ुबान पर उगाए
तेज नाखूनों को
मेरी पीठ पर गड़ा
कोई ऐसी बात कह जाता है
जिसका दंश
बिच्छू के जहर से भी ज़हरीला लगे
हर शाम मैं
करती हूं उसका इंतज़ार
जो चुभन और कड़वाहट के
मकड़जाल में उलझा कर
मुस्कराता हुआ
हवाई चुम्बन उछाल
मेरी आंखों के सामने से
निकल जाता है
और मैं ताजी हवा के एक झोंके को
छटपटाती रह जाती हूं
हर शाम मैं
करती हूं उसका इंतज़ार
जो थका मांदा घर आता है
मेरे बालों में अपनी नाक घुसा
एक गहरी - लंबी सांस खींचता है
और चाय का प्याला हाथ में थाम
टीवी ऑन कर
किसी भी चलती बहस में
खुद को शामिल कर लेता है
बिना ये सोचे, कि
मेरे बदन से उठने वाली महक
खारे आंसुओं की है या पसीने की
हर शाम मैं
करती हूं उसका इंतज़ार
जो देर रात मुझ पर
अथाह प्यार बरसाता है
मेरे माथे को चूमकर
अपने मन - मंदिर की देवी बताता है
और मेरी चुभन को
मन की चोट को सहलाए बिना
अपनी अंकशायिनी बना
प्रगाढ़ निद्रा में लीन हो जाता है
हर शाम मैं
करती हूं उसका इंतज़ार
और जागती आंखों से सपना बुनती हूं
कि कल नहीं मिलेगा कोई नया दंश
वो जाते वक्त
प्रेम के तीन शब्दों के अलावा
और कुछ नहीं कहेगा
मेरी पीठ पर अब कुछ नहीं चुभेगा
मेरे मन से कुछ रिसेगा नहीं दिन - रात
और ये हर शाम होता है कि -
करती हूं उसका इंतज़ार
एक ताजी हवा वाली सुबह की आस लिए.

## स्त्री



जयमाला

सुबह-सवेरे एक स्त्री
अंगड़ाई लेने से पहले
करती है विभक्त स्वयं को
कई-कई टुकड़ों में
और बिखेर देती है
घर के अलग-अलग कोनों में
वक्त संग कदमताल करने
अपनी भूख को लपेटकर
रख लेती है बंद डिब्बे में
फिर घर के कोनों में बिखरे
अपने टुकड़ों को समेट
निकल पड़ती है
हताश भागती सड़कों पर
कुपित-कुत्सित शालीन-अशालीन
तमाम दृष्टियों को पी जाती है
चाय की चुस्कियों के साथ
बचा लेती है अपने लिए
बित्ते भर की जगह
चमकीली दुनियां के
भयानक जंगल में
सांझ ढलने तक
भर लेती है
अपने फेफड़ों में
अपना उन्मुक्त आकाश
अपना थोड़ा सा आकाश...

## नारी विश्वास है



पद्मा मिश्र

वो जिन्दगी का कोमल अहसास है,
बंद पलकों में सोया सारा आकाश है,
ढलता जहां उम्मीदों का स्वर्णिम सूरज
बिंदिया में शोभित. मन का विश्वास है.
दुनिया की भीड़ में भी, तनहा खड़ी,
जीवन की हर जंग में, विजयिनी सी नारी
उर में जलाए कर्तव्यों की बाती.
प्रेम,नेह, गरिमा का मुखरित मृदु हास है.
लज्जा में छिपी जहां उर्जा है जीवन की .
कर्मों के आभुषण तो तन का शृंगार हैं
शक्ति स्वरुपा बन पूजिता है दुर्गा सी
ओज और साहस ही.मन का आधार है.
नारी, है शब्द नहीं केवल विश्वास है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

चैंपियंस लीग

## पीएसजी व बार्यन म्यूनिख की टीम क्वार्टर फाइनल में

भाषा । सैन सेबेस्टियन

- पीएसजी ने रीयाल सोसिडाड को 2-1 से हराया
- पहले दौर में 2-0 से जीती थी पीएसजी की टीम

चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और बायर्न म्यूनिख ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. किलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पीएसजी ने रीयाल सोसिडाड को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया.

पीएसजी की जीत में दोनों गोल एमबापे ने किये जिससे उनकी टीम कुल 4-1 के अंतर से जीत दर्ज करने में सफल रही. पीएसजी ने पहले दौर का मैच 2-0 से जीता था और उसमें भी एमबापे ने एक गोल किया था. एमबापे पहले ही कह चुके हैं कि पीएसजी के साथ यह उनका अंतिम सत्र होगा. पीएसजी ने अभी तक चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीता है.

वह 2020 में उपविजेता रहा था जबकि 2021 में उसने सेमीफाइनल ने जगह बनाई थी. ऐसे में पीएसजी टूर्नामेंट जीतकर किलियन एम्बाप्पे को विदा करना चाहेगी.



02 गोल दागे किलियन एम्बाप्पे ने

## बायर्न म्यूनिख ने लाजियो को हराया

म्यूनिख में खेले गए मैच में बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन के दो गोल की मदद से लाजियो को 3-0 से हराकर चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. केन इस सत्र में बायर्न म्यूनिख की तरफ से 33 गोल कर चुके हैं. बायर्न म्यूनिख को रोम में खेले गए पहले दौर के मैच में 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद बायर्न म्यूनिख ने इस दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए लाजियो को 3-0 से हराया. इस तरह से बायर्न म्यूनिख ने 3-1 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई.



33 गोल दागे हैं हैरी केन ने इस सत्र में

- बायर्न म्यूनिख ने लाजियो की टीम को 3-0 से हराया
- पहले दौर में 1-0 से हारा था बायर्न म्यूनिख

02 गोल दागे म्यूनिख के हैरी केन ने

### ब्रीफ खबरें

#### अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में हारे नागल

**इंडियन वेल्स (अमेरिका) ।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में दक्षिण कोरिया के सियोंग चान होंग को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद हार गए. इस मैच में 26 वर्षीय नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा. इससे पहले नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हराया था. क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली.

#### सूरत पुलिस ने की अभिषेक से पूछताछ

**सूरत ।** सूरत पुलिस ने मॉडल तान्या सिंह की संदिग्ध आत्महत्या के मामले में गुजरात के सूरत शहर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के क्रिकेटर अभिषेक शर्मा से लगभग चार घंटे तक पूछताछ की. पुलिस ने बताया कि अभिषेक का सात महीने पहले तक तान्या से रिश्ता था. 28 वर्षीय मॉडल तान्या को 19 फरवरी को शहर के वेसु इलाके में अपने अपार्टमेंट की छत से लटका हुआ पाया गया था. आत्महत्या से जुड़ा कोई नोट नहीं मिला. अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने पंजाब के रहने वाले अभिषेक को बयान दर्ज कराने के लिए उनके समक्ष पेश होने को कहा था.

#### प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची सहजा

**नागपुर ।** पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टेनिस खिलाड़ी सहजा यमलापल्ली ने बुधवार को यहां हमवतन वैदेही चौधरी को हराकर डब्ल्यू35 नागपुर आईटीएफ महिला चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. सहजा ने एमएसएलटीए टेनिस अकादमी क्ले कोर्ट में एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले में वैदेही को 3-6, 6-1, 6-1 से शिकस्त दी. सहजा अंतिम-16 में वाइल्ड कार्ड धारी सोनल पाटिल से भिड़ेंगी. भारत की चार अन्य खिलाड़ियों को हालांकि अंतिम 32 चरण में हार का सामना करना पड़ा. श्रीवल्ली भामिदिपति रूस की अनास्तासिया जोलोटारेवा के हाथों 3-6, 6-1, 4-6 से हारकर बाहर हो गई.

धर्मशाला टेस्ट : भारत और इंग्लैंड के बीच श्रृंखला का आखिरी मुकाबला आज से

# अश्विन के 100वें टेस्ट मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत

भाषा । धर्मशाला

पिछले तीन मैच में जीत से श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां टेस्ट मैच होगा. इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां टेस्ट मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अपने अभियान का समापन करने के लिए प्रतिबद्ध है. भारत ने रांची में चौथा टेस्ट मैच जीत कर घरेलू धरती पर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा और अब उसकी निगाह श्रृंखला में 4-1 से जीत दर्ज करके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपने शीर्ष स्थान को मजबूती प्रदान करने पर टिकी है. यहां की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर खेलने का अहसास हो रहा है. मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है जबकि सप्ताहांत में इसमें कुछ बढ़ोतरी होगी.

**पिच सपाट पर तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद :** मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी के कारण सभी दिन शुरू में तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलने की उम्मीद है. इस मैदान पर अमूमन तेज गेंदबाजों को मदद मिलती रही है लेकिन स्पिनरों की भूमिका को भी कम करके नहीं आंका जा सकता है. अभी तक यहां केवल एक टेस्ट मैच खेला गया है.

- जीत के साथ स्वदेश लौटना चाहेगी इंग्लैंड की टीम





- इंग्लैंड के बेयरस्टो भी अपना 100वां मैच खेलेंगे
- मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9 .30 बजे शुरू होगा

#### मां ने अस्पताल में कहा था, तुम्हें वापस जाना चाहिए: अश्विन

चेन्नई के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में लेटी चित्रा रविचंद्रन बार-बार बेहोश हो रही थीं, लेकिन जब उन्होंने बेटे रविचंद्रन अश्विन को अपने बिस्तर के पास देखा तो उनके मन में बस एक ही सवाल था, 'तुम यहां क्यों आए?' 500 विकेट लेने के कुछ घंटों बाद, मां के बीमार होने होने पर अश्विन राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच के बीच में चेन्नई अपने घर वापस चले गये. अश्विन की मां अचेत हो गयी थी और उन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करना पड़ा था. अश्विन ने कहा कि जब मैं अस्पताल पहुंचा, तो मेरी मां लगातार होश में आने के बाद बेहोश हो जा रही थी. मुझे वहां देखने के बाद उन्होंने पहली चीज मुझसे पूछी, 'तुम क्यों आए' ? अगली बार जब वह होश में आई तो उसने कहा कि मुझे लगता है कि तुम्हें वापस जाना चाहिए क्योंकि टेस्ट मैच चल रहा है. इस ऑफ स्पिनर ने अपने माता-पिता रविचंद्रन और चित्रा के त्याग को भावनात्मक रूप से याद करते हुए कहा कि दोनों ने उन्हें क्रिकेटर बनाने के लिए कई कुर्बानियां दी है.

#### टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप.

**इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, जैक क्रॉली, बेन डकेट, बेन फोक्स (विकेटकीपर), डैन लॉरेंस, टॉम हार्टले, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, मार्क वुड.

#### 700 रन बना सकते हैं यशस्वी

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल एक और बड़ी पारी खेल कर किसी एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बनने की कोशिश करेंगे. अभी तक केवल सुनील गावस्कर ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं.

पेरिस ओलंपिक : हॉकी का कार्यक्रम जारी

## 27 जुलाई को अपने अभियान की शुरुआत करेगा भारत

भाषा । लुसाने

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पहले मुकाबले में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी. बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक की हॉकी स्पर्धा का कार्यक्रम जारी किया गया. तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को पूल बी में रखा गया है। भारतीय टीम 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ने के बाद 29 जुलाई को अर्जेन्टीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को बेल्जियम और दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी. पूल ए में नीदरलैंड, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका को जगह मिली है. क्वार्टर फाइनल चार अगस्त को जबकि सेमीफाइनल छह अगस्त को खेला जाएगा. कांस्य पदक का प्ले ऑफ और फाइनल आठ अगस्त को होगा. कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख थॉमस बाक और अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम मौजूद थे. मुकाबले कोलोंबेस के युवेस-डु-मेनोइर स्टेडियम में खेले जाएंगे. बेल्जियम पुरुष वर्ग में गत चैंपियन है.

**खास बातें**

- पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी भारतीय टीम
- आठ अगस्त को खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचे यशस्वी

भाषा । दुबई

भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर बुधवार को अपने करियर में पहली बार टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए. वर्ष 2023 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जायसवाल 727 रेटिंग अंक के साथ दो स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर हैं. इंग्लैंड के खिलाफ बल्ले से जबरदस्त फॉर्म में चल रहे जायसवाल ने एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल होकर इतिहास रच दिया है. वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले बाएं हाथ के एकमात्र बल्लेबाज हैं. बाइस साल के जायसवाल सुनील गावस्कर, दिलीप सरदेसाई, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के साथ टेस्ट श्रृंखला में 600 रन का आंकड़ा पार करने वाले केवल पांचवें भारतीय हैं. जायसवाल ने अब तक चार टेस्ट मैच में 93.57 की औसत से 655 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक और दो दोहरे शतक शामिल हैं.



- 727 रेटिंग के साथ 10वें स्थान पर हैं यशस्वी
- रैंकिंग में आठवें स्थान पर हैं विराट कोहली

## खेलो इंडिया आर्चरी में रांची की दीप्ति ने जीता स्वर्ण पदक

खेल संवाददाता । रांची

राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया नेशनल रैंकिं वीमेन आर्चरी टूर्नामेंट में बुधवार को रांची की दीप्ति कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता. रिकर्व सीनियर तीरंदाज दीप्ति ने फाइनल में मधु वेदवान को 6-0 से हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया. बता दें कि मंगलवार को रांची की ही सावित्री कुमारी ने जूनियर रिकर्व वर्ग में कांस्य पदक जीता था. सावित्री पूर्व में जोन्हा डे बोर्डिंग सेंटर की तीरंदाज थी. फिलहाल सावित्री रांची एक्सीलेंस सेंटर में अभ्यास कर रही है.दीप्ति कुमारी भी जोन्हा बिरसा मुंडा तीरंदाजी सेंटर में प्रैक्टिस करती है और फिलहाल आरएसपीबी से खेलती है.



#### अश्विन जैसे खिलाड़ी दुर्लभ हैं : रोहित शर्मा

**धर्मशाला ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए बुधवार को यहां कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी. रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट मैच खेलना बड़ी उपलब्धि होती है. वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है. उसने हमारे लिए जो कुछ भी किया है उसे देखते हुए उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी.

## शबनीम बनी सबसे तेज महिला गेंदबाज

भाषा । नयी दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा. गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' के आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की. महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए इस्माइल ने यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 132.1 किमी (80.08 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करके नया रिकॉर्ड बनाया. महिला क्रिकेट की यह सबसे तेज गेंद ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के पैड से टकराई. यह मंगलवार को खेल गए इस मैच के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी. मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने पगबाधा के लिए अपील की लेकिन अंपायर ने उसे ठुकरा दिया. दक्षिण अफ्रीका की तरफ से पिछले आठ महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली इस्माइल ने पिछले साल अपनी घरेलू धरती पर खेली गई इस प्रतियोगिता के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. इससे पहले उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी. इस्माइल ने 2022 में महिला विश्व कप के दौरान दो बार 127 किमी की रफ्तार से गेंद की थी.



**रचा इतिहास**

- शबनीम ने 132 .1 की रफ्तार से गेंद कर बनाया रिकॉर्ड
- डब्ल्यूपीएल को दौरान शबनीम ने फेंकी सबसे तेज गेंद

रणजी ट्रॉफी

तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे व यथ ठाकुर में की शानदार गेंदबाजी

## मध्यप्रदेश को 62 रन से हराकर विदर्भ फाइनल में

भाशा । नागपुर

तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर की शानदार गेंदबाजी से विदर्भ ने बुधवार को यहां मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना 41 बार के चैंपियन मुंबई से होगा. मध्य प्रदेश ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 228 रन से आगे बढ़ाई. तब वह लक्ष्य से 93 रन पीछे था लेकिन ठाकरे और ठाकुर (दोनों दो-दो विकेट) की तेज गेंदबाजी के सामने उसके पुछल्ले बल्लेबाज नहीं चल पाए और उसकी पूरी टीम 81.3 ओवर में 258 रन पर आउट हो गई. यह तीसरा अवसर है जब विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया. इससे पहले दोनों अवसरों पर वह चैंपियन बना था. उसने 2017-18 में दिल्ली और 2018-19 में सौराष्ट्र को हराया था. मध्य प्रदेश 2021-22 का रणजी चैंपियन है. उसके सामने 321 रन का लक्ष्य था तथा 6 विकेट गंवाने के बावजूद उसके पास जीत हासिल करने का मौका था लेकिन उसके निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए. ठाकरे ने कल के अविजित बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय को बोल्ड करके उन्हें खाता भी नहीं खोलना दिया. ठाकरे ने इसके बाद अनुभव अग्रवाल (00) को भी बोल्ड करके मध्य प्रदेश का स्कोर 8 विकेट पर 234 रन कर दिया. सारांश जैन (25) ने कुछ देर तक संघर्ष किया. ठाकुर ने उनको बोल्ड करके विदर्भ की जीत सुनिश्चित कर दी.

**10** मार्च से खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

**41** बार मुंबई की टीम ने जीता है खिताब

**02** बार विदर्भ की टीम बनी है चैंपियन



- मुंबई और विदर्भ के बीच होगा फाइनल मुकाबला
- तीसरी बार फाइनल में पहुंची विदर्भ की टीम
- विदर्भ के यश राठौड़ बने मैन ऑफ द मैच
- 321 रन का पीछा करते हुए 258 पर सिमटा मध्यप्रदेश

## किदांबी श्रीकांत ने किया उलटफेर

भाषा । पेरिस

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत बुधवार को यहां चीनी ताइपे के चोउ टियेन चेन पर शानदार जीत के साथ फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए, लेकिन एचएस प्रणय इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही बाहर हो गये. पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत की चेन के खिलाफ सात मैचों में यह तीसरी जीत है.

उन्होंने 66 मिनट तक चले मुकाबले को 21-15, 20-22, 21-8 से अपने नाम किया. साल 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत का सामना दूसरे दौर में चीन के विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लू गुआंग जू से होगा. गुआंग ने भारत के एचएस प्रणय के अभियान को 21-17, 21-17 से हराकर खत्म किया. श्रीकांत ने मुकाबले की शुरुआत में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की. उन्होंने 5-7 से पिछड़ने के बाद अगले 17 अंकों में से 14 अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम किया. चेन ने दूसरे गेम में पलटवार किया और कड़ी मशक्कत के बाद मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम तक खींचने में सफल रहे.



**खास बातें**

- श्रीकांत ने चीनी ताइपे के चोउ टियेन को हराया
- दूसरे दौर में चीन के लू गुआंग से भिड़ेंगे श्रीकांत



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शेयर बाजार में लाभ का योग है. पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल जाने का अवसर मिलेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. काफी समय से लंबित कार्य पूर्ण होंगे. उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे.

**वृषभ** भाग्य का साथ मिलेगा, पर किसी अपने ही व्यक्ति से बिना कारण विवाद को हो सकता है. दौड़धूप अधिक रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. असमंजस की स्थिति बन सकती है.

**मिथुन** समय सामान्य है. क्रोध से बचें. जीवनसाथी के साथ आनंद का समय बीतेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. व्यापार ठीक चलेगा. लाभार्जन होगा. परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा.

**कर्क** दिन आनंददायक बीतेगा. पर पेट रोग से बचें. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. बेकार बातों पर ध्यान न दें. भोजन सोच विचार कर लें.

**सिंह** शिक्षा को ले कर व्यस्तता रहेगी. शत्रु पस्त होंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड लाभ देंगे. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. जल्दबाजी न करें. अन्न दान करें.

**कन्या** माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें. बोलचाल में हल्केपन को नहीं आने दें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. परिवार में तनाव रह सकता है. यथासंभव यात्रा टालें. जल्दबाजी न करें.

**तुला** किसी से विवाद हो सकता है. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. रुके कामों में गति आएगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. कुसंगति से हानि होगी. किसी तीर्थयात्रा की योजना बनेगी.

**वृश्चिक** कार्य और पराक्रम के बल पर अच्छी आय होगी. योजना फलीभूत होगी. मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. समय की अनुकूलता का लाभ लें. कार्य को लेकर ज्यादा प्रमाद न करें.

**धनु** व्यावसायिक कार्य मनोनुकूल रहेंगे. बेरोजगारी दूर होगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. शेयर मार्केट तथा म्युचुअल फंड लाभदायक रहेंगे. दुष्टजन तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

**मकर** शारीरिक और मानसिक सुख मिलेगा, पर वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें.

**कुंभ** बाहरी खर्चों से मन खिन्न होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें. समय अनुकूल है. आय में वृद्धि होगी. उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे. अन्न दान करें.

**मीन** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है. आत्मसम्मान बना रहेगा. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. सुख के साधन जुटेंगे. प्रसन्नता रहेगी.

### बीएस कॉलेज में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**लातेहार।** शहर के बीएस कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें शहर के कई महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया. मतदाता जागरूकता थीम पर आयोजित इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने अपने पेंटिंग से मतदाताओ से आगामी लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की. सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. प्रतिभागियों में खुशबू कुमारी, संध्या कुमारी, प्रतिमा कुमारी, मेहर आरा, मैंसी कुमारी आदि शामिल थीं. मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार तिवारी ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की.

ईवीएम के साथ छेड़छाड़ कर परिणाम बदलने का काम होता है, चुनाव में कार्यकर्ताओं को विशेष ध्यान देने की जरूरत

# लोकसभा चुनाव में भाजपा की 120 सीट घटेगी : अहमद मीर

**संवाददाता। गुमला**

घाघरा के उत्सव बैंक्विट हॉल में बुधवार को संपन्न लोहरदगा लोकसभा स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि लोक सभा चुनाव में भाजपा का 120 सीट घटने वाली है. यह हम नहीं भाजपा का सर्वे एजेंसी कह रहा है.

सर्वे रिपोर्ट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पसीना छूट रहा है. उन्होंने कहा कि जहां हम कमजोर है, वहां इवीएम के साथ छेड़-छाड़ कर परिणाम बदलने का काम होता है. चुनाव में कार्यकर्ताओं को विशेष ध्यान देने की जरूरत है. प्रत्याशियों के



नाम पर प्रभारी ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व जिसे टिकट दे, कार्यकर्ता उनके साथ रहेंगे. प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह लोकसभा सीट इस बार कांग्रेस की झोली में जानी चाहिए. कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं से जनता को अवगत कराते हुए अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्यकर्ताओं को उत्सावर्धन किया.

### कांग्रेस की चतरा संसदीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न



**लातेहार।** शहर के होटल सेलेब्रेशन के हॉल में कांग्रेस के चतरा संसदीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी. बैठक में प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, केंद्रीय नेता सुबोध कांत सहाय, पूर्व विधायक जोगेंद्र साहू, केएन त्रिपाठी व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह समेत कई कांग्रेस नेता आदि मौजूद थे. बैठक में चतरा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस की दावेदारी मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया. कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व व एनडीआइए महागठबंधन से चतरा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस का स्थानीय प्रत्याशी देने की आग्रह किया गया. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा से विपक्ष घबरा गया है. आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक कांग्रेस मजबूत है और आगामी लोकसभा चुनावों में महागठबंधन की सरकार बनेगी.

### गीता कोड़ा की मां का निधन, शोक की लहर

**किरीबुरु।** सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा की माता एवं पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की सास कल्पना बिरुली का देहांत 6 मार्च की अहले सुबह 4 बजे इलाज के दौरान रिम्स हॉस्पिटल, रांची में हो गया. वे लम्बे समय से बीमार थीं. कल्पना बिरुली का पार्थिव शरीर बुधवार को रांची से उनके पैतृक गांव झींकपानी प्रखंड के बिष्टुमपुर (मौटाबासा) 11 बजे लाया जाएगा. इस जानकारी से पूरे जिले में शोक की लहर है.



कल्पना बिरुली की फाइल तस्वीर

भारतीय जनता पार्टी को चुनाव हारने का डर सता रहा है

# इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी छुपा रही है भाजपा : प्रीतम

**खास बातें**

- भाजपा के खिलाफ कांग्रेस पार्टी जोरदार लड़ाई लड़ेगी
- भाजपा ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पर राजनीतिक दबाव बनाया

**संवाददाता। चाईबासा**

शहीद पार्क चौक में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभीजित राज के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने एसबीआई द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में प्राप्त चंदा को सार्वजनिक नहीं करने के विरोध में भाजपा और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के विरुद्ध जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह आदेश दिया गया था कि 6 मार्च तक एसबीआई में इलेक्टोरल बॉन्ड द्वारा सभी राजनीतिक दलों को जो चंदा मिला है, वह आम जनता को बताया जाए कि की किसके द्वारा किस राजनीतिक दल को कितना चंदा दिया गया. सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से भारतीय जनता पार्टी में खलबली मच गयी है. क्योंकि भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में चंदा प्राप्त करने वाली सबसे बड़ी लाभार्थी पार्टी है. इसके बाद भाजपा ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पर राजनीतिक दबाव बनाया और स्टेट बैंक द्वारा 6 मार्च से ठीक एक दिन पहले 5 मार्च को आवेदन देकर सुप्रीम कोर्ट में इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में प्राप्त चंदे का जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है.




### सुप्रीम कोर्ट को ठेंगा दिखा रही है भाजपा

जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने कहा कि आज भारत की जनता भी जान चुकी है कि भाजपा ने देश के सभी महत्वपूर्ण सरकारी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है और वह अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी ठेंगा दिखा रही है. भाजपा के इस कृत्य के खिलाफ कांग्रेस पार्टी जोरदार लड़ाई लड़ेगी और भारतीय जनता पार्टी के कृत्यों को आम जनता तक लेकर जाएगी और उसे सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी. मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमन महतो, चाईबासा नगर अध्यक्ष राहुल दास, कांग्रेस चाईबासा नगर अध्यक्ष अजय कुमार, सन्नी रॉबर्ट अंथोनी, सागर दास, बोरजो देवगम, रूपेश रज्जक, मो सलीम सहित अन्य मौजूद थे.

**भाजपा ने एसबीआई को अपना ढाल बनाया :** बांकिरा ने कहा कि भाजपा सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से इतना ज्यादा डर गई है और वह यह मान चुकी थी कि एसबीआई द्वारा चंदा की जानकारी सार्वजनिक करने से आम जनता का आक्रोश उसके आगामी कुछ दिनों में होनेवाले लोकसभा चुनाव सत्ता से उखाड़ फेंकेगा. इसलिए चुनाव हारने के डर से भाजपा ने दबाव बनाकर एसबीआई को अपना ढाल बनाया और बड़े चालाकी से लोकसभा चुनाव के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड से प्राप्त चंदा की जानकारी सार्वजनिक करने का आवेदन एसबीआई के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में करवाया.

### रैयती जमीन पर तालाब बनाने का आरोप, सीओ को सौंपा ज्ञापन

**बरवाडीह (लातेहार)।** प्रखंड के मंगरा पंचायत के पूर्व मुखिया सूर्यदेव सिंह के घर के पीछे एक तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि यह तालाब स्थानीय निवासी रामेश्वर सिंह और मथुरा सिंह की रैयती जमीन पर किया जा रहा है. बुधवार को तालाब जीर्णोद्धार के कार्य पर रोक लगाने और मामले की जांच कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन अंचलाधिकारी संतोष शुक्ला को सौंपा है. रैयत रामेश्वर सिंह, महादेव सिंह, बालमुकुंद सिंह, प्रभुवन सिंह, करमदेव सिंह, जितेंद्र सिंह और छोटन सिंह तथा मथुरा सिंह, गणेश सिंह, महेशर सिंह और सुरेश सिंह आदि ने बताया है कि उनकी रैयती जमीन के बगल में गैर मजरूआ जमीन है.

### मझगांव विधायक ने 6 सड़कों का किया शिलान्यास

**मझगांव।** मझगांव विधानसभा के सभी सड़कों को चकाचक कर आम जनता को हर प्रकार सुविधा दी जाएगी. यह बातें कुमारदूंगी प्रखंड में के विभिन्न गांव में 6 सड़कों का शिलान्यास करते हुए मझगांव विधानसभा के विधायक निरल पूर्ति ने कहा. विधायक ने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि मझगांव विधानसभा का एक भी सड़क खराब नहीं रहेगा. इसी के तहत बुधवार को कुमारदूंगी प्रखंड के 6 सड़कों का 13 करोड़ 98 लाख की लागत से शिलान्यास किया गया. इसमें कुमारदूंगी प्रखंड के चिड़ियागोट से बाईसाई तक 4 किमी. सड़क, सैलबिंज से लखीमपोस तक ढाई किमी. सड़क, अंधारी से नायक टोला तक 3 किमी. सड़क, दिरिगो से कासीडीह तक ढाई किमी. सड़क, कुशमुंडा से करसाकोल भाया कुलाबुरु 7 किमी. सड़क मरम्मती और मझगांव प्रखंड के हड़वाकमन चौक से सिलफोड़ी बाजार भाया डाबुसाई तक मरम्मती कार्य किया जायेगा.

# हजारीबाग में नियम विरुद्ध हुआ थाना प्रभारियों का तबादला

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग में नियम विरुद्ध थाना प्रभारियों का तबादला किया गया है. बीते चार मार्च को एसपी ने 25 सब इंस्पेक्टर और एएसआई का तबादला किया था. इस लिस्ट में दो ऐसे थाना प्रभारी थे, जिनकी दो साल की अवधि पूरी नहीं हुई थी. इनमें गिद्दी और बरकट्ठा के थाना प्रभारी भी शामिल हैं. समयावधि पूरी नहीं होने के बावजूद एसपी ने रेंज के डीआईजी से बिना अनुमति लिये थाना प्रभारी का तबादला कर दिया. झारखंड पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारियों से इस इस संबंध में बात करने पर उन्होंने बताया कि थानेदारों के असमय स्थानांतरण के लिए पहले डीआईजी से अनुमति लेनी पड़ती है. इसके बाद ही एसपी ट्रांसफर कर सकते हैं.

### डेढ़ साल पहले बिहार में सामने आया था ऐसा मामला

बता दें कि इस तरह का मामला डेढ़ साल पहले बिहार के मोतिहारी जिले से सामने आया था. छह थानाध्यक्षों समेत 10 पुलिस अधिकारियों का एसपी ने तबादला कर दिया था. इसके बाद चंपारण प्रक्षेत्र के तत्कालीन डीआईजी प्रणव कुमार प्रवीण ने तत्काल प्रभाव से एसपी के आदेश को रद्द कर दिया था. तबादला रद्द करने का कारण तकनीकी नियम का पालन नहीं करना कहा गया था.

### ट्रांसफर-पोस्टिंग को ले चुनाव आयोग ने जारी की गाइडलाइन

ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर चुनाव आयोग ने नयी गाइडलाइन जारी की है. आयोग के नये पत्र के अनुसार, सर्किल अफसर रैंक के पुलिस अधिकारी और आरओ, एआरओ, डिप्टी ईओ रैंक और प्रशासनिक रैंक के पदाधिकारी का एक ही संसदीय क्षेत्र में तबादला नहीं किया जाना है. साथ ही पदस्थापित वैसे पदाधिकारी, जिसके लोकसभा क्षेत्र में गृह जिला शामिल है, उनका पदस्थापन दूसरे जिले में करना है.

### नगर प्रशासक ने मेला परिसर का निरीक्षण किया

**लातेहार।** महाशिवरात्रि पर शहर के प्राचीन शिव मंदिर परिसर, बाजारटांड़ में लगने वाले वार्षिक मेला परिसर का निरीक्षण नगर प्रशासक राजीव रंजन ने किया. इस दौरान उन्होने मेला परिसर की साफ सफाई कराने एवं गड्डो को भरने का निर्देश दिया. उन्होने कहा कि मेला मे आने वाले लोगों की सहुलियतों का पूरा ध्यान रखा जायेगा. उन्होने शिवपुरी रोड में नव निर्मित पुल का एप्रोच पथ दुरूस्त करने एवं यहां प्रकाश की व्यवस्था करने का निर्देश दिया. मौके पर सिटि मैनेजर राजकुमार वर्मा, क्षेत्र पर्यवेक्षक रंधीर कपूर, राकेश कुमार दुबे समेंत कई लोग मौजूद थे.

## पेज एक का शेष...

### सर्वजन पेंशन योजना..

**खास बातें :** ▪ 50 से 60 वर्ष के 1.58 लाख लाभुकों के खाते में पेंशन योजना की पहली किस्त हस्तांतरित ▪ 896 सेविका और सहायिकाएं उत्कृष्ट कार्य के लिए नगद राशि से सम्मानित ▪ नव चयनित सेविका और सहायिकाओं को मिला नियुक्ति पत्र ▪ सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना की 42489 लाभुकों के खाते में 26.56 करोड़ ट्रांसफर ▪ सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के वेब एप्लीकेशन का लोकार्पण ▪ सक्षम आंगनबाड़ी बुकलेट एवं पोषक धारा पत्रिका का विमोचन.

**झारखंड को संवारने की दिशा में बढ़ रहे आगे :** सीएम ने कहा कि झारखंड को संवारने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा. हर किसी को उसका हक-अधिकार मिलेगा. झारखंड तभी आगे बढ़ेगा, जब इसकी नींव मजबूत होगी. इसी बात को ध्यान में रखकर यहां की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहे हैं. रोटी-कपड़ा और मकान हर किसी की मूलभूत जरूरत है. ऐसे में यहां के लोगों की इन जरूरतों को पूरा करने की दिशा में सरकार लगातार काम करती आ रही है. इसी कड़ी में अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीब, जरूरतमंद और आवास विहीन लोगों को तीन कमरों का मकान दे रहे हैं. राज्य के हालात और यहां के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर नीतियां और कार्य योजनाएं बनाई जा रही हैं.

**आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध करा रहे हैं सारी सुविधाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है. आंगनबाड़ी केंद्रों को ऐसा स्वरूप देने जा रहे हैं जहां महिलाओं और बच्चों को बेहतर माहौल मिलेगा. हमारा संकल्प कुपोषण मुक्त झारखंड बनाना है. इसी को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है.

### चुनावी समर...

**संदेशखाली का ज्वार पूरे बंगाल में फूटेगा : पीएम :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मुझसे उनकी शिकायत यह है कि मेरा कोई परिवार नहीं है. मेरे लिए पूरा देश मेरा परिवार है और आज पूरा देश कह रहा है कि वह खुद को मोदी के परिवार के रूप में देखता है. इससे पहले पीएम मोदी ने बारासात (प. बंगाल) में तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'संदेशखाली का ज्वार' पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां 'नारी शक्ति' लोकसभा चुनावों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. वे उत्तर 24 परगना जिले के मुख्यालय बारासात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम में शामिल हुए थे. मोदी ने कहा कि संदेशखाली में नारी शक्ति पर 'अत्याचार का घोर पाप' हुआ है और इससे हर किसी का सिर शर्म से झुक गया है. उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी नीत सरकार राज्य की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए 'पूरी शक्ति' लगा रही है, जबकि उसे उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक में झटका लगा है. इस व्यवहार से (राज्य सरकार के) बंगाल की महिलाएं... देश की महिलाएं आक्रोश में हैं. नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखालि तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा और पूरे राज्य में टीएमसी को खत्म कर देगा.

**राहुल ने समझाया आदिवासी शब्द का मतलब :** गांधी ने मप्र में अपनी यात्रा के अंतिम दिन कहा, जैसे ही हम केंद्र में सत्ता में आएंगे, हम यह काम करेंगे। दूसरी चीज जो हम करेंगे वह किसानों को एमएसपी प्रदान करने के लिए कानूनी गारंटी प्रदान करना है. कांग्रेस सामाजिक और आर्थिक मोर्चों पर न्याय करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम किसानों के साथ भी न्याय करेंगे. भाजपा) सरकार कह रही है कि वे एमएसपी नहीं देंगे. इसने (सरकार ने) 100 उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिए, जो 24 साल के मनरेगा बजट के बराबर है. लेकिन वे किसानों का कर्ज माफ नहीं करना चाहते.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी और आरएसएस के लोगों ने एक नया शब्द निकाला है, वे लोग आदिवासियों के लिए वनवासी शब्द का इस्तेमाल करते हैं. आदिवासी और वनवासी में बहुत अंतर है. भारत जोड़ो न्याय यात्रा शाम को मप्र से राजस्थान की ओर बढ़ेगी.

नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह की पहल रंग लाई

# किडनी मरीजों की डायलिसिस जारी रहेगी



**संजीव मेहता। आदित्यपुर**

केंद्रीय श्रम एवं सामाजिक न्याय मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद ईएसआईसी आदित्यपुर में किडनी मरीजों का डायलिसिस फिलहाल 6 अप्रैल तक जारी रहेगा. नेफ्रो प्लस को तत्काल एक्सटेंशन मिल गया है. यह जानकारी नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने दी. कहा कि उनकी पहल रंग लाई है. बता दें कि कल नेफ्रो प्लस ने तत्काल सूचना देकर 6 मार्च से किडनी मरीजों का डायलिसिस एकाएक बंद करने की घोषणा कर दी थी. इससे यहां डायलिसिस करा रहे करीब 70 मरीजों की चिंता बढ़ गई थी. सभी मरीजों के परिजन तत्काल पुरेंद्र से मिले थे और समस्या बताई. इसके बाद पुरेंद्र ने तत्काल केंद्रीय मंत्री के सचिव से बात कर इन्हें समस्या से संबंधित मेल भेजा था.

इसपर मंत्रालय ने तत्काल एक माह का एजेंसी को एक्सटेंशन देते हुए इस पर कार्रवाई शुरू कर दी है. बता दें कि ईएसआईसी अस्पताल आदित्यपुर में इसी तरह मार्च 2020 से गंभीर बीमारियों के लिए होने वाला रेफरल सेवा को बंद कर दिया गया है जिससे यहां के तकरीबन 80 हजार बीमित मजदूरों के परिवार हलकान हैं.

### किडनी मरीजों के आश्रित खुश

किडनी मरीजों के आश्रित बताते हैं कि उन्हें अपने मरीजों का हर महीने 12 डायलिसिस कराने की जरूरत पड़ती है, यदि वे बाहर अपने मरीजों का डायलिसिस कराते हैं तो उन्हें 26 हजार प्रति माह भरने पड़ेंगे. ईएसआईसी के अधीक्षक एमपी मिंज बताते हैं कि ईएसआईसी का डायलिसिस करने वाली नेफ्रो प्लस के साथ टाई अप समाप्त हो चुका था. केंद्र से ही उसकी सेवाएं समाप्त करने का आदेश मिला था. वर्तमान में 70 मरीज डायलिसिस के हैं. बता दें कि ईएसआईसी में वर्तमान में 70 मरीज डायलिसिस के हैं, जिन्हें सप्ताह में 3 बार डायलिसिस कराने जरूरत पड़ती है. नेफ्रो प्लस ने कल अचानक नोटिस बोर्ड पर सूचना देकर कल से डायलिसिस की सुविधा बंद करने का अल्टीमेटम दे दिया था.

### पुलिस ने यूट्यूब चैनल हैकर को किया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू साइबर थाना पुलिस ने एक यूट्यूब हैकर को गिरफ्तार किया है. उस पर उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कई यूट्यूब चैनल हैक करने का आरोप है. आरोपी कुंदन तिवारी पंड़वा थाना क्षेत्र के गोल्हना गांव निवासी है. वह अपने चैनल के जरिए दूसरे लोगों के यूट्यूब चैनल को ठीक करने का वादा करता था और इसी माध्यम से दूसरे यूट्यूब चैनल मालिकों के यूजर आईडी और पासवर्ड ले लेता था. बाद में वह चैनल को हैक कर लेता था. पूरे मामले की शिकायत नोएडा और दिल्ली के इन्फ्लुएंसर्स ने साइबर सेल से की थी. शिकायत के बाद झारखंड पुलिस ने प्रतिबिंब एप के जरिए आरोपी कुंदन तिवारी को गिरफ्तार किया है. जिन यूट्यूब चैनलों को हैक किया गया, उनके इन्फ्लुएंसर्स हर महीने चैनल से लाखों रुपये कमाते थे. आरोपी का अपना भी यूट्यूब चैनल है और उसके करीब 2.5 लाख सब्सक्राइबर हैं. आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पलामू साइबर थाने में कुंदन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है.

# चतरा लोस क्षेत्र से राजद का स्थानीय प्रत्याशी देने की मांग



**संवाददाता। लातेहार**

चतरा संसदीय क्षेत्र से आगामी लोकसभा चुनाव में राजद का स्थानीय प्रत्याशी देने की मांग को ले कर लोकतंत्र बचाओ 2024 के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने लोकसभा चुनाव के लातेहार प्रभारी जय शंकर पाठक को एक मांग पत्र सौंपा. यह मांग पत्र झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर को संबोधित है. ज्ञापन में बताया गया है कि चतरा लोक सभा क्षेत्र में अभियान द्वारा लगातार वालंटियर प्रशिक्षण, जन सभाओं, यात्राओं, पर्चा वितरण कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया जा रहा है. इस ज़मीनी अनुभव के आधार पर यह मांग की गयी है. मांग पत्र में कहा गया है कि बहुत सालों से सभी मुख्य राजनीतिक पार्टियों ने चतरा लोक सभा क्षेत्र के बाहर के उम्मीदवारों को टिकट दिया है. कभी बिहार से अथवा झारखंड के अन्य जिलों से यहां प्रत्याशी आते रहे हैं. इस पर चतरा लोक सभा क्षेत्र के लोगों को घोर आपत्ति है. प्रतिनिधिमंडल में जॉर्ज मोनिपल्ली, हरि कुमार भगत, जेम्स हेरेंज, जीतेंद्र सिंह आदि शामिल थे.

**राजनीति**

साहिबगंज के उधवा की धरती से भाजपा पर गरजीं कल्पना सोरेन, बोलीं-

# आदिवासियों को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहती भाजपा

**संवाददाता। साहिबगंज**

साहिबगंज के उधवा प्रखंड में बुधवार को हाई स्कूल मैदान में झामुमो कार्यकर्ताओं के मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कल्पना सोरेन ने उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे ससुर शिबू सोरेन का सफर इसी धरती से शुरू हुआ था. इस दौरान उन्होंने एमटी राजा को झामुमो में स्वागत करते हुए झामुमो के लिए जरूरी बताया. उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में राजा ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ मेरा भी साथ दिया. कल्पना ने कहा कि झारखंड झुकेगा नहीं. झारखंड में झामुमो की ही सरकार बनेगी. भाजपा झारखंड में आदिवासियों को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहती है. मोदी सरकार झारखंड राज्य को घृणा की नजरों से



### हेमंत सोरेन का नाम लेते ही भावुक हुईं कल्पना

अपने भाषण के दौरान हेमंत सोरेन का नाम लेते ही कल्पना सोरेन भावुक हो गईं. उन्होंने कहा कि किस तरह से हेमंत सोरेन को भाजपा वालों ने फंसाया है, जनता जानती है. आने वाले समय में हम भाजपा से एक-एक आंसू का बदला लेंगे. कल्पना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अबुआ आवास योजना चालू कर गरीबों को आगे बढ़ाने का काम किया है. कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन, पेयजल आपूर्ति मंत्री मिथलेश ठाकुर, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, सांसद विजय हांसदा ने भी संबोधित करते हुए भाजपा को आड़े हाथों लिया. सभी ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही. इस दौरान आजसू के पूर्व केंद्रीय महासचिव एमटी राजा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ झामुमो में घर वापसी किया. इस मौके पर प्रोफेसर नजरुल इस्लाम, शाहज़हां अंसारी, नेहरुल इस्लाम, अयूब अली, बसंती हांसदा, केताबुद्दीन शेख़ व तमरूद्दीन शेख आदि थे.

### महुलबोराई गांव में महिला किसानों की आमसभा आयोजित

**चक्रधरपुर।** महिला किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने को लेकर नाबार्ड व प्रदान संस्था के तत्वाधान में संचालित एलांग द लांग फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा बुधवार को चक्रधरपुर प्रखंड की केरा पंचायत के महुलबोराई गांव स्थित फुटबॉल मैदान में आमसभा का आयोजन किया गया. इस मौके पर डीडीएम साकेत कुमार ने एलांग द लांग फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. उन्होंने कहा कि ये कंपनी महिला किसानों द्वारा बनायी गई कंपनी है, जिसका संचालन महिला समूह की महिलाएं करती है. इस कार्य में नाबार्ड व प्रदान संस्था सहयोग दे रहा है. उन्होंने कहा कि किसानों को डोर-टू-डोर सस्ते दाम पर बीज, खाद इत्यादि दिए जाते हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

### अभिनेता राम चरण के साथ नजर आएंगी जाह्नवी

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर फिल्म 'आरआरआर' के स्टार अभिनेता राम चरण के साथ अपनी अगली तेलुगु फिल्म में नजर आएंगी. फिल्म निर्माताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी. रामचरण और कपूर की इस तेलुगु फिल्म का नाम 'आरसी 16' है और इसका निर्देशन करेंगे बुच्ची बाबू सना. प्रोडक्शन हाउस 'मैत्री मूवी मेकर्स' ने जाह्नवी कपूर के 27वें जन्मदिन के मौके पर इस फिल्म के बारे में जानकारी साझा की है. बैनर ने पोस्ट में कहा कि आरसी16 का स्वागत.

### पेपर लीक मामले में एक व्यक्ति हिरासत में

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की नोएडा इकाई ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के मामले में शहर निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसे वायु सेना से बर्खास्त कर दिया गया था. पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके से हुई है और उसके पास से एक फर्जी आधार कार्ड, एक असली आधार कार्ड, एक वायुसेना का फर्जी पहचान पत्र, 26 प्रवेश पत्र, 38 बैंक चेक, चार चेकबुक आदि बरामद हुए हैं.

### त्रिशूली नदी में बस गिरने से 7 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के बागमती प्रांत में बुधवार तड़के एक यात्री बस के नदी में गिर जाने से एक महिला समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए. नेपाल के दैनिक समाचारपत्र 'द हिमालयन टाइम्स' की खबर के मुताबिक काठमांडू जा रही यात्री बस पर घाटबेसी इलाके में चालक नियंत्रण नहीं रख सका और वह त्रिशूली नदी में गिर गई. धाडिंग जिला पुलिस कार्यालय के एसपी गौतम केसी के अनुसार इस दुर्घटना में एक महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई.

### हम 'ग्रेटर टिपरालैंड' की मांग नहीं छोड़ेंगे : प्रद्योत

**अगरतला।** टिपरा मोथा पार्टी के प्रमुख प्रद्योत देबबर्मा ने कहा कि वह 'ग्रेटर टिपरालैंड' की मांग नहीं छोड़ेंगे. देबबर्मा ने मंगलवार को राज्य के मूल लोगों की समस्याओं के स्थायी समाधान के वास्ते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में उनकी पार्टी, केंद्र और त्रिपुरा सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के एक दिन बाद यह बात कही. उन्होंने कहा कि हम ग्रेटर टिपरालैंड की मांग नहीं छोड़ेंगे, भले ही इसे हासिल करने में समय लगे.

### सड़क दुर्घटना में दंपति सहित 5 लोगों की मौत

**नल्लागटला।** आंध्र प्रदेश के नांदयाला जिले में बुधवार सुबह एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई, जिससे एक नवविवाहित दंपति सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गयी. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. नांदयाला जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के. रघुवीर रेड्डी ने बताया कि परिवार तिरुपति में एक मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था तभी बुधवार तड़के सवा पांच बजे नल्लागटला गांव में दुर्घटना का शिकार हो गया.







बुधवार को कोलकाता में कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान मेट्रो ट्रेन में स्कूली छात्रों के साथ बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी. -फोटो : पीटीआई

## कोलकाता को दी अनोखी सौगात, पानी के अंदर देश की पहली मेट्रो लाइन भी शामिल

# पीएम ने मेट्रो परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**भाषा। बारासात (पश्चिम बंगाल)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देश में अनेक मेट्रो परियोजनाओं का लोकार्पण किया जिसमें कोलकाता में पानी के अंदर देश की पहली मेट्रो लाइन भी शामिल है. कोलकाता मेट्रो के ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर में 4,965 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड का मोदी ने उद्घाटन किया जो 'किसी भी बड़ी नदी के नीचे देश की पहली परिवहन सुरंग' है. इस खंड में बना हावड़ा मेट्रो स्टेशन, देश का सबसे गहराई में स्थित स्टेशन भी होगा. उद्घाटन कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की. अधिकारियों ने कहा कि सुरंग का नदी के भीतर का हिस्सा 520 मीटर लंबा है और ट्रेन को इसे पार करने में लगभग 45 सेकंड का वक्त लगेगा. एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर समारोह स्थल से प्रधानमंत्री ने देश के सबसे पुराने मेट्रो नेटवर्क कोलकाता मेट्रो के न्यू गरिया-एयरपोर्ट लाइन के कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय खंड और जोका-एस्प्लेनेड लाइन के तारातला-माजेरहाट खंड का भी उद्घाटन किया. एक आधिकारिक बयान के अनुसार माजेरहाट मेट्रो स्टेशन रेलवे लाइन, प्लेटफार्म और एक नहर के ऊपर बना अलग तरह का स्टेशन है. प्रधानमंत्री ने दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के दुहाई-मोदीनगर (उत्तर) खंड, पुणे मेट्रो के रूबी हॉल क्लिनिक-रामवाड़ी खंड, कोच्चि मेट्रो के एसएन जंक्शन से त्रिपुनिथुरा खंड और आगरा मेट्रो के ताज ईस्ट गेट-मनकामेश्वर खंड का भी उद्घाटन किया. प्रधानमंत्री ने पिंपरी चिंचवड़ और निगड़ी के बीच पुणे मेट्रो के विस्तार की आधारशिला भी रखी.

**खास बातें**

- सुरंग का नदी के भीतर का हिस्सा 520 मीटर लंबा है
- सुरंग को पार करने में 45 सेकंड का वक्त लगेगा

### प्रधानमंत्री आज करेंगे श्रीनगर का दौरा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर का दौरा करेंगे और 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत पर्यटन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी. श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में एक समारोह में प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर में कृषि-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये के 'समग्र कृषि विकास कार्यक्रम' राष्ट्र को समर्पित करेंगे.

### बिहार के बेतिया को 12,800 करोड़ की सौगात

**बेतिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया में 12,800 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया. इस दौरान पीएम ने मुजफ्फरपुर-मोतिहारी तक 109 किलोमीटर लंबी इंडियन ऑयल की एलपीजी पाइपलाइन का उद्घाटन किया. यह न सिर्फ बिहार बल्कि पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को भी रसोई ईंधन प्रदान करेगी. उन्होंने मोतिहारी में इंडियन ऑयल के एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और भंडारण डिपो का भी लोकार्पण किया. इसके अलावा अन्य कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया.

### पीएम मोदी ने संदेशखाली की महिलाओं से की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संदेशखाली की महिलाओं के एक समूह से भी मुलाकात की, जहां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगे हैं. मोदी ने इन महिलाओं को न्याय और सुरक्षा का भरोसा दिया. मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एक जनसभा के बाद इन महिलाओं से मुलाकात की. संदेशखाली इसी जिले में स्थित है. मोदी ने उन पांच महिलाओं से मुलाकात की जिन्होंने टीएमसी के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है. मोदी ने कथित अत्याचारों के खिलाफ प्रदर्शन कर रही महिलाओं को 'मां दुर्गा' बताया. भाजपा की महिला मोर्चा द्वारा आयोजित रैली का विषय 'नारी शक्ति वंदन' था.

### वेनेजुएला में 28 जुलाई को होगा राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव

**काराकस।** वेनेजुएला में बहुप्रतीक्षित राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 28 जुलाई को होगा. अधिकारियों ने मंगलवार को यह घोषणा की.
शीर्ष पद के लिए यह चुनाव देश के दिवंगत तेजतर्रार नेता ह्यूगो शावेज की जयंती वाले दिन होगा हालांकि इसमें विपक्ष के प्रमुख उम्मीदवार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों के शामिल होने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है. राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के दोबारा चुनाव मैदान में उतरने की पूरी संभावना है. मादुरो की सरकार ने शुरू में अमेरिकी सरकार द्वारा समर्थित विपक्ष के एक गुट के साथ चुनाव के विवरण को लेकर बातचीत की थी लेकिन बीते दो महीनों में दोनों पक्षों के बीच मतभेद बढ़ गए हैं.

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष का दावा, अमेठी से चुनाव लड़ेंगे राहुल

**अमेठी।** अमेठी जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया है कि पार्टी नेता राहुल गांधी 2024 का लोकसभा चुनाव अमेठी से लड़ेंगे. नई दिल्ली में हुई एक अहम बैठक के बाद लौटे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बुधवार को बताया कि राहुल गांधी ही अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार होंगे जिसकी घोषणा शीघ्र हो जायेगी. सिंघल ने बताया कि चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गयी हैं, कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाने की तैयारी कर रहे हैं.

### रेवाड़ी में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी में रोडवेज की एक बस और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में मारे गये सभी लोग कार सवार थे. पुलिस के मुताबिक, हादसा महेंद्रगढ़ मार्ग पर सीहा गांव के पास उस वक्त हुआ जब कार सवार एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद चरखी दादरी लौट रहे थे.

## अमेरिका ने हूती विद्रोहियों की ड्रोन नौकाओं को मार गिराया



**भाषा। दुबई**

अमेरिकी विध्वंसक ने यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से लाल सागर में दागी गई मिसाइलों और बम ले जानी वाली ड्रोन नौकाओं को मार गिराया. अधिकारियों ने बुधवार सुबह यह जानकारी दी. हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को ये हमले विध्वंसक 'यूएसएस कार्नें' को निशाना बना कर किए थे.

अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने बम ले जाने वाले ड्रोन और एक पोत रोधी बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया. मध्य कमान के मुताबिक, हमले के जवाब में अमेरिका ने भी हवाई हमला किया और जहाज-रोधी तीन मिसाइलों और बम ले जाने वाली तीन ड्रोन नौकाओं को नष्ट कर दिया. हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने हमले की बात को स्वीकार किया और कहा कि दो अमेरिकी युद्ध पोतों को निशाना बनाया गया. सारी ने कहा कि युद्ध और गाजा पट्टी पर फिलिस्तीनी लोगों की घेराबंदी जारी रहने तक हम रुकेंगे नहीं. हमास और इजराइल के बीच जारी युद्ध के दौरान हूती विद्रोही हमास के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पिछले वर्ष नवंबर से लाल सागर से गुजरने वाले वाणिज्यिक पोतों को निशाना बना रहे हैं.

**खास बातें**

- फिलिस्तीनियों की घेराबंदी रहने तक हम रुकेंगे नहीं
- दो अमेरिकी युद्ध पोतों को भी निशाना बनाया गया

## दीदी को बड़ा झटका, सीबीआई को मिली शाहजहां की कस्टडी

**भाषा। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट से बुधवार को बड़ा झटका लगा है. हाईकोर्ट ने शाहजहां शेख को आज 4 बजकर 15 मिनट तक सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था, लेकिन इस डेडलाइन के डेढ़ घंटे बाद शाहजहां को सीबीआई को सौंपा गया. इस बार सीबीआई अपने साथ केंद्र सुरक्षा बल लेकर पहुंची थी. इससे पहले सीआईडी की टीम शाहजहां को मेडिकल के लिए लेकर गई थी. बुधवार को सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस हरीश टंडन और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हम पांच मार्च को दिए गए अपने आदेश को लेकर गंभीर हैं. सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल कर दी गई है लेकिन अब तक हमारे आदेश पर कोई स्टे नहीं आया है इसलिए बुधवार शाम 4.15 मिनट तक शाहजहां को सीबीआई को सौंप दिया जाए. कोर्ट ने कहा कि हमने अवमानना को लेकर नोटिस जारी किया है और दो हफ्ते में बंगाल सीआईडी विभाग को हलफनामे जवाब दाखिल करने को कहा है. कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने दलील दी कि हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश के बावजूद राज्य पुलिस ने इस आदेश का पालन नहीं किया है, आरोपी को यह कहते हुए नहीं सौंपा गया कि मामला सुप्रीम कोर्ट में दायर किया गया था.

सीबीआई ने कहा कि बंगाल पुलिस ने हमारे अधिकारियों को गुमराह करने वाला गलत बयान दिया कि उनकी चुनौती पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी. ईडी ने कहा कि हमें केवल 15 दिनों की हिरासत मिल सकती है. अगर ये दिन बीत गए तो हमारी हिरासत का कोई मतलब नहीं रह जाएगा. इससे पहले ममता बनर्जी सरकार को संदेशखाली और शेख शाहजहां के मामले पर सुप्रीम कोर्ट से भी फौरी राहत नहीं मिली थी.

### सीबीआई को केस देना गलतः ममता

बंगाल की ममता सरकार ने कहा था कि इस मामले में बेबुनियाद आरोप लगाकर सीबीआई को केस ट्रांसफर किया गया जबकि हमारी एसआईटी जांच कर रही थी. राज्य सरकार ने कहा था कि सीबीआई को केस ट्रांसफर करना गलत है. ये सुप्रीम कोर्ट के पुराने आदेशों का उल्लंघन है. राज्य की पुलिस ने इस मामले मे तेजी दिखाई है और इसकी अभी भी जांच चल रही है. वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि पश्चिम बंगाल पुलिस से हाई कोर्ट के आदेश को इस तरह समझा कि हाई कोर्ट ने सिर्फ ईडी के साथ हुई घटना की जांच के लिए एसआईटी बनाने पर रोक लगाई है. इसलिए हमने शाहजहां शेख पर अपनी कार्रवाही जारी रखते हुए उसे गिरफतार कर लिया. ज्ञात हो कि राशन घोटाला मामले में शेख के आवास पर छापेमारी करने पहुंची ईडी अधिकारियों पर करीब 200 स्थानीय लोगों ने हमला किया था.

## आग लगते ही घर में रखा सिलेंडर विस्फोट

# पति-पत्नी समेत जिंदा जलीं तीन बच्चियां, 4 लोग झुलसे



**भाषा। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया है. लखनऊ के काकोरी कस्बे में एक घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गयी. आग लगते ही घर में रखा सिलेंडर विस्फोट कर गया. इस घटना में पति-पत्नी समेत तीन बच्चियां जिंदा जल गयी. वहीं चार लोग बुरी तरह से झुलस गये. चारों का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है, जहां चारों की हालत गंभीर है.

घायलों में इशा (17), लकाब (21), अमजद (34) और अनम (18) शामिल हैं. वहीं मृतकों की पहचान हाता हजरत साहब निवासी मुशीर अली (50), उनकी पत्नी हुस्ना बानो (45), उनकी भतीजी राइया (5), भांजी हिबा (2) और हुमा (3) के रूप में हुई है.

**शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग :** घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि काकोरी के हाता हजरत साहब इलाके में मुशीर अली के घर में मंगलवार रात शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गयी. आग लगते ही सिलेंडर में धमाका हुआ. जब तक लोग घर से बाहर निकल पाते, तब तक आग पूरे घर में फैल गयी. हादसे में नौ लोग जिंदा जल गये. आनन-फानन में सभी को अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने दंपती समेत पांच लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. वहीं गंभीर रूप से झुलसे चारों लोगों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**



# ऐसे बन सकते हैं भारतीय रेलवे में लोको पायलट

**रजनीश प्रसाद**

लोको पायलट का पद भारतीय रेलवे में एक सीनियर स्तर का पद होता है. लोको पायलट वह व्यक्ति होते हैं, जो ट्रेन के परिचालन और आने-जाने के दौरान ट्रेन के उचित रखरखाव के लिए जिम्मेदार होते हैं. ट्रेन में बैठे लोगों की सुरक्षा की जिम्मेवारी लोको पायलट की होती है. लोको पायलट पद हासिल करनेवाले उम्मीदवार को सीधे लोको पायलट का पद नहीं दिया जाता है. भारतीय रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट नियुक्त करने के लिए प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन करता है. इसके बाद कैंडिडेट को लोको पायलट पद के लिए प्रमोट किया जाता है. उसके बाद अभ्यर्थी को सीनियर लोको पायलट का पोस्ट दी जाती है.

### कौशल

- तकनीकी कौशल
- महत्वपूर्ण विचार कौशल
- शारीरिक फिटनेस

### लोको पायलट

- पावर कंट्रोलर
- चालक दल नियंत्रक
- लोको फायरमैन
- सहायक लोको पायलट
- वरिष्ठ सहायक लोको पायलट



### लोको पायलट बनने की प्रक्रिया को जानें

- **10+2 उत्तीर्ण :** इच्छुक उम्मीदवार को 10+2 या इसके संतुल्य कोई अन्य मान्कोयता प्राप्त पाठ्यक्रम पूरा करना चाहिए या या किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से एसएससी परीक्षा या उसके बराबर उत्तीर्ण होना जरूरी है. छात्रों को किसी भी मान्यता प्राप्त भारतीय बोर्ड से कम से कम 50 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा पास होना जरूरी है.
- **एसोसिएट डिग्री :** यदि छात्र बैचलर्स डिग्री प्राप्त करने का विकल्प चुनते हैं, तो उन्हें विभिन्न एजुकेशनल संस्थानों की विशिष्ट योग्यता से संबंधित आवश्यकताओं को भी पूरा करना चाहिए. अंक और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के पहलु में चयन प्रक्रिया यूनिवर्सिटी से काफी अलग होते हैं. साइंस डिग्री या सर्टिफिकेट में एक स्टैंडर्ड एसोसिएट में रेलमार्ग, रेल रोड टेक्नोलॉजी, रेल परिवहन, सेफ्टी, ऑपरेशनल लॉ और ग्राउंड स्कूल की हिस्ट्री के कोर्सेज शामिल हैं.
- **आईटीआई प्रोग्राम :** लोको पायलट को नेशनल काउसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग या स्टेट काउंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग द्वारा स्वीकृत संस्था से आईटीआई प्रोग्राम में क्वालीफाई होना जरूरी है. वे ऑल इंडिया काउसिंल फॉर टेक्निकल एजुकेशन से मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल या ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग विषयों में इंजीनियरिंग डिप्लोमा भी कर सकते हैं.

माँ क्लीनिक
डॉ. डी. बी. बैरागी
बिना बताये शराब छुड़ायें
बिना ऑपरेशन किये
हाइड्रोसील, बवासीर, भगन्दर
जितना भी पुराना या बड़ा हो उसका बिना ऑपरेशन किये शर्तिया इलाज किया जाता है
स्त्री एवं पुरुष गुप्त रोग
बीमारी ठीक नहीं होने पर पैसे वापस
रातू रोड, रामविलास पेट्रोल पम्प के सामने, रांची
9470997766
9155997766

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)